सूर्योदय 6:46 सूर्यास्त 5:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.3 न्यू | 17.3 अधि |
| धर्मशाला | 9.4 न्यू | 23.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77339.01 |
| निफ्टी | 23453.80 |
| सोना 76,310 | चांदी 92,324 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




अनुराग ठाकुर ने 'आप' की तुलना 'अली बाबा चालीस चोर' से की

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 19 नवंबर 2024 | 4 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 333, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### 'इमरजेंसी' फिल्म 17 जनवरी को होगी रिलीज



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री व भाजपा सांसद कंगना रनौत ने सोमवार को अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'इमरजेंसी' के 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने की घोषणा की। अभिनेत्री व फिल्म निर्माता ने एक महीने पहले कहा था कि फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से सेंसर प्रमाण पत्र मिल गया है। इससे पहले यह फिल्म छह सितंबर को रिलीज नहीं हो पाई थी। रनौत ने 'एक्स' के अपने आधिकारिक पेज पर फिल्म की रिलीज की तारीख साझा की।

### कैलाश गहलोत हुए भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत '(आप' से इस्तीफा देने के एक दिन बाद सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने अपनी पूर्व पार्टी पर केंद्र के साथ लगातार लड़ाई करने और उन मूल्यों से समझौता करने का आरोप लगाया, जिनकी वजह से लोग पार्टी की ओर झुकाव रखते हैं। वह केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की उपस्थिति में भाजपा मुख्यालय में पार्टी में शामिल हुए।

### इसरो के जीसैट-एन2 के लिए उल्टी गिनती शुरू

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के उन्नत संचार उपग्रह जीसैट-एन2 कोस्पेसएक्स को अमरीका के फ्लोरिडा में केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के स्पेस लांच कांप्लेक्स 40 (एसएलसी-40) से जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में प्रक्षेपित करने के लिए उलटी गिनती शुरू हो गई। जीसैट-20 इसरो की ओर से विकसित एक संचार उपग्रह है। इसे स्पेसएक्स फाल्कन 9 लांच करेगा। यह फाल्कन की 19वीं उड़ान होगी।

### छह दिसंबर को दिल्ली कूच करेंगे किसान

**चंडीगढ़।** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) ने सोमवार को घोषणा की कि किसान फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत अपनी विभिन्न मांगों को स्वीकार कराने के लिए केंद्र पर दबाव बनाने को लेकर छह दिसंबर को दिल्ली की ओर मार्च करेंगे। यह निर्णय यहां किसान नेताओं की एक बैठक में लिया गया। प्रदर्शनकारी किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं।

### अमेरिका में लॉरेंस का भाई अनमोल गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल की अमेरिका में पकड़ा है। अनमोल को कैलिफोर्निया में अरेस्ट किया है। अनमोल पर सलमान खान के घर फायरिंग कराने का आरोप है। सिंगर सिद्धू मूसेवाला के मर्डर में भी अनमोल का नाम आया था।


**अनंत ज्ञान**

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- नड्डा के गृह जिले में सेंध लगाने को तैयार सुक्खू सरकार -पेज 3
- नशा तस्कर की 1.43 करोड़ की संपत्ति सीज -पेज 5
- बच्चों के साथ मारपीट मामले की डीएसपी सलूणी करेंगे तफ्तीश -पेज 7
- भराड़ी स्कूल के अध्यापक ने स्कूली छात्राओं से की छेड़छाड़ -पेज 9
- ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान का किया सूपड़ा साफ -पेज 14


# जी-20 सम्मेलन : ब्राजील में भारतीय संस्कृति का उत्सव

## पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर विश्व के नेताओं से की उपयोगी बातचीत

**एजेंसी, रियो डि जेनेरियो**

**ब्राजील** के रियो डि जेनेरियो में हो रहे जी-20 देशों के सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शानदार स्वागत हुआ। इस दौरान वहां भारतीय संस्कृति का उत्सव देखने को मिला।

मोदी ने सम्मेलन के बहाने विश्व के नेताओं से कई मुद्दों पर उपयोगी बातचीत की। तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री मोदी के यहां पहुंचने पर मेजबान ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने गले मिलकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। दोनों नेता कंधे पर हाथ रखकर काफी देर तक बातचीत करते रहे। इस दौरान दोनों नेताओं की बांडिंग भी देखने को मिली।

जी-20 समिट के पहले सेशन का मुद्दा 'भुखमरी और गरीबी के खिलाफ एकजुटता' है। इस इकोनॉमिक संगठन में 19 देश और 2 संगठन (यूरोपियन यूनियन और अफ्रीकन यूनियन) शामिल हैं। पिछली बार जी-20 समिट का आयोजन भारत में हुआ था। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी इस सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं।



प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते मेजबान ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा।

### भारतीय मूल के लोगों ने मंत्रोच्चार से किया स्वागत

**ब्राजील** में भारतीय मूल के लोगों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यहां पहुंचने पर मंत्रोच्चार के साथ उनका स्वागत किया। ब्राजील में उनके स्वागत के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि ब्राजील में भारतीय संस्कृति का उत्सव। रियो डी जेनेरियो में इस स्मरणीय स्वागत के लिए आभार। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय की ओर से गर्मजोशी और उत्साह के साथ किए गए स्वागत से मैं बेहद अभिभूत हूं। उनकी ऊर्जा उस स्नेह को दर्शाती है, जो महाद्वीपों के पार भी हमें आपस में बांधकर रखता है।



# नई करूणामूलक रोजगार नीति बनाएगी सरकार: सुक्खू

## आदेशः आवेदकों का विभागवार ब्यौरा संकलित कर प्रस्तुत करें अधिकारी



अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार एक नई करूणामूलक रोजगार नीति बनाने पर विचार कर रही है।

उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान अपने परिवार के सदस्यों को खोने वाले लोगों को रोजगार देने के लिए सरकार सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण से कार्य कर रही है। उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुक्खू ने अधिकारियों को आवेदकों का विभागवार ब्यौरा संकलित कर प्रस्तुत करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अधिक से अधिक आवेदकों को लाभान्वित करने के लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विधवाओं और अनाथों को अनुकंपा के आधार पर रोजगार प्रदान करने में प्राथमिकता देकर आश्रितों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

### कर्मचारियों के कल्याण के लिए उठाए कदम

**सुक्खू** ने कहा कि सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। पहली कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार ने सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया है, ताकि सेवानिवृत्ति के बाद वह सम्मानजनक जीवन जी सकें। सरकार के दो साल के कार्यकाल के भीतर सभी सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को 11 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया है। बैठक में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार सचिव एम. सुधा देवी, राकेश कंवर और सचिव विधि शरद कुमार लग्वाल उपस्थित रहे।

### महाराष्ट्र और झारखंड में थमा चुनाव प्रचार

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड में सोमवार शाम से चुनावी शोर समाप्त हो गया है। महाराष्ट्र की सभी विधानसभा सीटों और झारखंड के दूसरे चरण की सीटों के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। वहीं, दोनों राज्यों की सभी सीटों के लिए मतों की गणना 23 नवंबर को होगी। झारखंड के दूसरे चरण में 38 सीटों पर वोटिंग होगी। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महाविकास अघाड़ी के बीच मुख्य लड़ाई है। दोनों गठबंधन में कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। महायुति को जहां लड़की बहन योजना और ध्रुवीकरण से आस है तो वहीं महाविकास आघाड़ी को सत्ता विरोधी मिजाज और अपने लुभावने वादों से उम्मीद है।

## सचिव को सुप्रीम कोर्ट का आदेश, दया याचिका राष्ट्रपति के सामने रखें

# अनुरोध : बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका पर दो सप्ताह में फैसला लें राष्ट्रपति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने राष्ट्रपति के सचिव को बेअंत हत्याकांड के दोषी बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका राष्ट्रपति के समक्ष रखने का निर्देश दिया।



कोर्ट ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि राजोआना की दया याचिका पर दो सप्ताह में फैसला ले लें। दरअसल, मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सचिव को निर्देश दिया कि वह 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में मौत की सजा पाने वाले बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका को राष्ट्रपति के सामने विचार के लिए रखें। न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ ने राष्ट्रपति से दो सप्ताह के भीतर याचिका पर विचार करने का अनुरोध किया। राजोआना को 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई गई थी। बेअंत सिंह का कत्ल 31 अगस्त 1995 को किया गया था।

बलवंत सिंह राजोआना के बयान के अनुसार, उसने और पंजाब पुलिस के मुलाजिम दिलावर सिंह ने बेअंत सिंह को मानव बम से उड़ा दिया था। दिलावर सिंह ने मानव बम बनकर बेअंत सिंह पर हमला किया था। साजिश इस तरह रची गई थी कि अगर दिलावर फेल हो जाता तो राजोआना की तरफ से हमला किया जाना था। कोर्ट ने राजोआना को फांसी की सजा सुनाई थी।

### रंगड़ों के हमले से 81 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**झंडूता।** बिलासपुर जिले के उपमंडल झंडूता के नघ्यार गांव में रंगड़ों के हमले से 81 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान निक्का राम के रूप में हुई है। निक्का राम शाम को खेत में झाड़ियां काट रहे थे, तभी रंगड़ों ने हमला कर दिया। बुजुर्ग को गंभीर हालत में उनके परिजनों ने बड़सर अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें हमीरपुर अस्पताल रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने रंगड़ों के हमले से बुजुर्ग की मौत की पुष्टि की है। रंगड़ों के हमले से होने वाली इस दुखद घटना ने ग्रामीणों को स्तब्ध कर दिया है। यह घटना वन्य जीवों से होने वाली मानव जीवन को खतरे में डालने वाली घटनाओं की गंभीरता को दर्शाती है।

# संजौली मस्जिद मामले में वक्फ बोर्ड से मांगा एफिडेविट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अब 22 को फिर होगी सुनवाई**

**नगर** निगम आयुक्त के संजौली मस्जिद को गिराने के फैसले के खिलाफ ऑल हिमाचल मुस्लिम ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख नजाकत अली की ओर से दायर याचिका पर सोमवार को जिला अदालत में सुनवाई हुई।

याचिका में आरोप लगाया है कि आयुक्त का फैसला त्रुटिपूर्ण है और इसे पुनः जांच के लिए वापस भेजा जाना चाहिए। तर्क दिया है कि नगर निगम आयुक्त ने यह फैसला संजौली मस्जिद कमेटी की ओर से प्रस्तुत हलफनामे के आधार पर सुनाया है। याचिकाकर्ता ने इसे पक्षपातपूर्ण और गलत ठहराते हुए जिला अदालत से हस्तक्षेप की मांग की है। वहीं, जिला अदालत ने मस्जिद विवाद में वक्फ बोर्ड से स्पष्टीकरण मांगते हुए एफिडेविट जमा करने को कहा है। अदालत ने मस्जिद कमेटी के प्रधान मोहम्मद लतीफ की वैधता पर सवाल उठाए कि क्या उन्हें वक्फ बोर्ड की ओर से अधिकृत किया गया था। मामले की अगली सुनवाई 22 नवंबर को होगी। इस दौरान वक्फ बोर्ड द्वारा एफिडेविट जमा करने और अन्य पक्षों की दलीलें सुनी जाएंगी।

# एचपीटीडीसी को पैसा मिलना हुआ शुरू

## 'अनंत ज्ञान' में खबर छपने से हुआ असर, दो दिन में तीन जिलों से लाखों की रिकवरी

**शुभम राही, बिलासपुर**

**हिमाचल** प्रदेश पर्यटन विकास निगम यानी एचपीटीडीसी के चार जिलों में फंसे लाखों रुपए वापस आना शुरू हो गए हैं। 'अनंत ज्ञान' दैनिक समाचार पत्र ने एचपीटीडीसी के पैसे पर अधिकारियों ने मारी कुंडली खबर को प्रमुखता को प्रकाशित किया था।

खबर छपने के तुरंत बाद हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी और कुल्लू जिले के बड़े अधिकारी हरकत में आए और दो दिन के भीतर एचपीटीडीसी को लाखों रुपए की रिकवरी हुई है। निगम को एचपीसीए के 28,348 रुपए, कन्या स्कूल बिलासपुर 10302, नेरचौक मेडिकल कॉलेज से 79354 और बीएमओ नादौन से 14507 रुपए मिले हैं। निगम के अधिकारियों का कहना है कि डीसी ऑफिस हमीरपुर और कुल्लू की पेमेंट आना बाकी है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही पेंडिंग पेमेंट आ जाएगी। गौरतलब है कि एचपीटीडीसी ने 48 घंटे के भीतर रिकवरी के आदेश जारी किए हैं। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के 12 नवंबर के आदेशों के तहत इसे लेकर निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने सभी होटल यूनिट प्रबंधकों को आदेश जारी किए हैं। आदेशों में स्पष्ट कहा कि सरकारी विभागों, बोर्ड और निगमों से जो पैसे की रिकवरी करनी है, उसे 30 नवंबर तक पूरा कर लिया जाए। पर्यटन विकास निगम के होटलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के एवज में देनदारियां न चुकाने के कारण निगम का घाटा बढ़ता जा रहा है। घाटा अधिक होने की वजह से निगम अपने कर्मचारियों व पेंशनर की देनदारी नहीं चुका पा रहा। (अनंत ज्ञान)



हमीरपुर डीसी ऑफिस की एचपीटीडीसी पर 5 लाख की देनदारी

पर्यटन निगम के लाखों रुपए पर सरकारी विभागों ने मारी है कुंडली

हमीरपुर के अलावा 5 और जगह से नहीं हुआ भुगतान

कर्मचारियों व पेंशनर्स पर निगम की देनदारी

पेंडिंग पेमेंट के लिए बार बार किया पत्राचार

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

'अनंत ज्ञान' में 16 नवंबर को छपी खबर।

> निगम को कुछ पेमेंट आ गई है। डीसी ऑफिस हमीरपुर और कुल्लू की ओर से पेमेंट आना बाकी है। यह पेमेंट भी जल्द हो जाएगी।
>
> **तुलसी राम, मैनेजर व डीडीओ, एचपीटीडीसी बिलासपुर**

# मणिपुर हिंसा से तनावपूर्ण माहौल : एक प्रदर्शनकारी की मौत, दो दिन स्कूल बंद

## केंद्र भेजेगा सीआरपीएफ की 50 और कंपनियां, इंटरनेट पर बैन बढ़ाया

**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** में हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। जिरिबाम जिले में एक मैतेई प्रदर्शनकारी की सुरक्षाबलों की गोली लगने से मौत हो गई, जिसके बाद हालात और खराब हो गए हैं। इसे देखते हुए राज्य के स्कूलों में में 2 दिन के लिए छुट्टी कर दी गई है। इंटरनेट बैन को भी दो दिन बढ़ा दिया है। वहीं, केंद्र सरकार ने हालात पर काबू पाने के लिए सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) की 50 कंपनियां (5 हजार जवान) मणिपुर भेजने का फैसला लिया है। मणिपुर में 3 महिलाओं और 3 बच्चों के शव मिलने के बाद से प्रदर्शन जारी है। हिंसा को देखते हुए 7 जिलों इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर, थौउबल, काकचियांग, कांगपोकपी और काकचियांग में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू है।



### शाह ने सुरक्षा स्थिति का लिया जायजा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन मणिपुर की सुरक्षा स्थिति और वहां सुरक्षाबलों की तैनाती की समीक्षा की। शाह ने शीर्ष अधिकारियों को जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में जल्द से जल्द शांति एवं व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया।

**फटकार** दिल्ली में वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, ग्रैप-4 लागू करने में देरी पर सरकार को लताड़ा

# हमसे पूछे बगैर ग्रैप-4 नहीं हटेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**12वीं कक्षा तक स्कूलों को बंद करने का लें फैसला**

**राजधानी** दिल्ली में वायु प्रदूषण रोकने के उपायों को लागू करने की मांग की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि राजधानी दिल्ली में ग्रैप 4 लागू करने में इतनी देरी क्यों हुई।

मामले की सुनवाई जस्टिस एएस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने की। कोर्ट की ओर से दिल्ली सरकार के वकील से पूछा गया कि ग्रैप तंत्र क्यों नहीं लागू किया गया? जैसे ही एक्यूआई 401 को पार करता है, स्टेज 3 लागू कर दिया जाना चाहिए। यह 13 तारीख को हुआ था। इसके जवाब में दिल्ली सरकार की ओर कहा गया कि हमने राजधानी में ग्रैप 4 लागू कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर रीजन में सरकार को निर्देश दिया है कि प्रदूषण की गंभीर स्थिति देखते हुए 12वीं तक के स्कूल बंद करने पर फैसला लें। एक्यूआई का स्तर नीचे लाने के लिए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) स्टेज 3 और स्टेज 4 के सभी जरूरी प्रतिबंधों को लागू किया जाए।



### निर्देश

- दिल्ली, हरियाणा और यूपी राज्य सरकारें स्टेज 4 के प्रतिबंध तुरंत लगाएं और इनका सख्ती से पालन किया जाए।
- एक टीम बनाई जाए, जो स्टेज 4 के लागू होने पर नजर रखे
- अगर किसी प्रतिबंध का उल्लंघन किया जाता है, तो ऐसे केस सुलझाने के लिए मैकेनिज्म बनाया जाए।
- जब तक हम अगला आदेश नहीं देते, तब तक स्टेज 4 ग्रैप लागू रहना चाहिए, भले एक्यूआई 450 से नीचे आ जाए। 10वीं और 12वीं की कक्षाएं अभी भी लग रही है, एनसीआर में शामिल राज्य सरकारें तुरंत स्कूल बंद करने पर फैसला लें।

### पराली जलाने से हालात हुए खराब: आतिशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर पर पहुंचने को लेकर चिंता जताई। आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा के शासन वाले' कई राज्यों में बड़े पैमाने पर पराली जलाने से हालात खराब हुए हैं। हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्यों में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने घोषणा की कि 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को छोड़कर अन्य सभी के लिए प्रत्यक्ष कक्षाएं स्थगित रहेंगी। वहीं, दिल्ली में सोमवार को जहरीली धुंध की मोटी परत छाने से एक्यूआई 484 पर पहुंच गया। खराब दृश्यता के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर कई विमानों ने देरी से उड़ान भरी, जबकि 14 उड़ानों के मार्ग में बदलाव करना पड़ा।

# जम्मू-कश्मीर में लश्कर का आतंकी व सहयोगी गिरफ्तार

**एजेंसी, श्रीनगर**

**आतंकी के पास से गोला बारूद और हथियार बरामद**

**जम्मू**-कश्मीर के पुलवामा एवं बारामूला जिलों में दो अलग-अलग अभियानों में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी और आतंकवादियों के लिए काम करने वाले एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि (पुलवामा जिले में) अवंतीपोरा क्षेत्र के त्राल में सुरक्षाबलों के साथ मिलकर पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से पिस्तौल, 18 गोलियां और दो मैगजीन समेत अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। सीआरपीएफ के साथ मिलकर पुलिस ने त्राल थानाक्षेत्र में पिंगलिश गांव से आतंकी इरशाद अहमद चोपान को गिरफ्तार किया है। 24 अक्टूबर को गैर-स्थानीय मजदूर शुभम कुमार को गोली मारकर घायल करने के मामले में शामिल था।



## न्यूज ब्रीफ

### चार लड़कों ने लात-घूंसों से पीटा एक युवक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** ढली में एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आशीष कंवर गांव मझराणा डाकघर भराणा तहसील ठियोग जिला शिमला ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि वह शराब खरीदने के लिए ढली टनल वाइन शॉप में गया। वाइन शॉप के पास एक ढाबा (अहाता) है। जैसे ही वह शराब खरीदने के बाद अहाता में गया, कुछ लोग परिसर में बैठकर शराब पी रहे थे, जिनमें से एक लड़का जिसका नाम प्रीतम है जो रोहड़ू का रहने वाला है वहां मौजूद था। प्रितम उससे कई महीने पहले मिला था। उसका उसके साथ कुछ झगड़ा हुआ था। जैसे ही प्रितम ने उसे देखा वह उसके साथ लड़ने के लिए आया। प्रथम ने उसे रोका और पीटना शुरू कर दिया और उसी समय परिसर में बैठे तीन-चार अन्य लड़के भी बाहर आ गए और सभी ने उसे पीटना शुरू कर दिया और उसे सड़क पर गिरा दिया और लात-घूंसों से पीटा। जिससे उसके चेहरे और शरीर पर चोटें आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### ओल्ड स्टूडेंट एसो. के लिए बिना सूद बने प्रेजिडेंट



**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जो 1977 से पहले यहां पर एसडीबी कॉलेज होता था उसके छात्रों को दोबारा मिलने का अवसर प्रदान किया गया और यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में जो आरपीसी एसडीबी कॉलेज छात्र मिलकर एक ओल्ड स्टूडेंट संगठन की रजिस्ट्रेशन भी कि जाए। इस कार्यक्रम में जो आयोजन में मुख्य भूमिका राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला की प्रिंसिपल अनुरीता सक्सेना की रही जिनके यह प्रयास से यह कोशिश हुई की आरसी एसडी बी कॉलेज स्टूडेंट्स की एक ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन बनाई। अप्रैल माह में इसकी प्रक्रिया शुरू हुई थी और इसी संदर्भ में यहां आज एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जोआरपीसी एसडीबी कॉलेज ओल्ड स्टूडेंट की संगठन की रजिस्ट्रेशन के लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया, उस कमेटी में बिना सूद को प्रेजिडेंट बनाया। इसके अलावा डॉक्टर नरेंद्र बिष्ट वाइस प्रेजिडेंट बनाया गया। भवनेश बांगा को जनरल सैक्रेटरी बनाया गया और नरेंद्र तंवर को ज्वाइंट सेक्रेटरी की भूमिका दी। इस अवसर पर इस कॉलेज के दो विशिष्ट पूर्व प्राध्यापक को प्रोफेसर श्याम सुंदर और प्रोफेसर उषा बंदे को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया और उनका कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

### रामपुर में भालुओं का आतंक, पिंजरे में फंसा भालू का बच्चा

**शिमला।** रामपुर उपमंडल के कई ग्रामीण इलाकों में भालुओं के आतंक से ग्रामीण सहमे हुए हैं। वन विभाग ने भालुओं की समस्या से निपटने के लिए पहली बार एनाइडर सिस्टम स्थापित किया है। यदि सिस्टम कारगर रहा तो आने वाले समय में वन विभाग जंगली जानवरों से निपटने के लिए इस प्रणाली का इस्तेमाल करेगा। अब तक प्रदेश के सिरमौर जिले में हाथियों से फसलों को बचाने के लिए इस एनाइडर सिस्टम लगाए गए हैं। रामपुर की शाहधार पंचायत में बीते तीन माह से भालू ने 20 गाय पर जानलेवा हमले कर उन्हें मौत के घाट उतारा है, जबकि तीन लोगों को मादा भालू ने हमला कर जख्मी किया है। इसे देखते हुए वन विभाग रामपुर ने शाहधार पंचायत में यह सिस्टम पायलट परियोजना के तहत स्थापित किया है। वहीं, विभाग ने भालू के एक बच्चे को पिंजरे में पकड़ा है, जिसे सराहन में वन विभाग की देखरेख में रखा गया है। वन विभाग की रेपिड रेस्क्यू टीम दिन रात भालू की निगरानी कर रही है।

गौर हो कि उपमंडल की शाहधान पंचायत में भालू के आतंक से ग्रामीण सहमे हुए हैं। यहां एक मादा भालू ने गौशालाओं को तोड़कर 20 गाय को मौत के घाट उतारा है। साथ ही तीन ग्रामीणों पर भी भालू ने हमला किया है। हालांकि ग्रामीणों द्वारा उकसाने या अचानक आमना-सामना होने पर ये हमले हुए हैं। तीन माह से लगातार भालू की आवाजाही आबादी वाले क्षेत्रों में हो रही है।

### लोकनृत्य में घुमारवीं स्कूल की छात्राएं अव्वल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जुखाला में आयोजित जिला स्तरीय बाल मेले में कन्या पाठशाला घुमारवीं की छात्राओं ने लोकनृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, ऋषिकेश स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय बाल विज्ञान मेले में 9वीं कक्षा की अल्पना बंसल ने स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान तथा ग्यारहवीं कक्षा की सृष्टि ने निबंध लेखन में दूसरा स्थान हासिल किया। प्राथमिक वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं में राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला घुमारवीं के छात्र-छात्राओं की पनोह स्कूल में आयोजित खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बैडमिंटन में प्रथम स्थान तथा कबड्डी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी पाठशाला की छात्र-छात्राओं ने खो-खो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर की दौड़ में कक्षा 5 की अंजनी तथा राहुल ने प्रथम स्थान तथा 50 मीटर की दौड़ में शिवांश कक्षा तीन ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, क्विज कंपटीशन में नित्य कक्षा पांचवीं ने प्रथम स्थान तथा भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 5 के गर्वित ने दूसरा स्थान तथा एलमश रतन कक्षा 5 ने भी दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य परमजीत शर्मातथा केंद्रीय मुख्य शिक्षिका ने बच्चों को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया।

### बिलासपुर की छात्राओं ने झटका दूसरा स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में 47वीं इंटर कॉलेज में एनुअल एथलीट मीट का आयोजन 13 नवंबर से 15 नवंबर तक किया गया। इसमें राजकीय महाविद्यालय पुरुष और महिला वर्ग के 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतिस्पर्धा में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की छात्राओं ने दूसरा स्थान हासिल किया। पल्लवी चंदेल ने लंबी कूद प्रतियोगिता में नया विश्वविद्यालय रिकॉर्ड 5.46 मीटर बनाया और अमन सिंह ने 6.94 मीटर का नया रिकॉर्ड बनाया व 400 मीटर रिले रेस में छात्राओं ने गोल्ड मेडल अर्जित किया। तीन गोल्ड, तीन सिल्वर, तीन ब्रॉन्ज मेडल के साथ ओवरऑल गर्ल्स सेक्शन ने दूसरा स्थान अर्जित किया। 15 सदस्यीय टीम का प्रतिनिधित्व प्रोफेसर राजीव कुमार ने किया।



### प्राचार्य पीएस कटवाल को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के समस्त शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों के द्वारा नवनियुक्त प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल को कार्यभार संभालने पर सम्मानित किया गया। डॉ. पीएस कटवाल मई, 2024 से महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य का पदभार संभाल रहे थे और 14 नवंबर को सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के पश्चात उन्होंने उसी दिन विधिवत तरीके से महाविद्यालय बिलासपुर के प्राचार्य का पदभार संभाला। डॉक्टर कटवाल ने भावुक होते हुए कहा कि कभी नहीं सोचा था कि जिस महाविद्यालय से मैं एक छात्र के तौर पर निकला था, उसी का मुझे प्राचार्य बनने का मौका मिलेगा। उनकी यही कोशिश रहेगी कि सरकार के द्वारा उन्हें जिस कार्य के लिए चयनित किया गया है, वे उसके साथ न्याय कर सकें। साथ ही उन्होंने समस्त महाविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों को अपना सहयोग देने के लिए धन्यवाद किया।

### परख सर्वे-24 से पहले आज प्रदेश के स्कूलों में होगा तीसरा मॉक टेस्ट

# मॉक टेस्ट से परखी जाएगी स्कूली बच्चों के सीखने की क्षमता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

4 दिसंबर को होने जा रहे परख सर्वेक्षण -24 परख से पहले स्कूलों में बच्चों के लिए तीसरा मॉक टेस्ट आज मंगलवार को कराया जा रहा है। मॉक टेस्ट में अबकी बार सरकारी स्कूलों के साथ निजी स्कूलों के बच्चे भी शामिल होंगे। मॉक टेस्ट के लिए समग्र शिक्षा ने पूरी तैयारियां कर ली हैं।

स्कूली बच्चों के सीखने की क्षमता जांचने के लिए 4 दिसंबर को होने वाले परख सर्वे के लिए प्रदेश के स्कूलों में बड़े स्तर पर तैयारियां कराई जा रही हैं। इसका आकलन करने के लिए समग्र शिक्षा 19 नवंबर को मॉक टेस्ट कराने जा रहा है। यह मॉक टेस्ट सुबह 10.30 बजे शुरू होगा जो कि ओएमआर शीट पर कराया जाएगा। टेस्ट में करीब 18 हजार स्कूलों के बच्चे शामिल होंगे। मॉक टेस्ट के माध्यम से



तीसरी व छठी कक्षा के बच्चों का भाषा, गणित और द वर्ल्ड अराउंड अस (ईवीएस) और 9वीं कक्षा के बच्चों का भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों का ज्ञान परखा जाएगा।

समग्र शिक्षा की ओर से इसके लिए ओएमआर शीट और अन्य सामग्री स्कूलों को उपलब्ध कराई गई है। इससे पहले स्कूलों में दो मॉक टेस्ट कराए जा चुके हैं। पहला मॉक टेस्ट 10 सितंबर और दूसरा 9 अक्तूबर को कराया गया था। इन दोनों टेस्ट की रिपोर्ट तैयार कर इनमें पाई गई कमियां दूर करने के लिए जरूरी निर्देश स्कूलों को जारी किए गए।

#### बच्चों की प्रैक्टिस के लिए लगाए जा रहे जीरो ऑवर

**परख** सर्वे के लिए बच्चों की प्रैक्टिस कराने के लिए प्रदेश के सभी स्कूलों में जीरो ऑवर (जीरो पीरियड) लगाए जा रहे। समग्र शिक्षा की ओर से परख सर्वे में आने वाले संभावित प्रश्नों पर सामग्री तैयार कर इनको स्कूलों को उपलब्ध कराया गया है ताकि इनके मुताबिक बच्चों की प्रैक्टिस कराई जा सके। विद्या समीक्षा केंद्र के अभ्यास चैटबॉट पर भी स्कूलों को बच्चों की क्षमता संबंधी सवाल उपलब्ध कराए गए हैं। दिसंबर माह में होने वाला परख सर्वेक्षण ओएमआर शीट पर होगा, ओएमआर शीट पर बच्चों की प्रैक्टिस भी कराई जा रही है।

#### सरकार परख सर्वेक्षण को लेकर गंभीर

**प्रदेश** सरकार परख सर्वेक्षण को लेकर बेहद गंभीर है। स्वयं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर इसकी तैयारियों की कमान संभाले हुए हैं। शिक्षा मंत्री अधिकारियों के साथ लगातार बैठक कर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि स्कूली स्तर पर बच्चों की लगातार प्रैक्टिस हो। शिक्षा मंत्री ने 13 सितंबर को वर्चुअल मीटिंग से एक साथ सरकारी स्कूलों के करीब 10 हजार से ज्यादा शिक्षकों के साथ संवाद कर परख सर्वेक्षण की तैयारियों के संबंध निर्देश जारी किए। परख सर्वेक्षण में निजी स्कूलों के बच्चे भी शामिल होंगे। इसके चलते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बीते 7 नवंबर को वेबिनार के माध्यम से निजी स्कूलों के साथ भी संवाद किया।

## आश्रम में घुसे भू-माफिया, सीएम से नहीं मिली मदद : रामकृष्ण मिशन

**अनंत ज्ञान, शिमला**



जानकारी देते हुए गणमान्य।

आश्रम में घुसे लोग भू-माफिया है। मुख्यमंत्री और मंत्रियों को फोन मिलाए मगर कोई मदद नहीं मिली। यह बात शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान रामकृष्ण मिशन ने कही। उन्होंने कहा कि यह मामला रामकृष्ण मिशन और ब्रह्म समाज के बीच विवाद का नहीं है। आश्रम में घुसे लोग भू-माफिया हैं।

हिमालय ब्रह्म समाज का कोलकाता में शुरू हुए ब्रह्म समाज से कोई नाता नहीं है। हिमालय ब्रह्म समाज के असल ट्रस्टी हमारे साथ है। इस दौरान मिशन ने सरकार और प्रशासन पर उनकी अनदेखी करने का भी आरोप लगाया है। रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव तन्महिमानंद ने कहा कि आश्रम में जब यह लोग घुसे तो उन्होंने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, अनिरुद्ध सिंह और मुख्य सचिव को फोन मिलाया मगर किसी ने फोन नहीं उठाया। आखिर में उन्हें नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से मदद मांगनी पड़ी। साथ उन्होंने पुलिस प्रशासन पर भी उनकी अनदेखी करने और मामले को राजनीतिक रंग देने आरोप लगाया है। रामकृष्ण

**ब्रह्म समाज और रामकृष्ण मिशन के बीच का नहीं शिमला में हुआ विवाद**

मिशन का कहना है कि हिमालय ब्रह्म समाज का कोलकाता में शुरू हुए ब्रह्म समाज से कोई नाता नहीं है यह स्वतंत्र रूप से हिमाचल में काम कर रहा है साल 2014 में हिमालय ब्रह्म समाज के ट्रस्टी ने उपहार अभिलेख यानी गिफ्ट डीड के जरिए रामकृष्ण मिशन को जमीन दी।

इसके पीछे विशाल शर्मा नाम का व्यक्ति है जो आश्रम में माली के तौर पर काम कर रहा था साल 2007 में उसने हिमाचल में हिमालय ब्रह्म समाज के समांतर गलत तरीके से ट्रस्ट बना दिया। मामला हाईकोर्ट पहुंचा और साल 2011 में उच्च न्यायालय ने विशाल शर्मा द्वारा बनाए गए ट्रस्ट को हिमालय ब्रह्म समाज का नाम और लोगों इस्तेमाल करने से रोक दिया। इसके बाद मामला न्यायालय में है ।

## शिमला में विंटर कार्निवल की निगम ने शुरू की तैयारियां

**अनंत ज्ञान, शिमला**



शिमला में विंटर कार्निवल के लिए नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी है। यह कार्निवल 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक चलेगा। पिछले वर्ष पहली बार आयोजित विंटर कार्निवल को मिली भारी सफलता के बाद इस बार इसका आयोजन सात दिनों के बजाय 10 दिनों का किया जाएगा। नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान ने एसपी, डीसी और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की।

महापौर सुरेंद्र चौहान ने बताया कि विंटर कार्निवल से न केवल पर्यटकों को हिमाचल की संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलेगा, बल्कि शहर के पर्यटन कारोबार को भी नई दिशा मिलेगी। पिछले साल कार्निवल को लेकर लोगों और सैलानियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया था, जिससे प्रेरित होकर इस बार इसे और भव्य रूप देने की योजना बनाई गई है।

महापौर ने कहा कि 10 दिनों के कार्निवल के लिए अलग-अलग कार्यक्रमों की योजना तैयार की जा रही है, जिसे जल्द ही मुख्यमंत्री से मंजूरी ली जाएगी। नगर निगम जल्द ही एक और बैठक आयोजित करेगा, जिसमें कार्यक्रमों की विस्तृत तैयारी और अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। इस बार कार्निवल के उपलक्ष्य में नगर निगम एक विशेष सोविनियर भी प्रकाशित करेगा। इसमें शिमला शहर के इतिहास और नगर निगम के प्रतिनिधियों के बारे में विस्तृत जानकारी होगी।

इसका उद्देश्य स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों को शहर के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराना है। विंटर कार्निवल के आयोजन से शिमला को पर्यटन के क्षेत्र में और अधिक पहचान मिलने की उम्मीद है, जिससे देश-विदेश से लाखों पर्यटक शहर की ओर आकर्षित होंगे।

## भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर सकते हैं : प्रो. राघवेंद

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला ने 15 से 17 नवंबर 2024 तक गुरुग्राम के एसजीटी विश्वविद्यालय में आयोजित 'विजन फॉर विकसित भारत' (विविभा 2024) में अपनी सक्रिय भागीदारी के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन में सहयोग किया।

यह आयोजन भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन था, जिसमें शोधार्थियों, शिक्षकों, और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संस्थान की टीम ने स्टॉल नंबर 14 और 15 पर अपने शोध और प्रकाशनों का प्रदर्शन किया। सम्मेलन में निदेशक प्रो. राघवेंद्र प्रसाद तिवारी ने भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शोध के समन्वय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद संस्थाओं के सदस्य व अन्य।

इस पूरे कार्यक्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत, माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी जी, योग गुरु बाबा रामदेव, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी, भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं टीम के सदस्य उपस्थित रहे। हिमाचल प्रदेश के वे रिसर्च स्कॉलर, जिनके आलेखों को श्रेष्ठ शोध आलेखों में शामिल किया गया था, उन्हें भी इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान के स्टॉल ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को आकर्षित किया। प्रो. राघवेंद्र प्रसाद तिवारी ने कहा विविभा 2024 जैसे आयोजनों के माध्यम से हम भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

### वर्ष 2003 से आज तक अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही टीहरी-बोहड़वी गलू कच्ची सड़क

# 21 साल बाद भी शहीद के नाम नहीं हुई सड़क

**गोपाल कपिल, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के पिछड़े क्षेत्र कोटधार की ग्राम पंचायत मलरांव के शहीद नरेश कुमार के नाम बनी सड़क को पक्का करवाने की घोषणा 21 साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई है।

शहीद के पिता ओंकार सिंह, पूर्व सैनिक कल्याण समिति के प्रदेशध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार, कैप्टन कुलवीर सिंह, सैनिक कल्याण बोर्ड के जिला कल्याण अधिकारी कप्तान रमेश शर्मा, कप्तान मंगल सिंह, राजकुमार, रामलाल, रामपाल, नंदलाल, देशराज, संतोष कुमार, सुरेंद्र सिंह, जगदेव सिंह, महेंद्र सिंह, ब्रह्मानंद, हाकम सिंह सहित कई ग्रामीणों का कहना है कि नवंबर 2003 में नरेश कुमार पुत्र ओंकार सिंह पूंछ राजौरी में मातृभूमि की रक्षा करते हुए शहीद हो गए थे। उनकी स्मृति में ग्राम पंचायत मलरांव की टीहरी से बोहड़वी गलू सड़क का नामकरण शहीद के नाम से करने की घोषणा तत्कालीन सरकार ने की थी, लेकिन 21 वर्ष बीत जाने के बावजूद न तो सड़क का नामकरण ही शहीद के नाम से हुआ और न ही सड़क को पक्का किया गया। इस कारण क्षेत्र की ग्राम पंचायत मलरांव, सनिहरा भडोली कला, डुढीयां कलोल धनीपुखर के हजारों लोगों को बरसात के मौसम में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में सड़क पूरी तरह से बंद हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि 2003 से आज दिन तक सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि तहसील मुख्यालय झंडूता सहित कलोल में जाने के लिए उनको लगभग 20 किलोमीटर का ज्यादा सफर तय करना पड़ता है।



वहीं, शहीद की पत्नी निशा कुमारी ने बताया कि सड़क का नामाकरण करने हेतु वह और उनके ससुर कई बार विभागीय अधिकारियों व सरकार के पास गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक इस मामले पर कोई भी आगामी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलकर इस सड़क का नामकरण टिहरी से बोहड़वी गलू शहीद नरेश कुमार के नाम पर जल्द करवाने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

## कार सवार दो युवकों से 5 .7 ग्राम चिट्टा बरामद



5.7 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़े आरोपी पुलिस के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

थाना बरमाणा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान जब्बल पुल के पास एक कार में सवार दो युवाओं से 5.7 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थाना बरमाणा पुलिस ने शिमला-मटौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग वाया जुखाला सड़क पर जब्बल पुल के पास नाका लगाया था तथा आने-जाने वाले वाहनों का निरीक्षण किया ज रहा था। इस दौरान एक कार नंबर एचपी.24सी-8620 आई। पुलिस ने इस कार को निरीक्षण के लिए रोका तथा तलाशी लेने पर कार के डैश बोर्ड से यह चिट्टा बरामद किया। आरोपियों की पहचान 30 वर्षीय पंकज कुमार

**पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान जब्बल पुल के पास पकड़े दोनों आरोपी**

निवासी सायर-डोबा डाकघर डोबा तहसील सदर जिला बिलासपुर व 34 वर्षीय शिव कुमार निवासी धारटटोह तहसील सदर जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने थाना बरमाणा में दोनों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### पनौल-कजैल-शेर चौक मार्ग का काम शुरू

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र को झंडूता और बिलासपुर से जोड़ने वाली पनौल से कजैल होते हुए शेर चौक तक मिलने वाली सड़क का कार्य विभाग ने शुरू कर दिया है। इस सड़क के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 7 करोड़ 21 लाख रुपए का बजट पारित हुआ है। इस सड़क की कुल लंबाई 10 किलोमीटर 260 मीटर है। इस सड़क की वर्तमान समय में चौड़ाई 3.05 मीटर है इसे बढ़ाकर 3.75 मीटर किया जाएगा साथ ही इस सड़क में जितने भी तंग मोड़ है, उन्हें भी चौड़ा किया जाएगा, ताकि वाहनों को आने जाने में कोई दिक्कत न हो।

### स्वास्थ्य उपकेंद्र छत में की मधुमेह की जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सीएमओ के दिशा-निर्देश अनुसार विश्व मधुमेह दिवस स्वास्थ्य उपकेंद्र छत में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधान ग्राम पंचायत छत परमजीत सिंह ने की। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सीएचओ व महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुनीता देवी ने लोगों को मधुमेह की जांच की। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जिला स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल ने बताया कि मधुमेह एक बहुत ही गंभीर समस्या है, इसलिए लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर वर्ष 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है।

## पंचायत तकनीकी सहायक पंकज शर्मा अचानक गायब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

थाना स्वारघाट के तहत आने वाले कैंचीमोड़ से पंचायत में तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत पंकज शर्मा अचानक गायब हो गए हैं। थाना स्वारघाट पुलिस ने परमजीत निवासी खरकड़ी तहसील श्री नयना देवी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा है कि 43 वर्षीय पंकज शर्मा निवासी सेऊ डाकघर नसवाल तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर पंचायत में तकनीकी सहायक के पद पर तैनात हैं तथा ग्वालथाई, बस्सी व दबट पंचायतों में ड्यूटी करते है। पंकज शर्मा ने उनके घर में कमरा किराए पर लिया है तथा गत 8 नवंबर को वह घर गया थे। गत 11 नवंबर को उसकी माता का फोन आया कि वह घर पर ही है तथा ड्यूटी पर नहीं जा रहा है। इस पर उन्होंने फोन पर समझाया। गत 14 नवंबर को उन्हें पंकज शर्मा की माता ने फोन पर बताया कि वह घर से ड्यूटी के लिए चला गया है। वह उसे लाने के लिए मोटरसाइकिल पर कैंचीमोड़ गया। वहां से उसे अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाया तथा कुछ दूरी पर वह लघुशंका करने के लिए गया तो पंकज शर्मा अचानक गायब हो गया। उसकी अपने स्तर पर आसपास काफ तलाश की तथा उसकी माता को भी फोन से सूचना दी, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि थाना स्वारघाट में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की छानबीन की जा रही है।

### उम्मीद | दो विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने वाले पुल के निर्माण का रास्ता 11 दिसंबर को होगा साफ

# सीएम दे सकते हैं बैरी-दड़ोला पुल के निर्माण की सौगात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

दो विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने वाले बैरी-दड़ोला पुल के निर्माण का रास्ता 11 दिसंबर को क्लीयर हो जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बिलासपुर पहुंचकर इस पुल के निर्माण कार्य के लिए एक मुश्त करोड़ों रुपए की राशि व जिला में करोड़ों रुपए की सौगात देंगे। हिमाचल सरकार के दो साल पूरे होने के जश्न के दौरान यह घोषणाएं सीएम स्वयं करेंगे। यह बात पूर्व विधायक बंबर ने सोमवार को बिलासपुर नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता के दौरान कही।



बिलासपुर सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता करते पूर्व विधायक बंबर ठाकुर।

**पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी**

बंबर ठाकुर ने कहा कि बीते रविवार को सीएम ने बिलासपुर जिला के चार नेताओं से मुलाकात की और लगभग पूरे 6 घंटे बिलासपुर जिला पर चर्चा की। बिलासपुर जिला के सभी विकास कार्यों को पूरा करवाने और यहां की मांगों को पूरा करने का पूरा विश्वास भी दिलाया है। उन्होंने कहा कि सीएम ने उसी दौरान सरकार के दो साल पूरा होने का जश्न कार्यक्रम भी बिलासपुर में करवाने निर्णय लिया। सीएम ने रविवार को ही सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए और कहा कि बिलासपुर के कहलूर खेल परिसर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू की जाएं। बंबर ठाकुर ने कहा कि बैरी-दड़ोला पुल के निर्माण कार्य का रास्ता भी सीएम ने साफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस पुल के बनने से शहर फोरलेन से भी सीधा अटैच हो जाएगा। साथ ही इसी तरह से भाखड़ा विस्थापितों के विस्थापन के लिए भी चांदपुर साइड दो सेक्टर बनाने का भी प्रस्ताव है। इस बारे में सीएम 11 दिसंबर को घोषणा कर सकते हैं। बंबर ने कहा कि विनायकघाट और बंदलाधार के बीच में पीएचसी, मल्यावार में आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी को बटोली में शिफ्ट करने सहित कई सड़कों के निर्माण की घोषणा सीएम करेंगे। उन्होंने कहा कि मंत्री राजेश धर्माणी और पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर के नेतृत्व में इस आयोजन की पूरी रूपरेखा तैयार की जाएगी।




## न्यूज ब्रीफ

### कटोहड खुर्द में आग से बाइक स्वाह

**विवेक शर्मा, अंब।** उपमंडल अम्ब के तहत ग्राम पंचायत कटोहड खुर्द में बीती रात लगभग 3 बजे एक घर में अचानक आग लग गई। घर के मालिक सतीश कुमार ने बताया के रात करीब 3 बजे हमारे पड़ोस के एक व्यक्ति जब रात को लघु शंका के लिए उठा तो उसने देखा बिजली की तारों से स्पार्किंग हो रही थी। जब उसने घर के लोगों को उठाया तो अचानक से आग घर में फैल गई , जिससे घर के बरामदे मैं रखे मोटरसाइकिल सहित लगभग 1 लाख रुपए का नुकसान हो गया है। गनीमत यह रही कि कोई भी जानी नुकसान नहीं हुआ। (अनंत ज्ञान)



### चालक सड़क कानूनों का करें पालन : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि आज फिर एक समाचार ने मेरी तरह लाखों पाठकों को रुलाया होगा। विजनौर में शादी के बाद दुल्हन-दुहला और पांच संबंधी एक वाहन में सजे धजे खुशियां मनाते घर वापस जा रहे थे। एक तेज रफतार गाड़ी टकराई और सातों वहीं ढेर हो गए। दुल्हन का पूरा सिंगार और दुहले की चमक सड़क पर खून में सिसकने लगी। उन्होंने कहा जरा सोचिये यदि तेज रफतार चलाने वाले मूर्ख का कभी चालान हुआ होता, 25 हजार रुपए का जुर्माना और 6 महीने के लिए लाईसेंस रद्द हुआ होता तो वह संभल कर चलता और यह दुहला और दुल्हन घर पर शादी का जश्न मनाते जहां अब मातम का अंधेरा छाया है। शांता कुमार ने कहा सख्त सजा के डर के बिना सड़क पर कानून का पालन नहीं हो सकती। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री से मेरा सुझाव है इस संबंधी सख्त कानून बनाए जाए।



### झारखंड के पर्यटक की तबीयत बिगड़ने से मौत

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के तहत कसोल में एक पर्यटक की मौत हो गई है। कसोल के एक होटल में ठहरे झारखंड के एक पर्यटक की अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण मौत हो गई है। पर्यटक दोस्तों के साथ यहां घूमने आया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 16 नवंबर की शाम को चंचल कुमार (68) पुत्र जगदीश नारायण सिंह निवासी शिवम सर्विस स्टेशन, डडमा मोड़ कुंजी मांडू, रामगढ़, झारखंड की अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह अपने दोस्तों के साथ मणिकर्ण घाटी आया था। कसोल में ही एक होटल में रुका था। रात करीब 10:30 बजे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी जिसके बाद उसे उपचार के लिए सीएचसी जरी लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया। उधर, पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकियन गोकुल चंद्रन ने कहा कि घटना के संबंध में परिजनों को सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### युवक 2.134 किलो चरस सहित गिरफ्तार

**आजम डार, तीसा।** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत जिला चंबा के विधानसभा चुराह के गुनु नाला में पुलिस सदर थाना चंबा द्वारा हर आने जाने वाली गाड़ी की तलाशी ली जा रही थी। इस दौरान चांजू से चंबा जा रही एक निजी बस को जब रोका गया तो पुलिस ने हर व्यक्ति की तलाशी लेना शुरू कर दी। पुलिस को देखकर एक युवक घबरा गया, जब उससे गहनता से पूछताछ की तो वह कोई सही उत्तर नहीं दे पाया। इसके बाद जब उसका सामान व बैग चेक किया गया तो उसमें से 2 किलो 134 ग्राम चरस बरामद की गई। युवक की पहचान विक्की पुत्र मानसिंह गांव भालूईं डाकघर लेस्वी तहसील चुराह जिला चंबा के रूप में हुई। इस मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि आरोपी को आज ही अदालत में पेश किया जाएगा तथा आरोपी को रिमांड पर लिया जाएगा।

### मिनी ट्रक और टैंपो में टक्कर, 7 महिलाएं घायल

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के बाईपास पर मिनी ट्रक और टैंपो में जोरदार टक्क र हो गई, जिसके कारण 7 महिलाएं घायल हुई है। सभी महिलाएं कंपनी में ड्यूटी जा रही थी। जानकारी के अनुसार पांवटा साहिब के बाईपास पर पंजाब से आ रहे मिनी ट्रक और भेड़ेवाला से आ रहे टेंपो के साथ टक्कर हो गई। इस टक्क र में 7 महिलाएं बुरी तरह से जख्मी हुई है और एक की हालत ज्यादा खराब बताई जा रही है। घायलों में गुलशन, जूही, पूनम, जूली, रिंकी, काजल, सीमा, का इलाज पांवटा सिविल अस्पताल में किया जा रहा है। यह सभी महिलाएं एक निजी कंपनी में मजदूरी करती हैं, सुबह के वक्त कंपनी जाते हुए यह सड़क दुर्घटना पेश आई। गौरतलब है कि सुबह के वक्त विशेष कर कंपनियों में जाने वालों की काफी भीड़ सड़कों पर होती है। टेंपो और ई-रिक्शा में भी काफी संख्या में लोग अपने कंपनियों में जाने के लिए निकलते हैं।

# अनुराग ठाकुर ने 'आप' की तुलना 'अली बाबा चालीस चोर' से की

## सांसद ने कहा-भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस को भी बहुत पीछे छोड़ा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने आम आदमी पार्टी 'आप' पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने इस पार्टी की तुलना 'अली बाबा चालीस चोर' से की है। अनुराग ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और उसकी टीम ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़े हैं। जिन झूठे वादों के बूते वह सत्ता हथियाने में कामयाब रही, उस पर अब लोगों को भी पछतावा हो रहा है। इस पार्टी का ऊपर और नीचे तक सारा का सारा सिस्टम भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है।



पंजाब से लेकर दिल्ली तक इनके मंत्रियों के इस्तीफे कोई छोटी बात नहीं है। उन्होंने इसलिए इस्तीफे दिए क्योंकि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का पूरा कुनबा भ्रष्टाचार में डूबा है। दोनों बड़े नेता लंबे समय तक जेल में समय बिताने के बाद जमानत पर लौटे हैं। आम आदमी पार्टी केवल नाम की रह गई है। इसने भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस को भी बहुत पीछे छोड़ दिया है।

आप का आम आदमी से कोई लेना-देना नहीं रहा है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि खड़गे ने खुद ही अब अपनी सरकारों पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। वे खुद कह रहे हैं कि जिन वायदों को हम पूरा ही नहीं कर सकते, उन्हें हम उठाएं ही क्यों। उन्होंने कर्नाटक सरकार पर भी इन्हीं वायदों को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

अनुराग ने कहा कि हिमाचल सरकार ने प्रदेश की जनता को बड़े ही खास अंदाज में ठगने का प्रयास किया एक भी वायदा और उसकी गारंटियां पूरी नहीं हुईं। हिमाचल सरकार की इन गारंटियों को देश के अन्य चुनावों में खूब बनाया गया है। इस सरकार की कारगुजारी की पोल जिस अंदाज में खोली गई है, उसी की वजह से हरियाणा में कांग्रेस को मार खानी पड़ी। झारखंड में भी उल्टा हो गई है कांग्रेस पार्टी।

सीपीएस के मामले पर अनुराग ने कहा कि इनकी नियुक्तियां कानून के खिलाफ हुई थी जिस प्रदेश में कर्ज की स्थिति बेहद खराब हो वहां पर सरकारी खजाने का पैसा इन पर लुटाया गया। अब इन्हें यह पैसा सरकारी खजाने में जो करोड़ों बनता है। जमा करवाना चाहिए और इस्तीफा देकर फिर से चुनाव लड़ने का दम भर लेना चाहिए। क्योंकि इन्होंने प्रदेश की भोली भाली जनता के साथ अन्याय किया है।

# घुमारवीं-सरकाघाट हाईवे पर कार ने रौंदी दो बाइकें



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

घुमारवीं-सरकाघाट हाईवे पर मौहीं के पास आईटीआई के नजदीक एक सड़क हादसा हुआ। सोमवार को दोपहर के समय एक तेज रफ्तार कार (नंबर एचपी28 बी 9465) ने दो बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में किशोर कुमार पुत्र चुनी लाल, निवासी बद्रेसा धर्मपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सिविल अस्पताल सरकाघाट पहुंचाया गया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे हमीरपुर के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं, दूसरे बाइक सवार को मामूली चोटें आईं, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसा इतना जोरदार था कि बाइक के भी परखच्चे उड़ गए।

पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने पर तुरंत कार्रवाई की और दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है। मामले की पुष्टि डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने की है। उन्होंने कहा कि हादसे की जांच की जा रही है और कार चालक से पूछताछ की जाएगी।

# पूरे देश में हो रही सुक्खू सरकार की नाकामी की चर्चा : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

महाराष्ट्र और झारखंड में हो रहे विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रचार करके हिमाचल वापस आए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पूरे देश में हिमाचल प्रदेश की 'सुख की सरकार' के नाकामियों के चर्चे हो रहे हैं। विभिन्न प्रकार के मीडिया के माध्यम से हिमाचल की जो खबरें देश भर में जा रही हैं वह प्रदेश की छवि के खिलाफ रही हैं।

पूरे भारत में हिमाचल शांत और प्रगतिशील राज्य के रूप में जाना जाता है। कांग्रेस के दो साल के कार्यकाल ने हिमाचल की इस छवि को भी नुकसान पहुंचाने का काम किया है। कांग्रेस की नीतियों की वजह से हिमाचल प्रदेश विकास की दौड़ में बहुत पीछे रह गया है जिसकी भरपाई आसान नहीं है।



जयराम ठाकुर ने कहा कि झारखंड और महाराष्ट्र के लोगों को हिमाचल की कांग्रेस की सरकार की नाकामियों के बारे में पता है। दोनों जगह पर भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों के बीच जबर्दस्त माहौल है। झारखंड में लोग भ्रष्टाचार और घुसपैठ को मिल रहे सरकारी समर्थन से लोग तंग आ रहे हैं और अब हिमाचल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में साथ डबल इंजन की सरकार में रहना चाहते हैं।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व के चुनाव में की गई घोषणाओं के अक्षरशः से पूरा करने की निति ने देश की राजनीति को एक नई दिशा दिखाई है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अपने हर चुनावी संकल्प को निर्धारित समय में पूरा करती है, जिसके कारण अब देश के लोग सिर्फ और सिर्फ एक ही गारंटी पर भरोसा करते हैं और है मोदी की गारंटी। जो अपने चुनावी घोषणा पत्र को एक पवित्र दस्तावेज की तरह देश में बिना किसी भेदभाव के लागू करती है।

## विदेशी श्रद्धालु नतमस्तक



विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में सोमवार को अमेरिका, इटली, कनाडा और मैक्सिको से विदेशी श्रद्धालु माता के दर्शन करने के लिए पहुंचे। विदेशी श्रद्धालुओं ने जहां पर मंदिर में पूजा-अर्चना की वहीं उन्होंने कहा कि यहां आकर उन्हें काफी अच्छा महसूस हुआ। पहली बार वह माता के दर्शन करने के लिए यहां पर पहुंचे हुए हैं। वह विदेश से यहां माता के दर्शन करने और हिमाचल घूमने के लिए पहुंचे हुए हैं।

# कमजोर वर्गों की आर्थिकी में सुधार के लिए अनेक योजनाएं की जा रही कार्यान्वित : डॉ. शांडिल



**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के सामाजिक-आर्थिक स्तर में सुधार के लिए प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं कार्यान्वित कर रही है। डॉ. शांडिल आज यहां जिला कल्याण समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए यह आवश्यक है कि सभी को इन योजनाओं की पूर्ण जानकारी हो। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग इस दिशा में समुचित कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लाभार्थियों को जागरूक करने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाएं।

उन्होंने कहा कि सोलन जिला में वर्तमान में 51124 वृद्ध, विधवा, परित्यक्त एवं एकल नारी, कुष्ठ रोगी एवं दिव्यांगजन को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा रही है। इस वर्ष 2302 नए पात्र व्यक्तिओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अंतर्गत जिला में 31451 व्यक्ति वृद्धावस्था पेंशन, 7149 महिलाएं विधवा पेंशन, 4764 पात्र व्यक्ति दिव्यांग राहत भत्ता, 36 व्यक्ति कुष्ठ रोगी पुनर्वास भत्ता प्राप्त कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनरो को उनकी पेंशन डाकघर एवं बैंक बचत खातो के माध्यम से उपलब्ध करवाई जा रही है। इस वित्त वर्ष में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं पर लगभग 66 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। डॉ. शांडिल ने कहा कि सोलन जिला में वित्त वर्ष 2023-24 में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर लगभग 80 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

## युवक की पगडंडी से गिरकर मौत

**चौपाल/नेरवा।** तहसील नेरवा के अंतर्गत मधाना पंचायत में क्रिकेट खेल कर घर लौट रहे एक युवक की पगडंडी से पैर फिसलने से दर्दनाक मौत हो गई।

युवक के साथी उसकी इस आकस्मिक मौत से जहां स्तब्ध नजर आ रहे है, एवं उन्हें विशवास ही नहीं हो रहा कि उनके साथ हर दिन क्रिकेट खेलने वाला उनका साथी सदा के लिए उनको छोड़ कर दूसरी दुनिया में जा चुका है। नेरवा थाना का कार्यभार देख रहे एएसआई तेजिंदर सिंह से मिली जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय युवा क्रिकेटर सचिन पुत्र मोहन सिंह पोटन अपने साथियों के साथ क्रिकेट खेलने के बाद अपने घर की तरफ लौट रहा था ।

इस दौरान गांव की पगडंडी में अचानक पैर फिसलने से उसका संतुलन बिगड़ गया एवं वह नीचे खाई में जा गिरा। सचिन को नेरवा अस्पताल पहुंचाया। चिकित्स्कों ने जांच करने के बाद सचिन को मृत करार दे दिया। सचिन दो बहनों का इकलौता भाई था एवं उसकी मौत से जहां परिवार पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं हर कोई इस युवा की मौत से स्तब्ध है।

## टोक्यो पहुंचे कुलदीप पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया अपने अगले अध्ययन प्रवास के लिए न्यूजीलैंड से जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे। इससे पूर्व कुलदीप पठानिया 15 से 17 नवम्बर तक ऑकलैंड प्रवास पर थे। उनके साथ विधान सभा उपाध्यक्ष विनय कुमार तथा विधान सभा सचिव यशपाल शर्मा भी टोक्यो पहुंचे है। कुलदीप पठानिया आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड देशों का अध्ययन प्रवास पूरा कर चुके है।

टोक्यो पहुंचने से पूर्व कुलदीप पठानियां 15 से 17 नवम्बर तक न्यूजीलैंड के महत्वपूर्ण शहर ऑकलैंड प्रवास पर थे। ऑकलैंड प्रवास के दौरान पठानियां ने स्काई टॉवर, कॉर्नवाल पार्क, ऑकलैंड आर्ट गैलरी, ऑकलैंड चिड़ियाघर मांउगावाऊ/मांउट ईडन जैसे दर्शनीय स्थलों का अवलोकन भी किया।

## निजी स्कूलों को आर्थिक रूप से 25 प्रतिशत कमजोर बच्चों को दाखिला देना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार ने शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को निजी स्कूलों में दाखिले का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत प्रत्येक स्कूल में 25 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को दाखिला दिया जाएगा, जिसकी टयूशन फीस शिक्षा विभाग वहन करेगा। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि जिला हमीरपुर में 163 निजी स्कूल हैं, जिनमें आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे भी शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार और शिक्षा निदेशक का सभी निजी स्कूलों के प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को दाखिला देना सुनिश्चित करें, जिससे वे भी निजी स्कूलों में बिना किसी बाधा के शिक्षा ग्रहण कर सकें।

**सालगिरह** कांग्रेस सरकार के दो साल के जश्न में केंद्रीय नेतृत्व भी पहुंचेगा बिलासपुर

# नड्डा के गृह जिले में सेंध लगाने को तैयार सुक्खू सरकार

**शुभम राही, बिलासपुर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के गृह जिला बिलासपुर में सुक्खू सरकार कांग्रेस को मजबूत करने की तैयारी में हैं। 11 दिसंबर को बिलासपुर नगर के कहलूर खेल परिसर में सुक्खू सरकार अपना दो साल पूरा होने का जश्न मनाने जा रही है।

जश्न की आड़ में बिलासपुर में कांग्रेस को मजबूत करना भी सुक्खू सरकार का मुख्य मकसद हो सकता है। क्योंकि बिलासपुर जिला की बात करें तो यहां पर एक मात्र सीट घुमारवीं की कांग्रेस की है, वहीं जेपी नड्डा का गढ़ माने जाने वाली सदर विधानसभा सीट को भी कांग्रेस के लिए मजबूत करना सीएम की प्राथमिकता मान सकते हैं। आपको बता दें कि इससे पहले भाजपा या फिर कांग्रेस की किसी भी सरकार ने इस तरह का आयोजन बिलासपुर में नहीं किया था। अधिकतर आयोजन शिमला, हमीरपुर, कांगड़ा में आयोजित किए गए थे, लेकिन पहली बार बिलासपुर जिला में सरकार के दो साल पूरा होने का जश्न आयोजित होना कई राजनीतिक प्रश्न भी खड़े कर रहा है।





बिलासपुर जिला की बात करें तो यहां पर कांग्रेस का जिलाध्यक्ष भी नियुक्त होना बाकी है। वहीं, यह भी क्यास लगाए जा रहे हैं कि सीएम 11 दिसंबर को बिलासपुर में जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर भी बात कह सकते हैं।

वहीं, सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, मंत्री राजेश धर्माणी का संसदीय क्षेत्र में बिलासपुर जिला भी आता है। ऐसे में बिलासपुर जिला काफी समय से कांग्रेस को सबसे विक जिला भी माना जा रहा है। क्योंकि बिलासपुर जिला से भाजपा के शीर्ष नेतृव्य नेता जगत प्रकाश नड्डा भी है। ऐसे में जेपी नड्डा के गृह जिला में पूरी सरकार का कार्य, म आयोजित करना कहीं न कहीं कांग्रेस को मजबूत करना भी कहा जा सकता है।

वहीं, सीएम द्वारा अपने सोशल मीडिया पेज पर बिलासपुर जिला में आयोजित किए जाने वाले कार्य, म की जानकारी देने के बाद पूरे प्रदेश में यह चर्चा बनीं हुई है। हालांकि इससे पहले यह क्यास भी लगाए जा रहे थे कि कांग्रेस सरकार कांगड़ा जिला में सरकार के दो साल के आयोजन का जश्न मना सकती है।

क्योंकि कांगड़ा जिला में सबसे ज्यादा कांग्रेस की सीटें है। वहीं, यहां से एक मंत्री बनाने की चर्चा भी बनीं हुई है। परंतु सीएम द्वारा बिलासपुर जिला में आयोजित किए जाने की खबर की पुष्टि करने के बाद राजनेतिक गलियारों में यह चर्चा का विषय बन गया है।

हालांकि अब देखना यह होगा कि 11 दिसंबर के दिन बिलासपुर में सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार नड्डा के गृह जिला में क्या बड़ी घोषणा करती है और यहां पर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए क्या नई प्लानिंग के साथ बिलासपुर आएगी। (अनंत ज्ञान)

# पुलिस ने 41 आपराधिक मामलों में संलिप्त नशा तस्कर को बिलासपुर में दबोचा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नशा मुक्त समाज की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध जिला सोलन पुलिस एसपी गौरव सिंह के मार्गदर्शन में युवाओं को नशे के चंगुल से बचाने को विशेष अभियान चलाए हुए है। इसी क्रम में विशेष अन्वेषण इकाई टीम जब थाना दाड़लाघाट के क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम हेतु मौजूद थी, तो गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक गाड़ी जो खारसी की तरफ से दाड़लाघाट की ओर आ रही है, जिसमें दो युवक सवार है और वे लोग उपरोक्त गाड़ी में भारी मात्रा में चिट्टा/हेरोइन लेकर आ रहे है, इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दाड़ला मोड़ के समीप तुरंत नाकाबंदी की गई और नाकाबंदी के दौरान खारसी की तरफ से आ रही गाड़ी में बैठे दो युवकों जिनके नाम व पते प्रवीण कुमार पुत्र सुमन कुमार निवासी गांव ढलियारा डा.खा कलर तहसील सदर बिलासपुर, जिला बिलासपुर उम्र 31 वर्ष व योगेश कुमार पुत्र कृष्ण लाल निवासी गांव व डा.खा. मझवाड तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर उम्र 33 वर्ष को 10 ग्राम चिटटा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना दाडलाघाट में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान वारदात में संलिप्त गाड़ी टाटा जेस्ट को जब्त करके कब्जा पुलिस में लिया गया।

इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान गिरफ्तार किए गए उपरोक्त दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई। जांच में पता चला की इन आरोपियों ने उपरोक्त चिट्टा पंजगाई निवासी एक पिंटू नामक व्यक्ति से खरीदा था, जिस पर इस अभियोग के आगामी अन्वेषण के दौरान 17 नवंबर को पुलिस थाना दारलाघाट की पुलिस टीम द्वारा अभियोग के मुख्य आरोपी/सप्लायर अनिल उर्फ पिंटू पुत्र सत्यानन्द शर्मा निवासी घन डाकखाना पंजगाई तहसील सदर जिला बिलासपुर उम्र 45 साल को बैकवार्ड लिंकेज के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

जांच में पाया गया है कि अनिल नशे का एक बहुत बड़ा सप्लायर है जो इलाका में नव युवकों को काफी समय से चिट्टे की सप्लाई कर रहा था। पुलिस टीम द्वारा घर की गौशाला में छिपा हुआ पाया गया। तलाशी के दौरान इस आरोपी से नकदी 48,550 रुपए, चिट्टा तोलने के लिए रखी गई वेइंग मशीन, एक खुखरी और फॉयल पेपर भी बरामद हुए है।

जांच के दौरान पाया गया है कि यह एक आदतन अपराधी है जिसके खिलाफ विभिन्न अपराधिक धाराओं में कुल 41 अपराधिक मामले दर्ज है जिनमे से 9 मामले एनडीपीएस एक्ट के है।

काश्यश्च परमेष्वासः शिखण्डी च महारथः।
धृष्टद्युम्नो विराटश्च सात्यकिश्चापराजितः॥
द्रुपदो द्रौपदेयाश्च सर्वशः पृथिवीपते।
सौभद्रश्च महाबाहुः शङ्खान्दध्मुः पृथक् पृथक्॥

**भावार्थः** श्रेष्ठ धनुष वाले काशिराज और महारथी शिखंडी एवं धृष्टद्युम्न तथा राजा विराट और अजेय सात्यकि, राजा द्रुपद एवं द्रौपदी के पांचों पुत्र और बड़ी भुजा वाले सुभद्रा पुत्र अभिमन्यु-इन सभी ने, हे राजन! सब ओर से अलग-अलग शंख बजाए॥



# जयपुर में होती है विष्णु के भावी दसवें अवतार कल्कि की पूजा

## सवाई जयसिंह ने बनवाया मंदिर लक्ष्मीजी के साथ विराजमान हैं भगवान कल्कि





यूं तो देश में लाखों मंदिर हैं, जिनकी गिनती मुश्किल है लेकिन जयपुर में एक ऐसा मंदिर है, जहां भगवान विष्णु के भावी दसवें अवतार भगवान कल्कि का मंदिर है। आज सबसे बड़ी विडंबना है कि बहुत लोग इस मंदिर की हकीकत से अछूते हैं। सवाई जयसिंह ने जयपुर बसाने के बाद 1739 ई. में सिरह ड्योढी दरवाजे के सामने कलियुग के कल्कि भगवान का मंदिर बनवाया था। मां लक्ष्मीजी के साथ में इस मंदिर में भगवान कल्किजी विराजमान हैं। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, जब जब धरती पर पाप बढ़ा है तब तब भगवान विष्णु किसी न किसी रूप में धरती पर पापियों का विनाश करने के लिए प्रकट हुए हैं। वामन अवतार, नृसिंह अवतार, मत्स्य अवतार, रामावतार, कृष्ण अवतार ये सभी इस बात के प्रमाण हैं। शास्त्रों में भगवान विष्णु के दस अवतारों का जिक्र मिलता है। इनमें से नौ अवतार हो चुके हैं और अब कलियुग में भगवान का अंतिम अवतार होना बाकी है।

### अवतार से पहले कर ली परिकल्पना



**विष्णु** भगवान के दसवें अवतार माने गए कल्कि का मंदिर जयपुर के हवामहल के सामने स्थित है। यहां भगवान कल्किजी मां लक्ष्मीजी के साथ कल्कि विराजमान हैं। यह अवतार हजारों वर्षों के बाद होगा लेकिन हिंदू धर्म में उनकी परिकल्पना पहले ही कर ली गई थी। जानकारों का कहना है कि सनातन धर्म ही एक ऐसा धर्म है जिसमें भावी ईश्वर के अवतार को भी साकार कल्पना दे दी गई है। पुराणों में वर्णन है कि कलियुग समाप्त होने के बाद भगवान विष्णु कल्कि अवतार लेंगे। वे घोड़े पर सवार होकर तलवार से शत्रुओं का नाश करेंगे। वर्षों पहले राजा सवाई जयसिंह को बताया गया कि हजारों वर्षों बाद विष्णु कल्कि अवतार लेंगे। तब उन्होंने उनका मंदिर बनवाना तय किया। जयपुर बसाने के बाद 1739 ई. में अपने महल के पास ही कल्कि मंदिर बनवाया गया। सिरह ड्योढ़ी बाजार में महलों के मेन गेट के सामने यह मंदिर रामचंद्र मंदिर के पास मौजूद है। इसमें भगवान विष्णु की सुंदर संगमरमर की मूर्ति है जिसके सामने संगमरमर का अश्व भी हैं। पुराणों में कल्कि के वाहन शस्त्रों का वर्णन है।

### साल में एक बार निकाली जाती है कल्कि की सवारी

**भविष्य** के उस वर्णन को वर्तमान में उतारकर राजा सवाई जय सिंह ने इसकी पूजा भी शुरू करवा दी थी। वे स्वयं आरती करने जाते थे। साल में एक बार भावी ईश्वर कल्कि की सवारी भी निकाली जाती थी। कल्कि के वाहन घोड़े के एक पैर में घाव है। माना जाता है कि जैसे ही कलियुग समाप्त होगा ये घाव अपने आप भर जाएगा। इसे लगभग 300 साल पुराना बताया जाता है। कल्कि मंदिर भगवान विष्णु के 10वें अवतार को समर्पित कर बनाया गया था। कहा जाता है कि संसार का ये पहला ऐसा मंदिर है जो अभी अवतार लेना बाकी है। गर्भगृह के संगमरमर के चौखटों पर भगवान विष्णु के 9 अवतारों को उकेरा गया है। दाहिनी ओर भगवान ब्रह्मा हैं और बाईं ओर नंदी पर शिव और पार्वती बैठे हैं। संगमरमर से बनी भूमि पर कमल का फूल और शंख उत्कीर्ण हैं। सतयुग हो या त्रेता या द्वापर हर युग में भगवान विष्णु ने धरती पर अवतार लिया है और धर्म की अधर्म से रक्षा की है।

### कलियुग के अंत में होगा प्राकट्य

**धार्मिक** ग्रंथों के अनुसार, कलियुग में जब पाप बढ़ जाएगा और धार्मिक लोग अत्यधिक पीड़ा में आ जाएंगे तब सृष्टि के संचालक विष्णु जी कल्कि रूप में अवतार लेंगे और दुष्टों का नाश कर नए युग का आरंभ करेंगे।
**धार्मिक ग्रंथों के अनुसार,** भगवान विष्णु दस अवतार लेते हैं। गरुड़ पुराण में इनका वर्णन मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध और कल्कि के रूप में किया गया है। इनमें से दसवें और आखिरी अवतार कल्कि का प्राकट्य कलियुग के अंत में होगा।

# श्रीरामार्चा महायज्ञ ने समझाई यज्ञेश्वरी गोमाता की महिमा

## हरि हर के संगम के साथ विभिन्न संप्रदायों के महात्माओं का पहली बार हुआ आगमन

### वैदिक नियमों ने सिखा दिया कैसे होता है पालन

**इतिहास के पन्नों में दर्ज हुआ**

**हिमाचल का पहला श्रीरामार्चा महायज्ञ**

छोटी काशी मंडी में यज्ञेश्वरी गोमाता के समुख धर्मध्वजा वंदन, श्रीराम कथा श्रवण और महाप्रसाद ग्रहण कर लाखों लोगों ने अपने जीवन को कृतार्थ करने के साथ परलोक गमन का मार्ग सुगम कर मोक्ष प्राप्ति का अधिकार प्राप्त कर लिया है। यह शुभाशुभ कृत्य महंत राजेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के पुण्य कर्मों के प्रभाव स्वरूप ही धरातल पर दिखा है। दिव्य ज्ञान की अमृत वर्षा पड्डल मैदान में नौ दिन तक निरंतर होती रही। हरि हर का ऐसा संगम छोटी काशी मंडी में पहले कभी देखने को नहीं मिला था। श्रीमानस पीठाधीश्वर जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामललाचार्य जी महाराज श्री मानस पीठ खजुरीताल जिला मैहर मध्यप्रदेश तथा अनंत श्री विभूषित जगतगुरू शंकराचार्य भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी श्री श्री 1008 ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज ज्योतिर्मठ अवान्तर भानपुरा पीठ जिला मंदसौर मध्य प्रदेश व अनंत श्री विभूषित निर्वाण पीठाधीश्वर 1008 राजगुरू आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री विशोकानंद भारती जी महाराज बिकानेर का पदार्पण ब्रह्म की अनुभूति करवा गया। देशभर से सैकड़ों साधु महात्माओं के साथ दंडी महात्मा भी पड्डल मैदान की शोभा बने रहे। काशी, वाराणसी, वृंदावन से आए बटुक ब्रह्मचारियों के वेदपाठ ने सबका ध्यान आकर्षित किया।

**देवी-देवताओं ने की शिरकतः** श्रीरामार्चा महायज्ञ महोत्सव व श्रीराम कथा में देव गणपति जलौनी, जालपा और जगजननी देवी देवताओं ने शिरकत कर यज्ञ की शोभा बढ़ाई। इसके साथ ही कुल्लू जिले की बंजार घाटी से अराध्या देव श्रृंगा ऋषि का 196 वर्ष बाद मंडी रियासत में आना किसी इतिहास से कम नहीं है। देव श्रृंगा ऋषि ने अपनी निगरानी में श्रीरामार्चा महायज्ञ महोत्सव को संपन्न करवाया।

**निर्विघ्न संपन्न हुआ महायज्ञः** देव श्रृंगा ऋषि ने गुर के माध्यम से कहा कि जब भी मुझे मंडी रियासत में आना होगा, तो मैं साधु संतों के माध्यम से आउंगा। महंत राजेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा करवाए गए इस महायज्ञ की बहुत सी देव शक्तियां रक्षा कर रही थी। मैं चक्रवर्ती सम्राट दशरथ के पुत्रेष्टि यज्ञ संपन्न करवाने अयोध्या जा सकता हूं तो अपने क्षेत्र में क्यों नहीं आ सकता हूं। यह यज्ञ निर्विघ्न संपन्न हुआ है।

प्रस्तुतिः अनिल शर्मा, नौबाही मंडी



देव श्रृंगा ऋषि

**स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया इतिहासः** ऐतिहासिक नगरी छोटी काशी मंडी में कार्तिक मास स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया। मंडी में पहली बार श्रीरामार्चा महायज्ञ महोत्सव अनुष्ठान वैदिक रीति से संपन्न होना सबको दशा और दिशा बदलने के लिए विवश कर गया। बता दें कि यज्ञेश्वरी गोमाता की सेवा के साथ उनके दर्शन, उनके दूध और गोमूत्र को महायज्ञ के उपयोग में लाया गया। इसके साथ ही आठों पहर नाम संकीर्तन का निरंतर पाठ और श्रीरामार्चा का विधिवत पूजन, 56 भोग व होम चलता रहा। श्रीराम कथा की अविरल बहती ज्ञानधारा ने क्षेत्रवासियों का हृदय निर्मल कर दिया।

**ये रही सबसे अलग बातेंः** श्रीरामार्चा महायज्ञ महोत्सव व श्रीराम कथा में दुकान का मिलावटी घी उपयोग में न लाकर देशी गाय के घी से सब शुभ कृत्य संपन्न करवाए गए। नियम वालों के लिए वैष्णव प्रसाद बनाया गया, जिसमें मूली, शलजम, मशरूम, गोभी, मटर, गाजर व बैंगन आदि को उपयोग में नहीं लाया गया। रसोइयों ने मुंह पर पट्टी बांध कर रसोई बनाई और सैकड़ों स्थापित, आमंत्रित व आवाहित देवी-देवताओं के लिए प्रतिदिन भोग लगाए गए। कभी न मिटने वाली इस महायज्ञ की मधुर स्मृतियों ने क्षेत्रवासियों को देशी गाय के गोमूत्र और घी के बिना हवन यज्ञ की संपन्नता को लेकर सोचने पर मजबूर कर दिया। क्योंकि दुकान के किसी भी घी को शुद्ध नहीं माना जाता है। इसके साथ ही यज्ञ में ऐसी दिव्य औषधियों को प्रयोग किया गया, जो क्षेत्र में दुर्लभ हैं। सुंदर व्यवस्था ने सीखा दिया कि वैदिक नियमों का पालन भी आसानी से किया जा सकता है, बस सोच बदलने की आवश्यकता है।



महंत राजेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज दंडी महात्माओं के साथ।

# भक्तों की रक्षा करते हैं भैरव नाथ

## भैरव अष्टमी पर करें विशेष पूजा पाठ



**23 नवंबर भैरव जयंती पर विशेष**

भगवान भैरव नाथ की पूजा के लिए रात्रि जागरण, कथा कीर्तन करना चाहिए, तभी फल की प्राप्ति होती है। अर्धरात्रि को शंख, ढोल, घंटा आदि बजाकर भैरव की आरती करनी चाहिए। भगवान भैरव नाथ काले कुत्ते की सवारी करते हैं, इसलिए कुत्ते को भोजन कराना चाहिए। जो व्यक्ति पूजा करता है और व्रत रखता है, उसे भूत-प्रेत से संबंधित सभी कष्टों और भय से मुक्ति मिलती है, साथ ही बुरी आत्माएं भी दूर हो जाती हैं। भगवान भैरव को दिशाओं का रक्षक माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि भगवान भैरव भगवान शिव के ही एक रूप हैं। उन्हें रुद्र, क्रोध, उन्मत्त, कपाली, भीष्म और संहारक के नाम से भी जाना जाता है। भैरव की पूजा करने से बुराइयों से मुक्ति, मोक्ष, कोर्ट-कचहरी के मामले आदि से मुक्ति मिलती है। भगवान भैरव की पूजा करने से परिवार में शांति और सद्भाव आता है, परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य ठीक रहता है और वे विभिन्न बीमारियों से प्रभावित होने से बचते हैं। भगवान भैरव भगवान शिव और देवी दुर्गा के भक्त हैं। वे शांत, साहसी और पवित्र स्वभाव के हैं। भक्त को बुरे सपनों, कष्टों, चोरी के भय और शत्रुओं से मुक्ति मिलती है। साथ ही वह बुरी आत्माओं और गुप्त विद्याओं के प्रभाव से भी सुरक्षित रहता है। प्राचीन शास्त्रों में काशी के भैरव मंदिर का विशेष महत्व है।

# कार्य पूर्ण करके ही दम लेते हैं अश्विन नक्षत्र में जन्मे जातक

**यदि** आपका जन्म अश्विन नक्षत्र में हुआ है तो आपकी राशि मेष व जन्म नक्षत्र स्वामी केतु होगा। राशि स्वामी मंगल व केतु का प्रभाव आपके जीवन पर अधिक दिखाई देगा। मेष लग्न में जन्मे हैं तो मंगल लग्न में होने से व केतु भी मेष का हो तो आप स्वभाव से जिद्दी, गुस्सैल भी होंगे, वहीं किसी भी कार्य में हठी होंगे, जब तक वह कार्य को अन्जाम न दे दें तब तक आप चुप नहीं बैठेंगे। आपके इसी कारण दुश्मन भी अधिक होंगे। आपकी पत्नी का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। केतु धनु राशि में हो व मंगल उच्च का हो तो आप उन्नतिवान होंगे व जीवन में पीछे मुड़कर नहीं देखेंगे। यदि आप पुलिस या सेना में जाए तो उत्तम सफलता पाएंगे। इसी के साथ यदि गुरु व शनि की स्थिति ठीक रही तो आप अनेक उच्च पदों पर आसीन होंगे। राजनीति में हो तो सदैव उन्नति पाकर मंत्री भी बन सकते हैं।

**व्यापार** में हो तो व्यापार चारों ओर फैलेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होती रहेगी। अनेक बार पुरस्कार भी मिलेंगे। मंगल नीच का हो, वहीं केतु भी मिथुन में हो तो ऐसे जातक व्यसनी, कामुक, अनैतिक कार्य करने वाले सदैव कष्ट भोगने वाले होते है। गुरु की राशि में मंगल हो या केतु गुरु की राशि में हो तथा मंगल धनु या मीन में केतु मीन में या धनु में हो तो ऐसे जातक धर्म के प्रति निष्ठावान, मान-प्रतिष्ठावान, शत्रुहंता, उच्च पदों पर पहुंचने वाले, महत्वाकांक्षी भी होते हैं। ऐसे जातक अपने प्रयत्नों से जीवन में सफल होते ही है। यदि आपका जन्म अश्विन नक्षत्र में हुआ है तो आपकी राशि मेष व जन्म नक्षत्र स्वामी केतु होगा। राशि स्वामी मंगल व केतु का प्रभाव आपके जीवन पर अधिक दिखाई देगा।

**मंगल अष्टम** में हो व केतु भी साथ हो तो ऐसे जातक की दुर्घटना में मृत्यु तक हो जाती है या ऑपरेशन अवश्य होता है। जीवन में अनेक संकटों का सामना करना पड़ता है। मंगल, केतु सप्तम भाव में हो तो पहली पत्नी न रहे, षष्ट भाव में मंगल केतु की स्थिति हो तो शत्रु नष्ट हो, नाना-मामा से नहीं बनती है, पशु से चोट लग सकती है।

**पंचम भाव** में मंगल हो या केतु धनु, मेष या मीन राशि में हो तो ऐसा जातक विद्या में तेज होता है। उसके पुत्र अधिक होते है। कही से भी मंगल की केतु पर दृष्टि होतो उसे हठी बना देती है। यदि ऐसे जातक किसी लक्ष्य को पाने में लग जाए तो उनके लिए आसान हो जाता है। केतु जिस ग्रहों के साथ हो और मंगल की स्थिति जैसी भी हो वह वैसा परिणाम देते हैं। इनका परिणाम जीवन में मिलता ही है, लेकिन इनकी दशा अंतरदशा में अधिक मिलता है।



## स्वप्न संसार



- स्वप्न में यदि किसी व्यक्ति को उसके अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया जाए तो उसे सौभाग्य सूचक समझना चाहिए।
- जो व्यक्ति स्वप्न में खटमल देखता है या खटमल द्वारा काटा जाता है तो उसे भयंकर बीमारी हो जाती है।
- यदि कोई अविवाहित स्त्री स्वप्न में देखे कि उसे जबरन बंदी बनाया जा रहा है तो उसकी एक साल के अंदर शादी हो जाती है।
- स्वप्न में यदि कोई व्यक्ति गाय के बछड़े को दूध पिलाता है तो वास्तविक जीवन में उसकी मनोकामना पूर्ण होती है।
- यदि कोई स्वप्न में ताजे सुंदर फलों का गुच्छा देखता है तो उसे विरासत में धन-संपत्ति मिलती है। यदि गुच्छे का फूल मुरझाया है तो आने वाले रोग की सूचना देता है।
- जो व्यक्ति स्वप्न में वायुयान में यात्रा करता है, तो उसके सौभाग्य की वृद्धि होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस कैंप में पढ़ाया अनुशासन का पाठ




**अनंत ज्ञान, जवाली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरियाल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद और स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुमन कुमारी ने बच्चों को किशोरावस्था में होने वाले बदलावों के बारे में और पर्सनल हाइजीन के बारे में चर्चा की और स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बच्चों के साथ टीबी उन्मूलन और कुष्ठ रोग के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने तथा उसे प्राप्त करने के लिए लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य मुल्ख राज ने भी बच्चों को संबोधित कियाऔर अनुशासन और नैतिक मूल्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य मुलख राज, कार्यक्रम अधिकारी मनीष भारती और दीपांजलि सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### बरोट में शिव सेना (उद्धव) से जुड़े कई लोग



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** शिव सेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे की प्रदेश इकाई ने प्रदेश प्रमुख नरेश कुमार संजू के मार्गदर्शन में सदस्यता अभियान शुरू करते हुए सोमवार को बरोट में बैठक की। इस दौरान शिव सेना की नीतियों से युवाओं व बुजुर्ग लोगों को परिचित करवाते हुए संगठन की सदस्यता दी गई। इस बारे जानकारी देते हुए प्रदेश प्रमुख ने बताया शिव सेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे की प्रदेश इकाई द्वारा शुरू किए गए सदस्यता अभियान को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज भी काफी संख्या में युवाओं व बुजुर्ग लोगों ने सदस्यता ली है। उन्होंने कहा आने वाले समय में सदस्यता अभियान को और गति दी जाएगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मिस्टर दिशाल, जिला का कार्यकारी अध्यक्ष अमित धीमान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भाटियां में आम ग्राम सभा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विकास खंड फतेहपुर की ग्राम पंचायत भाटियां में सोमवार को आम ग्राम सभा का आयोजन प्रधान सतीश कुमार की अध्यक्षता में गया। इसमें इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना की करीब 165 महिला आवेदकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस बारे जानकारी देते हुए पंचायत प्रधान सतीश कुमार ने बताया कि सोमवार को उक्त योजना की आवेदक महिलाओं द्वारा भरे गए फॉर्म पर चर्चा हुई। सभी महिला आवेदकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए कोरम पूरा करवाया। उन्होंने कहा कि कुल आवेदकों में से पात्र महिलाओं की छटनी का कार्य अभी बाकी है, जो कि कल तक पूरा कर लिया जाएगा। उसके बाद उक्त योजना की पात्र महिलाओं की सूची कार्यालय भेज दी जाएगी।



### ढलियारा और चलाली में आज पावर कट

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** ढलियारा विद्युत उपमंडल में लाइनों की मरम्मत के कारण 19 नवंबर को ढलियारा, कस्बा कड़ोआ, बरबाड़ा, चलाली, धनोटू बल्ला, बेह, बीहण आदि क्षेत्रों में सुबह 9 से दोपहर बाद तीन बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी ढलियारा विद्युत उपमंडल के सहायक अभियंता मनीष कुमार संधू ने दी है। उन्होंने कहा कि मौसम अनुकूल न होने पर यह कार्य बाद में किया जाएगा।

# पठानिया ने रैत में बीडीओ ऑफिस के लिए चयनित भूमि का किया निरीक्षण

## उपमुख्य सचेतक बोले, पंचायतीराज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण को दी जा रही प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर में पंचायतीराज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि रैत में 5 करोड़ 36 लाख की लागत से विकास खंड अधिकारी कार्यालय का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह से चरणबद्ध तरीके से सभी पंचायतों में पंचायत घरों का निर्माण भी सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि कामकाज बेहतर हो सके।

उपमुख्य सचेतक ने रैत में विकास खंड अधिकारी कार्यालय के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण करने के उपरांत कहा कि एक वर्ष के भीतर विकास खंड अधिकारी कार्यालय का निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।


रैत में बीडीओ कार्यालय के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण करने पहुंचे केवल पठानिया।

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि विगत 20 माह के कार्यकाल में मुख्यमंत्री ने शाहपुर के विकास कार्यों के लिए करोड़ों की सौगात दी है तथा शाहपुर विस क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानससभा क्षेत्र को विकास की दृष्टि से मॉडल विस क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

पठानिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सड़क की की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि लोगों को घर द्वार पर ही बेहतर सुविधाएं मिल सकें। वर्तमान सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में पांच गारंटियां पूरी की हैं। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल की गई, जबकि पिछली भाजपा सरकार ने अपने पांच साल के कार्यकाल में केवल प्रदेश की जनता को ठगने का ही कार्य किया।

# अंकुरित आहार स्वास्थ्य के लिए सर्वश्रेष्ठ : डॉ. संजय



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सर्वोदय इंस्टीट्यूट बगली में राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सेवानिवृत्त खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय भारद्वाज ने बताया कि अंकुरित आहार मानव शरीर के लिए सर्वश्रेष्ठ दिव्य औषधि है। इसके साथ नियमित योग-ध्यान का अभ्यास करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। भारद्वाज ने कहा कि पंच महाभूत (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु एवं आकाश) से रचित मानव शरीर को आरोग्य बनाने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा में बहुत कुछ बताया गया है। इस अवसर पर हमीरपुर जिले से पधारे डॉ. सुमित पुन्याल ने बताया कि सर्वोदय इंस्टीट्यूट का प्राकृतिक वातावरण अतुलनीय है और उन्होंने सबसे आग्रह किया कि प्राकृतिक जीवन शैली को अपनाया जाना चाहिए। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. अशोक भारद्वाज ने कहा कि अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में आए रोगियों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच व उपचार किया गया। निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने सभी अतिथियों का आभार जताया और अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद नई दिल्ली के सिद्धांतों का प्रतिपादन करते हुए सहयोग की अपील की।

# नवंबर भी आधा बीता; नहीं बरसे मेघ, किसान परेशान

**शुभम शर्मा, देहरा**

उपमंडल देहरा के अंतर्गत गरली, नैहरनपुखर, करियाड़ा, ढलियारा, डाडासीबा आदि इलाकों में इस दिनों मौसम की बेरुखी से किसानों के अरमानों में पानी फिरता दिख रहा है। आलम ऐसा है कि नवंबर माह आधा बीत गया है, परंतु आसमान से वारिस की एक बूंद भी धरा पर नहीं गिरी है। क्षेत्र के ज्यादातर किसानों द्वारा जहां अपने गेहूं बीज दी गई है, उनको अब चिंता सता रही है कि वर्षा न होने से उनकी फसल खराब हो जाएगी। कुछ किसानों द्वारा अभी बिजाई नहीं की गई है। वे यही सोच रहे हैं कि शायद वर्षा हो जाए। इस तरह हर तरफ किसान चिंता में नजर आ रहा है। नैहरनपुखर गरली डाडासीबा करियाडा आदि क्षेत्र में सिंचाई का कोई माध्यम नहीं है। यहां पर मुख्यता किसान वर्षा पर ही निर्भर करते हैं। वर्षा न होने के कारण उप मन्डल देहरा क्षेत्र में गेहूं की वहीं मौसम विभाग ने अभी वर्षा होने की कोई संभावना जताई है।



किसान अशोक शर्मा, सतपाल शर्मा, देश राज शर्मा, कुलदीप सिंह गुलेरिया, हरीश गुलेरिया, कृष्ण दत्त शर्मा, प्रदीप कुमार, रोशन लाल आदि ने बताया कि एक तो फसल की बिजाई, दूसरे बीज का खर्च करने के बाद भी किसानों के फसल सूखी पड़ने लगी है। बारिस न होने से फसल बीजने में देरी हो रही है। बाद में कक्कड़, खरगोश, नीलगाय और जंगली सुअर फसलों को खराब कर देते हैं। इस वजह से ही करियाड़ा, नैहरनपुखर व डाडासीबा क्षेत्र से किसान खेती से विमुख होते जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# नशा तस्कर की 1.43 करोड़ की संपत्ति सीज

## जिला पुलिस नूरपुर के आवेदन पर सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली ने जारी किए आदेश

**अनंत ज्ञान टीम, इंदौरा/जवाली**

जिला पुलिस नूरपुर ने जवाली के एक नशा तस्कर पर कार्रवाई करते हुए 1 करोड़, 42 लाख, 47 हजार 322 रुपए की चल-अचल संपत्ति सीज की है, जिससे हड़कंप मच गया है। जिला पुलिस ने सोहन सिंह उर्फ सोहनी पुत्र होशियार सिंह निवासी टियूकरी तहसील जवाली जिला कांगड़ा की चल-अचल संपत्ति सीज की है।

प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस ने 23 दिसंबर, 2023 को पुलिस थाना जवाली के अधीन मुकाम अमणी में नाकाबंदी के दौरान गाड़ी की चेकिंग करते वक्त श्याम लाल निवासी जिल्हन (मंडी) के कब्जे से एक किलो 43 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता प्राप्त की थी, जिस पर थाना जवाली में धारा 20, 25, 29 एनडीपीएस एक्ट के अधीन मामला दर्ज किया गया था। इस



कांगड़ा जिले की जवाली तहसील के टियूकरी के नशा तस्कर सोहन सिंह उर्फ सोहनी की सीज की गई चल एवं अचल संपत्ति।

अभियोग में जिला पुलिस नूरपुर द्वारा पेशेवर ढंग से आगामी कार्रवाई करते हुए एक अन्य आरोपी सोहन सिंह उर्फ सोहनी पुत्र होशियार सिंह निवासी टियूकरी तहसील जवाली को घाटी बैरियर नजदीक पौंग डैम से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की थी। जिला पुलिस नूरपुर ने उपरोक्त अभियोग में गिरफ्तार आरोपी सोहन सिंह उर्फ सोहनी की चल-अचल संपत्ति की वित्तीय जांच की है, जिसमें आरोपी सोहन सिंह उर्फ सोहनी की 1 करोड़, 42 लाख, 47 हजार 322 रुपए की चल व अचल संपत्ति को आगामी आदेशों हेतु सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली को आवेदन किया गया था, जिस पर सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली ने संपति जब्त करने के आदेश दिए हैं। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी नूरपुर अशोक रतन ने कहा कि नशा माफिया के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# परख टेस्ट: विभाग ने स्कूलों में भिजवा दी गलत ओएमआर शीट : जगदीश परयानल

## विभाग और सरकार की नाकामियों की वजह से ही गिरा शिक्षा का स्तर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल में 2024-25 के इस शैक्षिक सत्र में इस बार शिक्षा विभाग ने निपुण टेस्ट के जगह पर परख टेस्ट की शुरुआत की है। इससे पहले भी 17 सितंबर को परख टेस्ट 1 और 9 अक्तूबर को टेस्ट 2 करवाए जा चुके हैं, लेकिन अब नवंबर माह में 19 तारीख होने वाले टेस्ट-3 में विभाग ने इतना खर्च कर बच्चों को गलत ओएमआर शीट ही स्कूलों में भिजवा दी। उधर, इस पर जेबीटी बेरोजगार संघ ने कहा कि एक तरफ जहां सरकार स्कूलों में गुणवत्ता लाने की बात लगातार कर रही है। वहीं, दूसरी और विभाग इस तरह की परीक्षाओं पर होने वाले खर्चों का उपयोग सही से नहीं कर पा रहा है।



विभाग और सरकार की नाकामियों की वजह से ही हिमाचल में शिक्षा का स्तर हर वर्ष लगातार गिरता चला जा रहा है, जो प्रदेश कभी देश में शिक्षा के स्तर पर टॉप-3 में आता था, वह अब स्तर तीसरे से 21वें स्थान पर पहुंच गया है, जेबीटी बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश परयाल ने कहा कि प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा का स्तर निरन्तर गिरता जा रहा है जिसके कारण है समय स्कूलों में अध्यापकों की कमी को पूरा ना करना प्रदेश में सरकार को सत्ता में 2 साल पूरे हो चुके परंतु वो बेरोजगारो के साथ किया एक वादा भी पूरा नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि जेबीटी कमिश्नन को हुए 5 साल से अधिक का समय हो चुका है तब से जेबीटी में कोई भर्ती कमिश्नन के माध्यम से नही हुई है ,प्रदेश के 60 हजार से अधिक प्रशिक्षित जेबीटी कमिश्नन देने का एक मौका तलाश कर रहे है ओर हर साल यह संख्या बढ़ती जा रही है पर सरकार उन्हें मौका देने में नाकाम साबित हुई है। स्कूलों में लगभग 3 हजार पोस्ट खाली पड़ी हैं, जिन्हें भरने की खबरें सिर्फ अखबारों तक ही सीमित रह चुकी हैं। सरकार को जल्दी कमिश्नन के माध्यम के भर्ती करवाने पर विचार करना चाहिए अन्यथा बेरोजगारों के सब्र का बांध अब टूट चुका है। वहीं विभाग द्वारा गलत ओएमआर शीट प्रिंट करने पर सरकार को कड़ा संज्ञान लेना चाहिए।

## बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से बांधा समां



तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का समापन आयोजित हुआ। इसमें मुख्यातिथि कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार रहे। सर्वप्रथम उनके विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा एवं समस्त स्टाफ ने उनका स्वागत किया। उसके बाद बच्चों द्वारा मार्चपास्ट करते हुए मुख्यातिथि को सलामी देते हुए मुख्यातिथि का स्वागत किया। उसके बाद दीप प्रज्वलित करते हुए मां सरस्वती की बंदना की गई। मुख्यातिथि को विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा द्वारा टोपी और शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद स्कूल के कक्षा चौथी से लेकर 10वीं कक्षा तक के छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी गई। वहीं, मुख्यातिथि ने शिक्षा व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। अंत में विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा द्वारा सभी अभिभावकों और मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया

# आईटीआई नैहरनपुखर में 25 को होंगे कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, गरली**

आईटीआई नैहरनपुखर में एक बार फिर युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। आगामी 25 नवंबर को श्रीराम पिसटनस एंड रिंगस लि. पथरेडी बिभाडी (राजस्थान) द्वारा आईटीआई नैहरनपुखर में कैंपस इंटरव्यू लिए जा रहे हैं।

इन इंटरव्यू में आईटीआई पास लगभग 100 पुरुषों व महिलाओं का चयन किया जाएगा, जिसमें फिटर, टर्नर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशन, मशीनिस्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल आदि ट्रेड में कोर्स पूरा कर चुके अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। नॉन आईटीआई युवाओं को भी रोजगार का अवसर मिलेगा। चयनित युवाओं की उम्र 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

यह जानकारी देते हुए आईटीआई नैहरनपुखर के प्रधानाचार्य ललित मोहन और ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर मुकेश कौशल ने बताया कि आईटीआई पास युवाओं को 14430 रुपए मासिक वेतन और बिना आईटीआई पास युवाओं को 14130 रुपए वेतन दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01970-292604, 94183-41886 व कंपनी के मोबाइल नंबर 88943-91742 पर संपर्क किया जा सकता है।

## पठानकोट में महिला ने लगाया फंदा

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पठानकोट में एक महिला की फंदे से लटकर मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार घटना गत देर रात 10:30 बजे की है। हालांकि मामले का तब पता चला जब मृतक युवती रुचिका महाजन (38) भाई अनित महाजन निवासी गुरदासपुर पुलिस थाना डिवीजन नंबर. 1 पहुंच युवती के ससुराल परिवार पर गंभीर आरोप लगाए। थाना डिवीजन नंबर. 1 के प्रभारी दविंद्र काशनी और जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत में मृतका के भाई अनित महाजन ने कहा कि उनकी बहन की करीब चार पहले पठानकोट की इंद्रा कालोनी गली नंबर. 4 में एक युवक नितिन महाजन से शादी हुई थी। मृतका के दो जुड़वा बच्चे भी हैं। गत रात उसकी बहन ने ससुराल वालों से तंग आकर फंदा लगा लिया। जांच अधिकारी ने कहा कि अनित महाजन के बयानों पर तीनों लोगों पर विभिन्न धाराओं तहत केस दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। शव के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से ही खुलासा होगा कि महिला की मौत कैसे हुई है। (अनंत ज्ञान)

# डाडासीबा कॉलेज का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में सोमवार को उच्चतर शिक्षा निर्देशालय हिमाचल प्रदेश शिमला के निर्देश अनुसार डॉ. सुशील कुमार बस्सी प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय ज्वालामुखी, तथा डॉ. अनिल गौतम प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय नादौन की अगुवाई में महाविद्यालय की रैंकिंग हेतु निरीक्षण किया गया। इस का उद्देश्य महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं का आकलन एवं निरीक्षण करना था, जिस के आधार पर आगे महाविद्यालय को ग्रेडिंग दी जा सके।




महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. जतिंदर कुमार ने डॉ. सुशील बस्सी और अनिल गौतम का बुके देकर स्वागत किया। तत्पश्चात निरीक्षण दल ने निरीक्षण कर के महाविद्यालय की गुणवत्ता को ओर बेहतरीन बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर निरीक्षण दल के सदस्यों में प्रो. बलजीत, यशपाल, अनिल ओर अधीक्षक कुलदीप उपस्थित रहे। वहीं, महाविद्याल अभिभावक शिक्षक संघ की प्रधान परवीन बाला, पूर्व प्रधान पिंकी देवी व अजंना ठाकुर भी उपस्थित रहीं।

# बेहतर कार्य के लिए अरनी विवि और सीयू के प्रतिनिधि सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा के रेड रिबन क्लबों की विशेष जिला स्तरीय बैठक का आयोजन स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के सभागार में किया गया। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने की। बैठक का आयोजन जिला कांगड़ा में टीबी व एचआईवी एड्स से जुड़ी जागरूकता व उन्मूलन के लिए आगामी रणनीति बनाने के उद्देश्य से किया गया।

बैठक का संचालन करते हुए डॉ. राजेश सूद जिला स्वास्थ्य व क्षय रोग उन्मूलन अधिकारी ने बताया कि बैठक में जिलाभर के 44 कॉलेजों से जुड़े छात्रों व नोडल अधिकारियों ने भाग लिय। इस बैठक में गुंजन संस्था के निदेशक विजय कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तरुण सूद भी शामिल हुए। वहीं, सीएमओ डॉ. गुलेरी ने बताया कि टीबी उन्मूलन व एचआईवी एड्स से जुड़ी जागरूकता बढ़ाने में युवावर्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

रेड रिबन क्लबो की शुरुआत युवाओं को एचआईवी/एड्स से जुड़ी जागरूकता व स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया। वर्तमान में युवाओं के समक्ष स्वास्थ्य से जुड़ी आने वाली चुनौतियों पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है लिए रेड रिबन क्लबों के माध्यम से युवाओं को जोड़कर क्षय रोग एवं एचआईवी/एड्स से जुड़ी जागरूकता बढ़ाने के लिए आगे आने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान सीएमओ डॉ. राजेश गुलेरी ने अरनी यूनिवर्सिटी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया।

## पेड़ कटान पर लगे प्रतिबंध : मिलखी

**फतेहपुर।** क्षेत्र के कस्वा पल्ली के पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा ने सोमवार को पल्ली में मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि जब तक हरे पेड़ों के कटान पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लग जाता तब तक उनकी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा वन मंडल नूरपुर व देहरा के क्षेत्रों में हरे पेड़ों का कटान चला हुआ है, जिसमें प्रतिबंधित पेड़ों पर भी ठेकेदारों की कुल्हाड़ी चल रही है। उन्होंने जब भी शिकायत की है या फिर आवाज उठाई तो किसी भी ठेकेदार का नाम नहीं लिया है फिर भी क्षेत्र का एक ठेकेदार उन्हें धमकी दे रहा है। वह कह रहा था कि आप कहीं भी शिकायत कर लो वह आम के पेड़ काटता था, काटता है और आगे भी काटता रहेगा। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस के अधिकारियों से मेल के माध्यम से कर दी है। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि वह भी उनका समर्थन करें। हरे पेड़ों को आज कटने से नहीं बचाया गया, तो आने वाली पीढ़ी उन्हें कोसेगी।



**प्रतियोगिता** पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप के तीसरे दिन 73 पायलटों ने भरी उड़ान

# पुरुष वर्ग में स्पेन के डेविड, महिलाओं में अलीशा टॉप पर

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

धौलाधार पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप के तीसरे दिन पायलटों ने नरवाण पैराग्लाइडिंग साइट के टेक ऑफ प्वाइंट से उड़ान भरी। नरवाणा एडवेंचर क्लब (नरवाणा पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन) के मीडिया प्रभारी मुनीष कपूर ने बताया कि रविवार की तरह सोमवार को भी फ्लाइंग के चार राउंड पूरे करवाए गए। सभी प्रतिभागी 73 पायलटों ने 4-4 उड़ानें भरीं और तीसरे दिन का इवेंट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इवेंट में भारत, इंडियन आर्मी, एयरफोर्स, असम राइफल, स्पेन, कजाकिस्तान, नेपाल व यूएसए के पायलटस भाग ले रहे हैं। मुनीष कपूर ने बताया कि सोमवार के प्रदर्शन के आधार पर स्पेन के डेविड लगातार दूसरे दिन पहले स्थान पर जगह बनाए हुए हैं, जबकि रविवार को तीसरे स्थान पर रहे भारत के अक्षय ने दूसरे स्थान पर जगह बनाई है। वहीं, असम राइफल के राम शिंदे तीसरे स्थान पर कब्जा जमाए हुए हैं। उधर, महिला वर्ग में भारत की अलीशा कटोच पहले, तरन्नुम ठाकुर दूसरे, सुनिधि जम्वाल तीसरे व यूएसए की जीन चौथे स्थान पर हैं।



धर्मशाला के विधायक एवं एडवेंचर स्पोर्ट्स फेडरेशन आफ हिमाचल प्रदेश सहित नरवाणा एडवेंचर क्लब के चेयरमैन सुधीर शर्मा ने कहा कि विश्व भर में एडवेंचर स्पोर्ट्स के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है, जिसके चलते पैराग्लाइडिंग गतिविधियों में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जब एक जगह पर विभिन्न देशों के लोग एकत्रित होते हैं तो निश्चित तौर पर वहां के माहौल व वादियों को निहारने का आनंद लेते हैं। नरवाणा में चल रहे पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी कप में भारत सहित विदेशों से पायलट हिस्सा लेने पहुंचे हैं। पिछले वर्ष के आयोजन से नरवाणा साइट को पहचान मिली है। पायलट भी साइट की तारीफ कर रहे हैं, ऐसे में निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि आगामी वर्षों में यहां पर एडवेंचर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि इवेंट के स्कोर रोहित अग्रवाल व पूरी टीम के सहयोग से इवेंट का सफल आयोजन हो रहा है।

# राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 'परख' का आज स्कूलों में तीसरा मॉक टेस्ट

## शिक्षा उपनिदेशक, शिक्षा गुणवत्ता नियंत्रण, जिला संयोजक परख ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण




स्कूलों में करवाई जा रही तैयारी को जांचने के लिए नवीन शर्मा और परमजीत डोगरा ने विभिन्न स्कूलों का दौरा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

जिलेभर में शिक्षा की रैंकिंग सुधारने के लिए सभी सरकारी व निजी स्कूलों में राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परख के तहत आयोजित की जानी वाली परीक्षा की तैयारी करवाई जा रही है। प्रदेश सरकार और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने इस सर्वेक्षण को मिशन मोड पर लिया है, जिसके तहत बच्चों से पूरी लगन के साथ परीक्षा की तैयारी करवाई जा रही है।

इस सर्वेक्षण के तहत तीसरी, छठी और नौंवी कक्षा के बच्चों की परीक्षा 4 दिसंबर को आयोजित की जानी है। हालांकि स्कूलों का चयन अभी नहीं किया गया है, लेकिन जिला के 107 सरकारी व निजी स्कूलों में यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। इन स्कूलों का चयन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा रैंडम आधार पर किया जाएगा, यानी इसके लिए किसी भी सरकारी या गैर सरकारी स्कूल का चयन हो सकता है।

### छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन होगा: शिक्षा उपनिदेशक

निरीक्षण के उपरांत शिक्षा उपनिदेशक ने संबंधित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर ही शिक्षा गुणवत्ता का मूल्यांकन होगा। अतः इसके लिए हम सबको मिलजुलकर अधिक से अधिक मेहनत करनी होगी।

इनमें 56 स्कूल हिंदी माध्यम और 51 स्कूल अंग्रेजी माध्यम के हो सकते हैं। इसमें तीसरी और छठी कक्षा के छात्रों से हिंदी, गणित और हमारे चारों तरफ विश्व विषय के प्रश्न पूछे जाएंगे और यह परीक्षा 90 अंकों की होगी। वहीं, नौवीं कक्षा के छात्रों से हिंदी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों से प्रश्न पूछ जाएंगे और यह परीक्षा 120 अंकों की होगी। इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण के आधार पर ही जिला और राज्य की रैंकिंग तय की जाएगी। हालांकि उच्च साक्षरता दर के बावजूद वर्ष 2021 में हुए सर्वेक्षण में जिला हमीरपुर का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा था, इसलिए रैंकिंग में सुधार लाने के लिए सभी स्कूलों के बच्चों से प्रेक्टिस करवा रहे हैं।

जिला प्रशासन ने भी इस बार के सर्वेक्षण में जिला और प्रदेश की रैंकिंग तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में उल्लेखनीय सुधार की अपेक्षा रखता है। सोमवार को राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परख के अंतर्गत स्कूलों में करवाई जा रही तैयारी को जांचने के लिए शिक्षा उपनिदेशक, शिक्षा गुणवत्ता नियंत्रण एवं जिला परियोजना अधिकारी नवीन शर्मा और जिला संयोजक परख परमजीत डोगरा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रंगस, प्राथमिक पाठशाला रंगस, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सनाही, प्राथमिक पाठशाला सनाही, टीआरडीएवी स्कूल, हाई स्कूल भवड़ां, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरा का औचक निरीक्षण किया तथा आयोजित होने वाली परीक्षा की तैयारी को जांचा।

निरीक्षण के उपरांत शिक्षा उपनिदेशक ने संबंधित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर ही शिक्षा गुणवत्ता का मूल्यांकन होगा। अतः इसके लिए हम सबको मिलजुलकर अधिक से अधिक मेहनत करनी होगी। (अनंत ज्ञान)

## नगर निगम को मंजूरी देकर भाजपा को दिया करारा जवाब : बिट्टू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने नगर परिषद हमीरपुर को नगर निगम का दर्जा देने और यहां भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का कार्यालय खोलने के प्रदेश मंत्रिमंडल के निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि 23 महीनों के कार्यकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश के चहुमुखी विकास के साथ-साथ हमीरपुर के लिए कई बड़ी योजनाएं मंजूर करके मुख्यमंत्री ने सभी जिलावासियों के दिल जीत लिए हैं।



सुनील शर्मा ने कहा कि नगर निगम और कामगार कल्याण बोर्ड के कार्यालय को मंजूरी प्रदान करने से पहले भी मुख्यमंत्री ने हमीरपुर में प्रदेश के सबसे बड़े बस स्टैंड का निर्माण कार्य आरंभ करके तथा मेडिकल कॉलेज को उत्कृष्ट चिकित्सा एवं मेडिकल शिक्षा संस्थान के रूप में विकसित करने के लिए विशेष प्रावधान करके भाजपा नेताओं को करारा जवाब दिया है क्योंकि भाजपा नेता इन परियोजनाओं को लेकर केवल राजनीति ही करते आ रहे थे और लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे थे। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमाचल को सबसे समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं।

## ...आखिर कब मेडिकल कॉलेज में मिलेगा लगने वाली लंबी लाइनों से छुटकारा



**मेडिकल** कॉलेज हमीरपुर में सोमवार को इलाज करवाने के आए मरीजों की ओपीडी पर्ची बनाने के लिए लगी लंबी लाइनों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए।

# राजनीतिक हलचल : नई पंचायत के गठन के लिए बड़ा पंचायत में प्रस्ताव पारित

## हमीरपुर जिले की करोट पंचायत के बाद बड़ा पंचायत है दूसरी सबसे बड़ी पंचायत

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

नादौन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ा में आज ग्राम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत बड़ा का विघटन करके नई पंचायत का गठन करने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार पंचायत बड़ा में हुई ग्राम सभा की बैठक में उपस्थित लोगों ने पंचायत बड़ा का विघटन करके नई पंचायत गठित करने का प्रस्ताव रखा।

इस दौरान उपस्थित लगभग 250 लोगों के हस्ताक्षर किए। मांग पत्र जिसमें लोगों ने पंचायत बड़ा का विघटन करके नई पंचायत गठित करने पर अपनी सहमति जताई थी, को भी पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके चलते पंचायत में नई पंचायत के गठन पर प्रस्ताव पारित करके उसे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह

**काफी समय से पंचायत वासियों द्वारा की जा रही है नई पंचायत के गठन की मांग**

सुक्खू को भेज दिया। पारित प्रस्ताव में बयान किया गया है कि पंचायत बड़ा में वर्तमान समय में 20 गांव पड़ते हैं। इन गांवों के विकास के लिए वर्तमान समय में इस पंचायत का विघटन करके नई पंचायत का गठन करना अति आवश्यक है ताकि पंचायत वासियों को अपने पंचायती संबंधी कार्य करवाने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

पंचायत वासियों ने मुख्यमंत्री सुक्खू से उनकी इस मांग को पूरा करने की भी मांग की हैं। गोर है पंचायत बड़ा में पंचायत का विघटन करके नई पंचायत बनाने का मुद्दा वर्तमान समय में काफी गरमाया हुआ हैं और वैसे भी इस पंचायत में वर्तमान समय में कुल जनसंख्या लगभग 3300 के करीब पहुंच चुकी है, जबकि चुनावों में लगभग 2280 के करीब मतदाता चुनावों के दौरान अपने मत का प्रयोग करते हैं। ये सब तथ्य विभागीय आंकड़े स्पष्ट रूप से बयान करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा प्रस्ताव

वहीं, इस बारे में पंचायत बड़ा की प्रधान सरिता देवी ने बताया कि पंचायत वासियों की मांग पर आज पंचायत बड़ा का विघटन करके नई पंचायत गठित करने का प्रस्ताव पंचायत वासियों की सर्वसम्मति से ग्राम सभा की बैठक में पारित कर दिया गया है और उसे अतिशीघ्र विभाग के उच्चाधिकारियों कों भेज दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्याड़ स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ



**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ब्याड़ में सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन समिति के पूर्व प्रधान रविंद्र कुमार ने किया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में 29 एनएसएस स्वयंसेवियों ने भाग ले रहे हैं जिसमें 18 लड़के व 11 लड़कियां हैं। कार्यक्रम अधिकारी राजेश शर्मा व निशा कुमारी ने बताया कि 7 दिन तक चलने वाले इस शिविर में स्कूल परिसर और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई के साथ-साथ धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण तथा गांव के रास्ते की साफ-सफाई की जाएगी। शिविर की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रम से की गई। इस अवसर पर वर्तमान स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान वनिता कुमारी ने भी बच्चों को अनुशासन में रहकर कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। मंच संचालन का कार्य प्रवक्ता इतिहास सतीश कुमार ने किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य सुनील दत्त शर्मा, उपप्रधानाचार्य संदीप शर्मा सहित स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### भगवती स्कूल की गौरिका का भाषण सबसे बढ़िया



**नादौन।** खंड स्तरीय स्पोर्ट्स टूर्नामेंट अंडर-12 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोना नादौन में आयोजित किया गया। इसमें भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी के छात्रों ने नादौन ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर-12 भाषण प्रतियोगिता व कबड्डी में भाग लिया और बहुत उमदा प्रदर्शन करते हुए खंड स्तरीय प्रतियोगिता में पाचवीं कक्षा की गौरिका ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा पाचवीं कक्षा के नक्श, अनमोल सिरमोरिया, कृंताक ने कबड्डी में भी प्रथम स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान हासिल करने के लिए स्कूल के बच्चों और अध्यापकों ने छात्रों और उनके अभिभावकों का जोरदार स्वागत किया। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने खंड स्तर में अव्वल आने के लिए इन छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्होंने उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और बधाई दी।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना राकेश के परिवार का बनी सहारा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

रैली जजरी पंचायत के गांव जजरी के राकेश की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना उनके परिवार का सहारा बनी है। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की रैली जजरी शाखा के प्रबंधक कर्म चंद ने राकेश की मौत के बाद उसकी पत्नी ऊषा देवी को दो लाख रुपए की क्लेम राशि का चेक सौंपा है।

जानकारी के अनुसार राकेश की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। राकेश ने हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा रैली जजरी से अपने खाते में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बीमा करवाया हुआ था। राकेश की मौत



के बाद पारिवारिक सदस्यों ने बैंक प्रबंधक से संपर्ककिया। बैंक प्रबंधन ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद राकेश की पत्नी उषा देवी को दो लाख का चेक सौंप दिया है। उधर, हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा रैली जजरी के प्रबंधक कर्म चंद ने कहा की सभी बैंक ग्राहकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ लेना चाहिए।

# नगर निगम बनाने पर कांग्रेसियों ने पटाखे फोड़े, बांटी मिठाई

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

कांग्रेस पार्टी के नेता और पदाधिकारी ने हमीरपुर नगर परिषद को नगर निगम बनने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार प्रकट किया है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक पर पटाखे फोड़े व मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

इस मौके पर कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष व पूर्व विधायक कुलदीप पठानिया, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती सहित अन्य कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस पार्टी ने मुख्यमंत्री सुक्खू का हमीरपुर नगर परिषद को नगर



हमीरपुर नगर परिषद को नगर निगम बनने पर मुख्यमंत्री का आभार जताते कांग्रेसी।

निगम का दर्जा देने पर आभार व्यक्त किया। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि नगर परिषद हमीरपुर को नगर निगम बनाकर मुख्यमंत्री ने यह साबित कर दिया है कि वह हमीरपुर के सौंदर्यीकरण और विकास में किसी भी तरह की कोई भी कमी नहीं छोड़ेंगे और इस बात को उन्होंने साबित किया है।

इसमें हमीरपुर में 95 करोड रुपए के साथ बन रहा अंतर-राज्य बस अड्डा, हमीरपुर शहर का सौंदर्यीकरण, हमीरपुर के बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए करोड़ों रुपए सौगात देना, उनकी इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष व पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि खुशी की बात है कि मुख्यमंत्री ने व्यवस्था परिवर्तन का नारा दिया था , सके अधीन हमीरपुर जिला को एक नई सौगात दी है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर में नगर परिषद को नगर निगम और नादौन में नगर परिषद नगर पंचायत भोरंज और बड़सर में जिसके लिए सभी कांग्रेस के नेता और पदाधिकारी ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के आभारी हैं। (अनंत ज्ञान)

# हिम अकादमी स्कूल ने जिले में पहला स्पेशल कवर जारी किया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर जिलो मुख्य डाकघर हमीरपुर में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हमीरपुर की 27वीं वर्षगांठ पर स्पेशल कवर जारी किया गया, जो कि आज से सभी मुख्य डाकघरों व डाकघरों में आम लोगों के लिए उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा हिम अकादमी का स्पैशल कवर देश-विदेश में रह रहे जितने भी फ्लेटलिस्ट हैं, जो कि डाक टिकट व स्पैशल कवर का संग्रहण करते हैं, उनके पास पहुंच जाएंगे।

इसके उपरांत जिला, स्टेट, नेशनल व इंटरनेशनल स्तर पर आयोजित होने वाली एग्जीवेशन में डाक टिकट व स्पैशल कवर की प्रदर्शनियों में इन्हें प्रदर्शित कर सकेंगे। इसके अलावा हिम अकादमी का स्पैशल कवर दिल्ली में फ्लैटी म्यूजियम में भी शोभा बढ़ाएगा, जिसे लोग बाद में भी देख सकेंगे। हिमाचल प्रदेश का इस वर्ष का यह पांचवां स्पैशल कवर है, जबकि



विशेष आवरण का विमोचन प्रो. लखनपाल व डाकघर के उपअधीक्षक संजय ने किया।

हमीरपुर जिला का पहला स्पैशल कवर है। मुख्य डाकघर में हिम अकादमी के विशेष आवरण का विमोचन हिम अकादमी स्कूल के फाउंडर प्रो. आरसी लखनपाल व डाकघर हमीरपुर मंडल के उपअधीक्षक संजय कुमार द्वारा सोमवार को किया गया।

विशेष अतिथियों में हिम अकादमी हमीरपुर की वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, हिम अकादमी के निदेशक पंकज लखनपाल, हिम अकादमी प्रिंसिपल नैना लखनपाल व हिमांशु शर्मा, प्राकृति लखनपाल, सहायक अधीक्षक डाकघर हमीरपुर सूरम सिंह बनयाल, शिमला से फ्लैटी ब्यूरो प्रभारी सचिन, पोस्ट मास्टर हमीरपुर सुनीता धीमान, निरीक्षक डाकघर हमीरपुर पूर्व उपमंडल संजीव कुमार, निरीक्षक डाकघर हमीरपुर पश्चिम उपमंडल रजनीश कुमार, शाखा प्रबंधक इंडिया पोस्ट पेंमेंट बैंक हमीरपुर उज्ज्वल मलिक, कार्यालय सहायक मोंटी कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

# सर्व जनकल्याण सभा सामाजिक उत्थान के लिए प्रदेश में करेगी कार्य : नवीन शर्मा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सर्व जनकल्याण सभा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा ने हमीरपुर में पत्रकार वार्ता में कहा कि सर्व जनकल्याण सभा पूरे प्रदेश में वर्ष भर सामाजिक हित और सामाजिक उत्थान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। उन्होंने कहा कि सर्व जनकल्याण सभा शिक्षा क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, मातृ शक्ति के उत्थान के लिए, किसानों के क्षेत्र में, पर्यावरण के क्षेत्र में, धर्म संस्कृति व आपदा प्रबंधन के अलावा युवा जो नशे के आदी हो रहे हैं, उसके लिए कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार पाने के लिए करियर काउंसिलिंग के सही मार्गदर्शन के लिए संस्था द्वारा किया जाएगा जिससे हमारा युवा न बेरोजगार रहे और न ही नशे की चपेट में आए। उन्होंने कहा कि किसानों की स्थिति आज के समय मे खराब है अधिकतर किसान विभिन्न कारणों से धीरे धीरे कृषि करना छोड़ रहे हैं तो किसानों के लिए जरूरी कदम उठाने का काम संस्था द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यवरण असन्तुलन आज एक गंभीर समस्या बन चुका है इसके लिए भी संस्था विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।



सभा के जिला अध्यक्ष जानकारी देते हुए।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के ऊपर भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर संस्था काम करेगी। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे प्रदेश के सभी जिलों की कार्यकारिणी घोषित की जाएगी। इस अवसर पर सर्वजन कल्याण सभा के जिला अध्यक्ष भुपिंदर बन्याल ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें महासचिव अभिषेक जोशी उपाध्यक्ष डॉ. कुलदीप, सोमदत्त शर्मा, अभयवीर सिंह, रजनीश, अजय शर्मा सचिव प्रशांत चोपड़ा, बलविंदर कुमार, मुनीश कुमार, सुरेश, अनूप, प्रवक्ता विकास शर्मा व कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता को बनाया गया।

जिला अध्यक्ष भुपिंदर बन्याल ने कहा कि सामाजिक उत्थान के लिए समाज के सहयोग से हम समाज मे काम करेंगे। प्रेस वार्ता में हमीरपुर विधानसभा के संस्था के महामंत्री अश्वनी शर्मा भी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय विद्यालय में छात्रों को सिखाया अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग करना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए एकदिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य की पर्वतीय महिला विकास ट्रस्ट द्वारा किया गया।

इसमें संगठन के सदस्यों द्वारा कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों को अपशिष्ट पदार्थों एवं चीड़ की पत्तियों से घरेलू साज-सज्जा एवं दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुएं ईयर रिंग, चपाती बॉक्स, कोस्टर, सुंदर टोकरियां, वाल हैंगिंग और पालतू जानवरों, पशुओं का बिछौना बनाने का कौशल सिखाया गया। कार्यशाला में बच्चों ने उत्साह के साथ बढ़कर भाग लिया एवं कार्यशाला के दौरान स्वयं छात्रों ने भी अनेक कलाकृतियां बनाने का अभ्यास किया।

कार्यशाला को पर्वतीय महिला विकास ट्रस्ट की चेयरपर्सन बिमला विश्वपावमी, प्रशिक्षिका स्वर्णा देवी, सरला देवी और मधु देवी के द्वारा यह हस्तशिल्प कार्यशाला संपन्न की गई। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील चौहान ने संगठन के सभी सदस्यों को धन्यवाद किया एवं भविष्य में छात्र हित में इस प्रकार की कार्यशाला के आयोजन का आग्रह भी किया।



स्कूल में एकदिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला में बच्चों ने सुंदर सामान बनाना सीखा।

**आयोजन** शिक्षा खंड बिझड़ी के प्राथमिक स्कूल के बच्चों की खेलों का विधिवत समापन

# लड़कों और लड़कियों की कबड्डी में बड़सर जोन प्रथम

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

बड़सर में आयोजित शिक्षा खंड बिझड़ी के प्राथमिक स्कूलों के बच्चों की दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का विधिवत समापन हो गया। इसमें 93 सरकारी स्कूलों और 8 निजी प्राथमिक स्कूलों के 400 के करीब नन्हे-मुन्ने खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुख्यातिथि सुदेश कुमारी शिक्षा खंड बिझड़ी अधिकारी ने इस अवसर पर खिलाड़ियों को सम्मानित कर उन्हें आउटडोर खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस खेल प्रतियोगिता में लड़कों और लड़कियों की कबड्डी प्रतियोगिता में जोन बड़सर पहले स्थान पर रहा। लड़कों को खो-खो प्रतियोगिता में एएनएम पब्लिक स्कूल बड़ागांव प्रथम और लड़कियों की खो-खो खेल प्रतियोगिता में शिवा पब्लिक




अपनी ट्रॉफी के साथ नन्ही बालिका, विजेताओं के साथ गणमान्य।

स्कूल मोहलवीं पहले नंबर पर रहा।

लड़कों की वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता में सन राइज सोहारी ने पहला और इसी क्रम में लड़कियों की वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता में शिवा पब्लिक स्कूल मोहलवीं ने विजेत का खिताब हासिल किया। सोलो सांग में सेवन स्टार प्रथम, ग्रुप सांग में सेवन स्टार पहल, फोक डांस में जोन बड़सर पहले और भाषण प्रतियोगिता में सेवन स्टार और सनराइज पहले, क्विज प्रतियोगिता में भोटा जोन पहले नंबर पर रहा।

100 मीटर लड़कों की दौड़ प्रतियोगिता में बड़सर का विकास प्रथम तथा 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में बड़सर का विकास पहले स्थान पर रहा। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में जनेहन की अंशल कौंडल ने पहला इसी क्रम में 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में शिवा पब्लिक स्कूल मोहलवीं की अदिति शर्मा ने प्रथम हासिल कर विजेता का खिताब जीता।

## बस स्टैंड के बाद हमीरपुर को नगर निगम के रूप में मिली बड़ी सौगात : अजय शर्मा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) हमीरपुर के अध्यक्ष अजय शर्मा ने नगर परिषद हमीरपुर को नगर निगम बनाने के प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का ऐतिहासिक कदम बताया है। अजय शर्मा ने कहा कि अंतरराज्यीय बस स्टैंड के बाद मुख्यमंत्री ने हमीरपुर शहर के लिए नगर निगम के रूप में एक और बड़ी सौगात दी है।



उन्होंने कहा कि हमीरपुर में करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले अंतरराज्यीय बस स्टैंड का कार्य तेजी से जारी है। यह हिमाचल का सबसे बड़ा बस स्टैंड होगा। मुख्यमंत्री ने हमीरपुर के लिए भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का कार्यालय भी मंजूर किया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी मुख्यमंत्री हमीरपुर में प्रदेश एवं जोनल स्तर के तीन बड़े कार्यालय खुलवा चुके हैं। अजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री समाज के अंतिम व्यक्ति तक के कल्याण एवं उत्थान के लिए कई सराहनीय योजनाएं आरंभ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से तैयार गेहूं और मक्की की फसलों के लिए अलग से न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करके मुख्यमंत्री ने एक बहुत ही सराहनीय पहल की है। उन्होंने प्राकृतिक विधि से तैयार गेहूं के लिए 40 रुपए और मक्की के लिए 30 रुपए प्रति किलोग्राम दाम निर्धारित किया है जो कि आम न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी ज्यादा है। इसी प्रकार, गाय और भैंस के दूध के लिए भी उच्च दाम निर्धारित किए गए हैं। किसानों-बागवानों और पशुपालकों के हित में इस तरह के निर्णय लेने वाला हिमाचल भारत का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री के इन सराहनीय निर्णयों के परिणामस्वरूप अब लोग कृषि, बागवानी और पशुपालन के लिए प्रेरित हो रहे हैं तथा इन पारंपरिक व्यवसायों से अपनी आय बढ़ाने की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नगर निगम ने 15 दोपहिया वाहनों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर निगम क्षेत्र में आए दिन गलियों और शहर के कुछ स्थानों पर लगातार अतिक्रमण और रास्ता अवरुद्ध होने की लगातार शिकायतें आ रही थी जिस पर सोमवार को नगर निगम की टीम द्वारा भूतनाथ गली, महाजन बाजार, चौहटा बाजार, चंद्रलोक गली में संयुक्त निरीक्षण किया गया जिस दौरान अतिक्रमण कारियों और बेतरतीब तरीके से गलियों में स्कूटर और बाइक पार्क करने वालों पर कार्रवाई अमल में लाई गई। सफाई निरीक्षक सतीश गुलेरिया ने बताया कि पिछले लंबे समय से शहर के बहुत से स्थानों पर अतिक्रमण और बाइक और स्कूटर द्वारा रास्ते के अवरुद्ध होने की शिकायतें नगर निगम में आ रही थी जिसको ध्यान में रखते हुए शहर की कुछ स्थानों पर पुलिस सहित औचक निरीक्षण किया गया। वहीं पुलिस द्वारा करीब 15 दोपहिया वाहनों के चालान काटे गए और गलियों में जिन व्यापारियों का सामान दुकान से बाहर लटका हुआ था उन्हें चेतावनी देकर सख्त हिदायत दी गई की आने वाले समय में इस प्रकार का सामान दिखा तो उसे जब्त कर जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही चौहटा बाजार में अनाधिकृत रूप से बैठे सब्जी विक्रेताओं की करीब 25 किलो सब्जी को भी जब्त किया गया। वहीं नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा अतिक्रमण को बक्शा नहीं जाएगा नगर निगम की निरीक्षण टीम द्वारा आज वॉर्निंग दी गई है आगामी दिनों में सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### छात्रों का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रतियोगिताएं जरूरी



**आदर्श, नेरचौक।** विजय इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन नेरचौक में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. दीप्ति ने किया। प्रतियोगिता कॉलेज में हर साल छात्रों का मनोबल बढ़ाने के लिए कराई जाती है। जिससे छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास में वृद्धि होती है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं से छात्रों में खेलकूद के प्रति रुझान एवं उत्साह बढ़ता है। इस प्रतियोगिता में वोल्ली बॉल, बैडमिंटन, चेस, कैरम बोर्ड आदि प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई जिसमें बीबीए, बीसीए, बीएचएम के छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का समापन कॉलेज के चेयरमैन गौरव मरवाह ने किया।

### विभिन्न जगहों पर आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** विद्युत उपमंडल के अधीन 11 केवी इंडस्ट्री फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में नेर, गरांचा, धडबाहण व इसके आस पास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति मंगलवार 19 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली की लाइन की आवश्यक मरम्मत के चलते बाधित रहेगी। यदि किसी कारणवश यह काम मंगलवार को नहीं होता है तो यह काम बुधवार को किया जाएगा। कनिष्ठ अभियंता मोहम्मद सजाद सैयद ने जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने जाना नंद लाल का कुशलक्षेम



**शिमला ।** 7वें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष नंद लाल का कुशलक्षेम जानने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आईजीएमसी पहुंचे। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और विधायक हरीश जनारथा भी उपस्थित रहे।

### सहकारी समिति डडौर को मिला पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** दी बल्ह वैली कृषि ऋण व बचत सहकारी समिति डडौर को



बेहतरीन संचालन के लिए सहकारिता विभाग ने जिला स्तरीय द्वितीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया है। पुरस्कार के मिलने से सहकारी समिति के सदस्यों में खुशी का माहौल है। समिति के प्रधान देवी रूप श्रेणी ने बताया कि गत वर्ष भी सभा को जिला मंडी में प्रथम पुरस्कार मिला था। उन्होंने समिति के समस्त कर्मचारी सदस्यों एवं शेरहोल्डर को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा है कि सभी के सहयोग से ही यह सम्मान उन्हें प्राप्त हुआ है।

### अनुराग ठाकुर ने वंदना के घर पहुंचकर शोक जताया



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सोमवार को अपने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से जिला परिषद की सदस्य वंदना गुलेरिया के पति एवं पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर के दामाद दिनेश गुलेरिया के दुःखद निधन पर उनके आवास पर जाकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, जिला महामंत्री राकेश ठाकुर, भाजपा नेता सुरजीत ठाकुर भोरंज मंडल के अध्यक्ष अशोक ठाकुर आदि भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने भी दिनेश गुलेरिया के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है एवं शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

## चंबा में प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की की खरीद शुरू, डीसी मुकेश ने शुभारंभ कर कहा–

# सरकार प्राकृतिक खेती को दे रही बढ़ावा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती से उगाई गई मक्की हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य की दर से खरीद प्रक्रिया 18 नवंबर को बालू में आरंभ हो गई, जिसका विधिवत शुभारंभ उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेती में रासायनिक खाद और जहरीले कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल से कई दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं जिसको देखते हुए प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती में रासायनिक खाद व जहरीले कीटनाशकों का इस्तेमाल वर्जित है तथा प्राकृतिक विधि से तैयार फसलें न केवल सेहत के लिए सुरक्षित एवं पौष्टिक हैं वहीं इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती द्वारा तैयार गेहूं और मक्की के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है तथा प्रदेश के किसान इस



लोगों से जानकारी लेते हुए उपायुक्त व अन्य।

विधि को अपनाकर अपनी आय में अच्छी बढ़ोतरी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि जिला चंबा में महिलाएं पुरुषों की तुलना काफी ज्यादा संख्या में कृषि को व्यवसाय के रूप में अपना रही हैं तथा अपने परिवार सहित जिला की आर्थिकी को मजबूती प्रदान कर रही हैं।

उपायुक्त ने प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों का आह्वान किया कि वे अपने आसपास के क्षेत्रों में अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करें। मुकेश रेपसवाल ने कृषि, बागवानी तथा आत्मा परियोजना से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ-साथ फसल विविधीकरण के लिए अधिक से अधिक जागरूक व प्रशिक्षित करें ताकि जिला के अधिक से अधिक लोग कृषि व बागवानी को व्यवसाय के रूप में अपना सकें।

इससे पूर्व मुख्यातिथि का विधिवत स्वागत करने के उपरांत आत्मा परियोजना के उप परियोजना निदेशक डॉ. ओम प्रकाश अहीर ने बताया कि चंबा जिला के विभिन्न विकास खंडों में पांच खरीद केंद्रों में ×24 किसानों से इस वर्ष 78.65 मीट्रिक टन मक्की की खरीद की जा रही है। डॉक्टर अहीर ने बताया कि चंबा में 71 किसानों से 48.65 मेट्रिक टन, तीसा में 165 किसानों से 19 टन, भरमौर में 20 किसानों से एक मेट्रिक टन, चुवाड़ी में ×8 किसानों से 7 मीट्रिक टन तथा बनीखेत में ×0 किसानों से × मेट्रिक टन प्राकृतिक खेती से तैयार की गई मक्की की खरीद की जा रही है।

डॉक्टर अहीर ने जानकारी दी की जिला चंबा की समस्त ×09 ग्राम पंचायत में 2575 हेक्टेयर भूमि पर 15800 किसानों द्वारा प्राकृतिक विधि से कृषि व बागवानी की जा रही है इनमें से 14088 किसानों-बागवानों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जिला के किसान प्राकृतिक विधि द्वारा अनाज, सब्जियां तथा फलों का बड़े स्तर पर उत्पादन कर रहे हैं।

कार्यक्रम में जिला चंबा के विभिन्न हिस्सों से प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों ने सरकार द्वारा प्राकृतिक विधि से तैयार की गई मक्की व गेहूं की खरीद के लिए दिए जा रहे न्यूनतम समर्थन मूल्य की सराहना की तथा प्राकृतिक कृषि व बागवानी के क्षेत्र में अपने-अपने अनुभव सांझा किए।

## वन भूमि से कशमल की जड़ें निकालता एक व्यक्ति काबू

**अनंत ज्ञान, चुराह/सलूनी**



वन विभाग की भूमि पर अवैध तरीके से कशमल की जड़ें निकालने वाले व्यक्ति पर विभाग ने 78,000 रुपए जुर्माना लगाया है। किहार ब्लॉक में कुछ लोग वन विभाग की अनुमति के बिना कशमल की जड़ों को उखाड़ रहे थे। इसकी सूचना जैसे ही विभाग को मिली तो वन मंडल अधिकारी चुराह अपनी टीम को साथ मौके पर पहुंचे।

विभागीय टीम को देखकर कशमल की जड़ों को उखाड़ रहे लोग जंगल में भाग गए, लेकिन एक व्यक्ति को टीम ने मौके पर दबोच लिया। जब वन भूमि से उखाड़ी गई कशमल जड़ों की मात्रा को मापा गया तो उसके आधार पर व्यक्ति को 78,000 रुपए जुर्माना लगाया गया। इन जड़ों को निकालने के बाद लोग बाहरी राज्यों में बेचते हैं। जहां पर जड़ों से दवाई तैयार की जाती है।

### वन विभाग से निजी भूमि की अनुमति लेकर सरकार से निकाल रहे जड़ें

**जानकारी** के अनुसार वन मंडल चुराह के किहार के अलावा हिमगिरी शलेई भड़ेला लाहरा में भी कशमल की जड़ें निकालने का मामला विभाग के सामने आया है। यहां पर वन विभाग से अनुमति लेकर निजी भूमि पर कशमल की जड़ें निकालीं जा रहीं थी। लेकिन जब वन विभाग की टीम ने जांच की तो पाया गया कि यहां लोग निजी भूमि के साथ वन विभाग की भूमि पर भी जड़ें उखाड़ रहे हैं। इसके बाद उनके खिलाफ विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया।

साथ ही उन्हें हिदायत दी कि वे सिर्फ निजी भूमि से ही कशमल जड़ों को निकाले। वन विभाग की इस कार्रवाई के बाद कशमल जड़ों का अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है।

## खेतों में खाद व रसायन स्प्रे करने के लिए अनुदान पर उपलब्ध होंगे ड्रोन : कुलदीप

**अनंत ज्ञान, चंबा**

खेती के कार्यों को आसान बनाने और मजदूरों पर निर्भरता कम करने के लिए इन कार्यों का मशीनीकरण करना बहुत आवश्यक है। मशीनीकरण से खेती के कार्य करना आसान हो जाता और लागत भी कम आती है।

यह जानकारी देते हुए डॉ. कुलदीप धीमान, उप कृषि निदेशक, जिला चंबा ने बताया कि 'नमो ड्रोन दीदी योजना' के अंतर्गत इच्छुक महिलाओं के 'स्वयं सहायता समूहों' को 80 प्रतिशत अनुदान पर 'ड्रोन' उपलब्ध करवाए जायेंगे द्ध तथा ड्रोन खरीदने से पहले इच्छुक स्वयं सहायता समूहों के दो सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें से एक को ड्रोन दीदी पायलट और दूसरी सदस्य को ड्रोन सहायक का प्रशिक्षण दिया जायगा।

डॉ. कुलदीप धीमान ने कहा कि आजकल की युवा पीढ़ी रोजगार की तलाश में शहर की ओर जा रही है और गांव में खेती के कार्यों के लिए मजदूर मिलना बहुत मुश्किल हो गया है, इसलिए फसलों में कीट या विमारियों के नियंत्रण के लिए स्प्रे करने को मजदूर नहीं मिलते हैं खड़ी फसलें जब बहुत ऊंची हो जाती है तो उस समय फसलों में कीट या विमारियों के नियंत्रण के लिए फसलों के ऊपर स्प्रे करना और भी कठिन होता है।

उन्होंने कहा कि 'नमो ड्रोन दीदी योजना' के अंतर्गत सरकार द्वारा 80 प्रतिशत अनुदान पर ड्रोन उपलब्ध करबाए जाएंगे और 20 प्रतिशतद धनराशी 'स्वयं सहायता समूह' को वहन करनी होगी द्ध यह 20 प्रतिशत धनराशी 1.5 से 2.0 लाख के बीच हो सकती है।

डॉ. धीमान ने ने बताया कि उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए इच्छुक स्वयं सहायता समूह नजदीकी कृषि कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। स्वयं सहायता समूह इस योजना का लाभ ले सकते हैं ।

## बच्चों के साथ मारपीट मामले की डीएसपी सलूणी करेंगे तफ्तीश

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

उपमंडल सलूणी की ग्राम पंचायत बड़ेला के गांव चबड़ में बीते दिनों अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले परिवार के दो सगे भाई बहनों को स्वर्ण जाति द्वारा मारपीट गाली गलौज एवं जाति सूचक शब्द बोलकर कपड़े तक फाड़ने का मामला प्रकाश में आया था। मामला क्योंकि जातिगत है इसलिए इस सारे मामले को डीएसपी सलूणी स्वयं ही जांच पड़ताल करेंगे।

इस मामले पर डीएसपी सलूणी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा दोनों पक्षों को पत्राचार के माध्यम अपने-अपने जातिगत प्रमाण पत्र जमा करवाने हेतु उचित





### जातिगत प्रमाण-पत्र मिलने के बाद शुरू होगी कार्रवाई

निर्देश जारी कर दिए हैं। जातिगत प्रमाण पत्र मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। वहीं पीड़ित पक्ष में चंपों देवी ने बताया कि उनके दोनों बच्चे 11 नवंबर को हुई मारपीट से सहम गए हैं और अभी तक भी उस सदमे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

## शुगल सिंह बने उपमंडलीय प्रबंधक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम चंबा क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक शुगल सिंह को पदोन्नति देकर उपमंडलीय प्रबंधक बना दिया गया है। अब वे बतौर उप मंडलीय प्रबंधक निगम के चंबा क्षेत्र का पदभार देखेंगे। निगम के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर द्वारा उनकी पदोन्नति को लेकर आदेश जारी हो चुके हैं।



शुगल सिंह इससे पहले सोलन, नेरवा और पठानकोट में भी क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि सभी सहयोगियों को सहयोग दिया जाएगा।

## शिविर के समापन पर स्वयंसेवी सम्मानित



शिविर के समापन पर गणमान्य के साथ स्वयंसेवी।

**आजम डार, तीसा**

जिला चंबा के चुराह क्षेत्र में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थल्ली में सात दिवसीय एनएसएस शिवर का समापन हो गया इस समापन अवसर पर एस एम सी के अध्यक्ष व पंचायत प्रधान जय सिंह मुख्यातिथि के रूप में शामिल रहे।

स्कूल के प्रधानाचार्य आर के प्रजापति तथा कार्यक्रम अधिकारी तिलक राज ने स्वान्यसेवियों की ओर से 7 दिनों तक की गई विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी । उन्होंने बताया कि एनएसएस 30 स्वयंसेवियों के द्वारा विद्यालय परिसर के सौंदर्य करण के अतिरिक्त गांव भटकर में मंदिर वह अन्य पानी के स्त्रोतों पनिहारों को साफ किया गया ।

कार्यक्रम के अंत में बेहतरीन कार्य करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## गतिविधियों से बच्चों में बढ़ता है आत्मविश्वास

**चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बकानी में बाल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पाठशाला के प्रधानाचार्य अजय सिंह विशेष रूप में मौजूद रहे। स्कूल प्रधानाचार्य ने संबोधन में बच्चों द्वारा विभिन्न तरह की गतिविधियों में किए बेहतर प्रदर्शन की सराहना की।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में आयोजित किए जाने वाले बाल सहित अन्य तरह कार्यक्रमों में होने वाली तरह तरह की गतिविधियों से बच्चों में न केवल आत्म विश्वास बढ़ता है, बल्कि इससे बच्चों को आगे बढ़ने की सीख भी मिलती है। इस दौरान प्रधानाचार्य ने अजय सिंह ने आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को अपनी ओर से गर्म स्वेटर भी वितरित किए।

## 'भारत को जानो' प्रतियोगिता में गुरु नानक स्कूल का दबदबा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



बच्चों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

गुरु नानक पब्लिक स्कूल, डलहौज़ी के होनहार छात्रों ने भारत विकास परिषद पश्चिम प्रांत द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करते हुए प्रतिभा का लोहा मनवाया।

बैजनाथ (कांगड़ा) में आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने इतिहास, संस्कृति और भारत की विरासत से जुड़े गहन प्रश्नों का सही उत्तर देकर अपनी उत्कृष्टता साबित की। बता दें कि प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में ऋधिमा और हरजोत की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कनिष्ठ वर्ग में सार्थक और रजत ने दूसरा स्थान हासिल किया।

इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य नवदीप भंडारी ने विजेता छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा 'यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का ही नतीजा है।

इस उपलब्धि को अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल ज्ञानवर्धन करती हैं बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। भारत को जानो प्रतियोगिता में छात्रों ने भारत के इतिहास, संस्कृति, और परंपराओं से जुड़े सवालों का सामना किया। इस तरह के मंच न केवल ज्ञान को गहराई तक ले जाते हैं बल्कि छात्रों में देश के प्रति जागरूकता और गर्व का भाव भी उत्पन्न करते हैं।

### सूडोकु 00121 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00120 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## कैंप में 230 लोगों ने करवाई जांच

**अनंत ज्ञान, चंबा**

द-हंस फाउंडेशन की ओर से सोमवार को राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सलूणी के मैदान में नेत्र रोग जांच एवं निदान शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम नवीन सलूणी कुमार, एसएमओ डॉ. जगजीत पठानिया व प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार धीमान ने शिविर का शुभारंभ किया।

इस दौरान करीब 230 लोगों की नेत्र रोग व अन्य रोगों की जांच करने के साथ ही दवाइयां भी वितरित की गईं। सलूणी में आयोजित शिविर में द-हंस मोबाइल मेडिकल युनिट-चार के सदस्यों पाइलेट यमन, अर्जुन यादव, फार्मासिस्ट जया, महिंद्र, एसपीओ मोनिका, लिशा, राकेश, कार्तिक, दीपक, लैब टेक्नीशियन शांति जरयाल, गुंमत वर्मा, डा. स्पर्श सहदेव, डा. सलोनी कौशल, परियोजना समन्वयक दिनेश ठाकुर, हंस मित्र प्रीतो, शशिकांत, महिमा ठाकुर, भावना देवी व दिल्ली से आए एमडी आफथलमोलोजी डा. विनित तंवर व आफटोमैट्रीस्ट हरि प्रकाश ने अहम भूमिका निभाई।

## अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का स्थापना दिवस 20 को

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

एनपीएस से ओपीएस में आए कर्मचारियों के लिए हिप्र अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का स्थापना दिवस किसी परीक्षा से कम नहीं। हालांकि यह स्थापना दिवस सभी कर्मचारी के लिए आयोजित किया जा रहा है।

स्थापना दिवस 20 नवंबर को इस बार मंडी में मनाया जाएगा। आयुष, युवा सेवाएं और खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। बता दें कि इसी दिन वर्ष 1966 में महासंघ की स्थापना हुई थी। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने देते हुए बताया कि आयोजन में पूरे प्रदेश से कर्मचारी व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न विभागों की मांगों का समाधान करने के लिए महासंघ का यह बैठक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन में विशेष भूमिका निभाने वाले एनपीएसईए जिसके प्रदेशाध्यक्ष भी प्रदीप ठाकुर ही हैं द्वारा मंडी में ओपीएस बहाली का 1 वर्ष पूरा होने पर प्रदेश स्तरीय आभार कार्यक्रम मंडी में गत 13 जनवरी को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रस्तावित किया था लेकिन मुख्यमंत्री का कहीं अन्यत्र जरूरी कार्यक्रम तय हो जाने से यह एक दो बार आगे किस करने के बाद पेंडिंग हो गया था। अब हिप्र अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की स्थापना दिवस के बहाने कर्मचारियों की एकता व महासंघ की ताकत दिखाने का मौका मिलेगा।

## अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

19 नवंबर, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** चतुर्थी (5:30): **नक्षत्र** आर्द्रा (02:56), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** साध्य (2:54) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:45-12:27), **राहुकाल** (02:46 -04:05)।

### विशेष दिन

- 19 नवंबर : इंदिरा गांधी की जयंती आज।
- 19 नवंबर: अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** खुशियां बढ़ाने वाली घटनाएं सुनने को मिलेंगी। कठोर निर्णय लेने होंगे। आज पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। आपकी वाणी पर संयम जरूरी।

**वृषभ:** घर गृहस्थी की भाग दौड़ में व्यस्त रहेंगे। आप अपना संपर्क बढाने के प्रयास करेंगे। आज का आर्थिक निवेश लाभकारी रहेगा।

**मिथुन:** रहन-सहन बदलने का प्रयास करेंगे। व्यापारिक स्थिति आशाजनक रहेगी। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें और उन्हें भी समय दें।

**कर्क:** अपने काम करने के तरीकों को बदलें। घर की साज सज्जा पर भारी खर्च होने की संभावना है। आज कर्ज लेने से बचना चाहिए।

**सिंह:** दिन उपयुक्त है। दुसरों के हित के लिए आप सदैव तत्पर रहते है, पर आप को लोगों से निराशाजनक व्यवहार मिलेगा। व्यापार में लाभ होगा।

**कन्या :** आप की सूझबूझ और दूरदर्शिता से व्यापार में लाभ होगा। दोस्तों का सहयोग एवं समर्थन मिलेगा। राजनीति में नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**तुला:** आज क्रोध से बचें। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। व्यापार-व्यवसाय पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, समय पर संभल जाएं। निजी जीवन में व्यस्तता रहेगी।

**वृश्चिक:** करियर को लेकर चिंतित रहेंगे। नए काम में शीघ्रता न करें। पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह बखूबी कर पाएंगे।

**धनु :** व्यस्त रहें मस्त रहें। आप दुसरों की मदद करने में सदैव तैयार रहते है। आज खर्च अनावश्यक रूप से बढ़ेंगे। अपने दुःख को छुपा रहे हैं।

**मकर :** दूसरों की बातों पर जल्द विश्वास कर लेते हैं। आज आर्थिक योग प्रबल है। सामाजिक कार्यों से सुयश एवं प्रभाव में वृद्धि हो सकेगी।

**कुंभ :** अपनी बातों से लोगों को आकर्षित करेंगे। प्रियजन के साथ समय का सदुपयोग होगा। वाद-विवाद और झगड़े से मानसिक कष्ट बढ़ेगा।

**मीन:** पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। वाणी संयम आवश्यक है। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

## प्रसव के उपरांत नवजात को मां का दूध पिलाना जरूरी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा शकुंतला मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज सरोल में नवजात शिशु देखभाल सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बिपन ठाकुर के सौजन्य से आयोजित शिविर में उपस्थित नर्सिंग प्रशिक्षु छात्राओं को नवजात शिशु की देखभाल को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वैहवी गुरंग ने बताया कि हर साल 15 नवंबर से 21 नवंबर तक विश्वभर में नवजात शिशु देखभाल सप्ताह का आयोजन किया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य जन्म से 28 दिनों में नवजात शिशु की होने वाली मृत्यु दर को कम करना है।

इस समय के दौरान बच्चों की विशेष देखभाल की जाए। जैसे की प्रसव के दौरान उसको ठंड से बचाव किया जाए। प्रसव के कमरे का तापमान उचित गर्माहट वाला हो। प्रसव के उपरांत उसको तत्काल मां का दूध पिलाया जाए जोकि बच्चों को गर्माहट तथा इम्युनिटी प्रदान करता है।

ठंड से बचाने के के लिए उसके सिर तथा पांव को ठीक तरह से ढका जाए अथवा लपेटा जाए, जन्म के बाद उसे कम से कम नहलाया जाए लगभग 48 घंटे तक तो बिल्कुल ही नहीं। जन्म के समय कम वजन वाले बच्चों को कंगारू मदर केयर प्रदान की जाए। इसके अलावा बच्चों को छह माह तक सिर्फ और सिर्फ मां का दूध पिलाया जाए। छह माह के उपरांत उसे मां के दूध के साथ-साथ पूरक आहार भी खिलाना शुरू किया जाए। मां का दूध कम से कम दो साल तक पिलाया जाए। बच्चों को राष्ट्रीय टीकाकरण सारणी के अनुसार बीमारियों से बचाव के लिए लगने वाले सभी टीकों का पूर्ण टीकाकरण किया जाए। नवजात बच्चों में जनम जात विकृतियों को नोट किया जाए वह उन्हें जल्दी उपचार के लिए उचित स्वास्थ्य संस्थान भेजा जाए। इन सभी बातों पर ध्यान में रखकर तथा मां को इन सारी बातों में के बारे में जागरूक कर शिशु में 0 से 28 दिन के बीच में होने वाली नवजात शिशु मृत्यु दर को कम कर सकते हैं।

## जिन महिलाओं के पास मकान नहीं, उन्हें मिलेंगे मकान : रोहित



एडीसी से चर्चा करते हुए गणमान्य।

### जोगिंद्रनगर में एकल नारी शक्ति संगठन की जनसुनवाई

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

एकल नारी शक्ति संगठन द्वारा विकासखंड द्रंग और चौंतड़ा की एकल महिलाओं की जनसुनवाई का आयोजन शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय मंडी में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौड़ ने की, जिन्होंने महिलाओं की समस्याओं को सुना और मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं के पास मकान नहीं हैं, उन्हें मकान उपलब्ध कराए जाएंगे।

बैठक में जिला समन्वयक मीना शर्मा, चौंतड़ा ब्लॉक की कार्यकर्ता लीला देवी, और सदस्य संजू, कांता, किरण, सरोज, नैना प्रेमी, छंटाकी, सत्या, आशा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। महिलाओं ने अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हिमाचल सरकार को एक मांग पत्र भी सौंपा।

**भारत** एक अच्छा उत्पादक है और इस देश में कोई अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे। -सरदार वल्लभ भाई पटेल

## संपादकीय

# मणिपुर फिर अशांत

मणिपुर एक बार फिर हिंसा की चपेट में आकर सुलग रहा है। राज्य में हिंसा का दौर कोई नया नहीं है, बल्कि पिछले साल मई महीने की शुरुआत से ही मणिपुर के मैतेई और कुकी समुदाय के बीच हिंसा छिड़ गई थी। दरअसल, राज्य में मैतेई और कुकी समुदाय के दो लोग रहते हैं, जिनकी विचारधार अलग-अलग है। इस वजह से यहां उनके बीच के संघर्ष के पीछे कई ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कारण हैं। राज्य में प्रमुख रूप से सीमाओं का झगड़ा है। मैतेई और कुकी समुदाय की सीमाएं और क्षेत्र अलग-अलग हैं। यह सीमा विवाद अक्सर संघर्ष का कारण बन जाता है। एक समुदाय दूसरे समुदाय के लोगों को फूटी आंख नहीं सुहाता है। मणिपुर राज्य में मैतेई और कुकी समुदाय दोनों ही राजनीतिक शक्ति के लिए संघर्ष करते हैं। यह संघर्ष अक्सर हिंसक रूप ले लेता है। वहीं, दोनों समुदायों की अलग-अलग भाषाएं और संस्कृतियां हैं। यह सांस्कृतिक अंतर भी अक्सर संघर्ष का कारण बन जाता है। मैतेई और कुकी समुदाय के बीच पारंपरिक विवाद हैं, जैसे कि जमीन के अधिकार और संसाधनों के वितरण को लेकर विवाद। कुकी समुदाय जहां एक तरफ स्वायत्तता की मांग करता है, तो वहीं दूसरी ओर मैतेई समुदाय इस मांग का विरोध करता है।

यह विवाद अक्सर हिंसक रूप ले लेता है। यह संघर्ष अक्सर सीमा विवाद और संसाधनों के वितरण को लेकर विवाद का कारण बनता है। इन कारणों के अलावा, मैतेई और कुकी समुदाय के बीच के संघर्ष के पीछे कई अन्य कारक भी हैं, जैसे कि आर्थिक विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी। मणिपुर में चारों ओर अशांति फैली हुई है। इफला घाटी में हिंसात्मक प्रदर्शन जारी हैं। भीड़ ने कुछ मंत्रियों और विधायकों के घरों पर भी हमला किया है। सिविल सोसायटी ग्रुप्स ने केंद्र और राज्य सरकारों को सैन्य समूहों के खिलाफ निर्णायक कदम उठाने का अल्टीमेटम दिया है। इस हिंसा की आंच सरकार पर भी दिखने लगी है। मणिपुर में एन बीरेन सिंह की अगुवाई में भाजपा की सरकार है जिससे सहयोगी नेशनल पीपुल्स पार्टी यानी एनपीपी ने समर्थन वापस लेने का ऐलान कर दिया है। हालांकि, डरने की बात नहीं है, क्योंकि भाजपा के पास राज्य की 60 में से 32 सीटें हैं। सरकार चलाने के लिए उसके पास बहुमत है। मणिपुर के फिर से सुलगने की वजह क्या है ? यह सवाल हर किसी के मन में कौंध रहा है। मणिपुर में अब एकाएक जो हो रहा है, उसके पीछे की वजह जिरीबाम गोलीबारी का बाद कथित रूप से बंधक बनाए गए छह लोगों के सड़े-गले शव मिलना है।

राज्य सरकार ने केंद्र से पुलिस स्टेशन के छह इलाकों में फिर से आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल पावर्स एक्ट यानी अफसपा के फैसले के रिव्यू और इसे वापस लेने का आग्रह किया है। अफस्पा एक विशेष कानून होता है जिसके तहत अशांत क्षेत्रों में सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए सशस्त्र बलों को खास शक्तियां दी जाती हैं। इस कानून का इस्तेमाल करके सशस्त्र बल किसी भी इलाके में पांच या पांच से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा सकते हैं। अगर सशस्त्र बलों को लगे की कोई व्यक्ति कानून तोड़ रहा है तो उसे उचित चेतावनी देने के बाद बल का प्रयोग किया जा सकता है और उस पर गोली भी चलाई जा सकती है। अफस्पा सशस्त्र बलों को उचित संदेह होने पर बिना वारंट किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने और किसी भी परिसर में प्रवेश कर तलाशी लेने का अधिकार देता है। वहीं, इस मामले में विपक्ष राज्य और केंद्र को घेरने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि वह पहले ही कह चुके हैं कि अगर विधायकों के इस्तीफा देने से संकट हल हो जाता है, तो वे इसके लिए तैयार हैं। इस स्थिति की जिम्मेदारी राज्य और केंद्र पर है। संविधानिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। बहरहाल, इस मसले को सुलझाने के लिए जल्द से जल्द सभी विधायकों और बाकी नेताओं को मिलकर निर्णायक कदम उठाने होंगे। अगर सरकार इस पर कोई निर्याणक फैसला नहीं लेती है तो आम लोगों को बेवजह दो समुदायों के गुस्से का सामना करना होगा। निश्चित रूप से इससे स्थिति और भी बिगड़ सकती है, इसलिए सरकार को समय रहते दोनों समुदायों के साथ वार्ता का रास्ता अख्तियार करना होगा, क्योंकि वार्ता ही एक ऐसा मार्ग है जिसके जरिए इस अशांत प्रदेश में दोबारा शांति लाई जा सकती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत की चौथी प्रधानमंत्री

**इंदिरा** प्रियदर्शनी गांधी न केवल भारतीय राजनीति पर छाई रहीं, बल्कि विश्व राजनीति के क्षितिज पर भी वे एक प्रभाव छोड़ गईं। श्रीमती इंदिरा गाँधी का जन्म नेहरू खानदान में हुआ था। इंदिरा गांधी, भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की इकलौती पुत्री थीं। आज इंदिरा गाँधी को सिर्फ इस कारण नहीं जाना जाता कि वह पंडित जवाहरलाल नेहरू की बेटी थीं, बल्कि इंदिरा गांधी अपनी प्रतिभा और राजनीतिक दृढ़ता के लिए 'विश्वराजनीति' के इतिहास में जानी जाती हैं और इंदिरा गांधी को 'लौह-महिला' के नाम से संबोधित किया जाता है। ये भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री थीं। इंदिरा जी का जन्म 19 नवंबर, 1917 को इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश के आनंद भवन में एक संपन्न परिवार में हुआ था। इनका पूरा नाम है- 'इंदिरा प्रियदर्शनी गांधी'। इनके पिता का नाम जवाहरलाल नेहरू और दादा का नाम मोतीलाल नेहरू था। पिता एवं दादा दोनों वकालत के पेशे से संबंधित थे और देश की स्वाधीनता में इनका प्रबल योगदान था। इनकी माता का नाम कमला नेहरू था, जो दिल्ली के प्रतिष्ठित कौल परिवार की पुत्री थीं। इंदिरा जी का जन्म ऐसे परिवार में हुआ था, जो आर्थिक एवं बौद्धिक दोनों दृष्टि से काफी संपन्न था। अत: इन्हें आनंद भवन के रूप में महलनुमा आवास प्राप्त हुआ। ■



**इंदिरा प्रियदर्शनी गांधी**
**जन्म** : 19 नवंबर, 1917
**मृत्य** : 31 अक्तूबर, 1984

कविता

## गो वंदना



*विक्रम कौशल*
*प्रयास*

**वेद** करे गो वंदना, पुराण करें बखान।
गो माता सबसे बड़ी, पूजे नित भगवान।।
गाय देह में देव हैं, जानते क्यों न लोग।
जंगल गाय खदेड़ दी, मंदिर कैसा भोग।।
जब तक देती दूध है, तब तक अपनी गाय।
दूध देना बंद किया, वन वन क्यों भगाए।।
अपना धर्म कहां गया, क्या करते हैं लोग।
बिना गाय जीवन नहीं, विकट आ रहे रोग।।
मरते को भी दूध है, मृत न गिरे मझधार।
गाय की पूंछ पकड़ कर, वैतरणी हो पार।।
भूखी गाय तड़फ रही, डंडे खाए खेत।
दौड़ा-दौड़ा मारते, दर-दर पड़े अचेत।।
एक है गाय छोड़ता, दूजा रहा खदेड़।
विक्रम गाय कहीं चरें, चरती गाय न छेड़।।
गाय का दूध उम्रभर, जननी का छ: माह।
विक्रम सबसे यह बड़ी, इस बिन न निर्वाह।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सएप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# धैर्य ही हमारे खुशहाल और शांतिपूर्ण जीवन जीने का रास्ता खोलता है

वास्तव में धैर्य का फल मीठा होता है। जीवन में मानसिक शांति, व्यक्तित्व विकास एवं चहुंमुखी सफलता के लिए मनुष्य को धैर्य से साथ काम करने की आवश्यकता होती है। धैर्य ही व्यक्ति को जीवन में सफलता की ओर ले जाने में अग्रसर होता है। धैर्य आत्म-नियंत्रण का एक अभ्यास है। जब हम परेशान हो जाते हैं, तो हमें धैर्य रखना याद रखना चाहिए। धैर्य हमारे लिए एक खुशहाल और शांतिपूर्ण जीवन जीने का रास्ता खोलता है। हमें पता होना चाहिए कि सफलता में धैर्य महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समझना चाहिए कि अच्छी चीजों में समय लगता है। कठिन परिस्थितियों में व्यक्ति की सहनशीलता ही वह अवस्था है जो व्यक्ति को उसके व्यवहार में क्रोध या खीझ जैसी नकारात्मक अभिवृत्तियों से उसे बचाती है। दीर्घकालीन समस्याओं से घिरे होने के कारण व्यक्ति जो दबाव या तनाव अनुभव करने लगता है उसको सहन कर सकने की क्षमता भी धैर्य का एक उदाहरण है। रास्ते सुनिश्चित करना, शांति विकसित करना तथा तत्काल तनाव को टालने से हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट होता है और यह समझने में मदद मिलती है कि जीवन में सबसे ज्यादा क्या मायने रखता है। अपनी सहज प्रतिक्रियाओं पर लगाम लगाना हमें सिखा सकता है कि जब सबसे ज़्यादा फायदा हो तो दयालुता से कैसे प्रतिक्रिया दें। नाट्यशास्त्र के अनुसार, 'मन की वह स्वाभाविक प्रवृत्ति जो सभी मामलों में उतावलेपन और घमंड से मुक्त हो, उसे 'आत्म-नियंत्रण' ( धैर्य ) कहा जाता है'। धैर्यवान लोग नकारात्मक भावनाओं का भी कम अनुभव कर सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि धैर्य के साथ, आप जीवन में तनावपूर्ण और चुनौतीपूर्ण क्षणों से निपटने के लिए बेहतर ढंग से तैयार होते हैं।

यह आपके समग्र मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण में मदद करता है। धैर्य आपको बर्नआउट से बचने और उससे उबरने में भी मदद कर सकता है। संवेगों पर नियंत्रण रखना साहसी लोगों का लक्षण है। दरअसल जो लोग धैर्य रखते हैं उनको चीजों के विश्लेषण करने का मौका मिल जाता है। धैर्य एक कौशल है और किसी भी अन्य कौशल की तरह, यह समय के साथ विकसित होता है। अपने दैनिक जीवन में छोटी-मोटी परेशानियों को स्वीकार करके शुरुआत करें। अगली बार जब आप लंबी लाइन में हों या ट्रैफिक में फंसे हों, तो इसे निराशा के आगे झुकने के बजाय धैर्य का अभ्यास करने के अवसर के रूप में उपयोग करना चाहिए। जब हम अधिक धैर्यवान बनना सीखते हैं तो हम पाते हैं कि हम संतुष्टि के लिए प्रतीक्षा कर सकते हैं। हमेशा खुशी लाने वाली किसी चीज की तलाश करने के बजाय हम रुक सकते हैं और देख सकते हैं कि हमारे पास पहले से क्या है।

इससे आपको संतुष्टि और प्रशंसा विकसित करने में मदद मिलती है। व्यक्ति को परिश्रम करने के साथ धैर्य भी रखना चाहिए। इसी तरह क्रोध के क्षण में भी धैर्य का एक पल दुख के हजार पलों से बचे रहने में हमारी सहायता करता है। कहते हैं कि जब आपका दौर बुरा चल रहा हो तब खामोशी से इंतजार के साथ काम करते हुए, उसे बिताने की जरूरत होती है। धैर्य का अभ्यास किया जा सकता है और सीखा जा सकता है और यह तब आता है जब कोई व्यक्ति भावनाओं से ज्यादा विचारों को महत्व देता है। हम सभी जानते हैं कि सफलता के लिए धैर्य जरूरी है, क्योंकि यह हमें अपने लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं को प्राप्त करने के रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं पर विजय पाने के लिए अपनी ऊर्जा बनाए रखने में सहायता करता है। धैर्य एक ऐसा कौशल है जो हमें लगातार ध्यान केंद्रित रखने में सक्षम बनाता है, चाहे हम अपने जीवन की यात्रा में कितनी भी समस्याओं और बाधाओं का सामना क्यों न करें। जब हम बाधाओं से घिरे हुए महसूस करते हैं, तो यह हमें परिस्थिति को फिर से समझने की जरूरत होती है। जब हम जीवन में कुछ महत्वपूर्ण हासिल करना चाहते हैं, तो हमें धैर्य रखना चाहिए। धैर्य एक ऐसा कौशल है जिसे हर किसी को विकसित करने की कोशिश करनी चाहिए। धैर्य आपकी असफलताओं को सहन करने और जीवन की अधिक सराहना करने की क्षमता को बढ़ाता है। कहावत सच है कि जो लोग इंतजार करते हैं उन्हें अच्छी चीजे मिलती हैं। यह हमें ऊर्जा, शक्ति और उत्साह प्रदान करता है, जिसकी हमें बिना थके अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आवश्यकता होती है। इससे आपकी सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है।



**लेखक : सुभाष चंद कासव**
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

धैर्य हमें चिड़चिड़ाहट को दूर रखने में सहायता करता है, आशावादी सोचने, बेहतर निर्णय लेने और अपनी प्रतिष्ठा बनाने में सहायता करता है।

धैर्य आपको बार-बार झूलों पर जाने के लिए तैयार होने के द्वारा अपने कौशल सेट को बढ़ाने की अनुमति देता है। यदि आप धैर्य रखते हैं, तो आप बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। धैर्य सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। धैर्य रखने का एक फायदा यह है कि इससे आप दीर्घकालिक लक्ष्य विकसित कर पाते हैं और उन्हें हासिल कर पाते हैं। अपना धैर्य बढ़ाएं और आप ज्यादा कर पाएंगे। श्नीटकर के अनुसार, धैर्यवान लोग अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अधिक प्रयास कर सकते हैं, क्योंकि वे अपनी प्रतिक्रियाओं, भावनाओं और अंत: क्रियाओं को बेहतर ढंग से प्रबंधित कर सकते हैं। धैर्य रखने का यह एक महत्वपूर्ण लाभ है। जब आप भावनाओं से अभिभूत होते हैं, तो आप सर्वोत्तम निर्णय नहीं ले पाते हैं। आपका मस्तिष्क सोच नहीं सकता क्योंकि यह केवल वही भावनाएं समझता है जो आप अनुभव कर रहे हैं, जो क्षण भर के लिए आपकी तर्कसंगत सोच को दबा देती है, इसलिए तार्किक निर्णय लेने के लिए, धैर्य रखना सबसे महत्वपूर्ण है। धैर्य रखने का एक लाभ यह है कि इससे आपकी दृढ़ता की प्रतिष्ठा स्थापित होती है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है। अधिक धैर्य विकसित करने का निर्णय लें। हालांकि, अपने प्रति दयालु रहें, ताकि धैर्य रखना सीखते समय आप निराश न हों। धैर्य यह आपको लोगों का आकर्षण बना देता है। धैर्य रखने का एक और फायदा यह है कि इससे लोग आपकी ओर आकर्षित होते हैं। यदि आप धैर्यवान हैं तो वे आपके साथ व्यवहार करना पसंद करेंगे, न कि ऐसे व्यक्ति के साथ जो क्रोध में अपना आपा खो देता है। हर कोई समय-समय पर गलतियां करता है।

हर कोई ऐसे व्यक्ति से बात करना पसंद करता है जो अपनी गलतियों को सहन करने का धैर्य रखता हो, खासकर तब जब कोई सीख रहे हों और कोई कौशल विकसित कर रहे हों। धैर्य से मानसिक स्वास्थ्य सुधार भी होता है धैर्य का एक लाभ यह है कि यह आपको अंदर से कुंडलित स्प्रिंग जैसा महसूस करने के बजाय आराम करने की अनुमति देता है। जब आप धैर्य सीखते हैं, तो आप काफी अधिक शांति महसूस करते हैं। इसके अलावा, धैर्य आपको धीरज धरने और अधिक प्रभावी निर्णय लेने में मदद करता है, जिससे अधिक उपलब्धियां प्राप्त होती हैं। अत: धैर्य व्यक्ति के जीवन में अति महत्वपूर्ण अवस्था है अधिकतर यह देखा गया है की परेशानी के समय व्यक्ति धैर्य खो देता है जिसे उसे न केवल परेशानियों का सामना करना पड़ता है अपितु उस अवस्था में वह मानसिक शांति को भी पूर्ण रूप खो देता है,। धैर्य रखिए जीवन सफल हो जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# 'वोक' विचारधारा से कमजोर होता समाज

2004 में टाइम पत्रिका के दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक प्रसिद्ध ब्रिटिश अमेरिकी इतिहासकार नियाल फर्गुसन ने कहा है सॉफ्ट पावर बहुत शांत होता है। हमें सेना या आर्थिक हार्ड पावर को प्रयोग करने की आवश्यकता ही क्या है, जबकि हमारे पास इससे बेहतर संसाधन सॉफ्ट पावर के रूप में मौजूद हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने जब नागपुर में विजयदशमी के अवसर पर अपने संबोधन में 'सांस्कृतिक मार्क्सवाद' और 'वोक संस्कृति' पर अपना विचार रखा तो नियाल फर्गुसन की इस बात के दीर्घकालिक मायने भारत के परिप्रेक्ष्य में समझे जा सकते हैं। खुद को जागृत या वोक कहने वाले लोग आधुनिकता के नाम पर पारंपरिक मान्यताओं और व्यवस्थाओं को ध्वस्त करने का प्रयास कर रहे हैं। भागवत ने स्पष्ट रूप से कहा कि ये विचारधारा विनाशकारी और सर्वभक्षी है, जो भारतीय समाज के मूल्यों और उसकी सांस्कृतिक धरोहर के खिलाफ काम कर रही है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये लोग न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी सुव्यवस्था, नैतिकता, उपकार और गरिमा के विरोधी हैं। उनके अनुसार, ये ताकतें समाज में अलगाव और भेदभाव पैदा करके उसे कमजोर करना चाहती हैं ताकि विनाशकारी शक्तियों का प्रभुत्व कायम किया जा सके। 'वोक संस्कृति' की आलोचना करते हुए भागवत ने कहा कि ये लोग शिक्षा और मीडिया पर नियंत्रण करके समाज को भ्रम भय और घृणा के चक्रव्यूह में फंसाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि 'वोक' विचारधारा का उद्देश्य शिक्षा, संस्कृति, राजनीति और सामाजिक वातावरण को अराजक और भ्रष्ट बनाना है, जिससे समाज भीतर से कमजोर हो जाए। भागवत जी ने कहा कि इस विचारधारा से प्रभावित लोग नहीं चाहते कि भारत अपने दम पर खड़ा हो और इसलिए वे समाज की एकजुटता को तोड़ने के लिए सक्रिय हैं।



**लेखक : शिवेश प्रताप**
**स्वतंत्र टिप्पणीकार**

उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि वे भारतीय संस्कृति और मूल्यों पर आधारित सकारात्मक बदलावों के साथ आगे बढ़े, जिससे न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया को सही दिशा मिल सके। कुल मिलाकर भागवत ने सॉफ्ट पॉवर कोलोनाइजेशन पर आघात करते हुए भारतीय समाज को इसके विरुद्ध जागरूक करने का प्रयत्न किया।

आइए मोहन भागवत जी के इन विचारों का गहराई से आननें का प्रयत्न करते हैं। दुनिया में हुए लोकतांत्रिक जागरण एवं संचार क्रांति के द्वारा जब औपनिवेशिक शक्तियों के लिए सामाजिक व शारीरिक गुलामी संभव नहीं रही तो वैचारिक गुलामी का एक नया दौर प्रारंभ किया गया जिसे सॉफ्ट पॉवर कोलोनाइजेशन कहा जाता है।

वैश्विक स्तर पर इस्लाम एवं ईसाइयत के बीच चलने वाला घोषित युद्ध हो या पूंजीवादी देशों एवं वामपंथी विचारधारा के बीच का अघोषित युद्ध, भारत इन अधर्मी ताकतों के लिए जनसंख्या, भूगोल, जलवायु, आदि सभी रूपों से अपने प्रदर्शन के लिए सबसे सुखद संभावनाओं वाला देश दिखाई पड़ता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**धैर्य की पराकाष्ठा नारी का व्यक्तित्व समंदर का वह विशाल विस्तार है जो स्वयं में न जाने कितनी आपदाओं, कुंठाओं, भावनाओं और तिरस्कारों को छुपा कर रखता है। जैसे समंदर छुपाता है स्वयं में दुनिया की हर बुराई को। बदबू है गली-सड़ी चीजों की इसमें, बावजूद इसके खजाना है इसमें मोतियों का। समंदर सा धैर्य दिया है ईश्वन ने औरत को। लड़ती है जीवन की हर एक बुराई से, जीकर दिखाती है हर एक परिस्थिति में। करती है अपने अपमानों और कुंठाओं का डटकर सामना, नहीं खोती धैर्य किसी भी परिस्थिति में। नहीं होती विचलित संघर्ष पथ पर दिन-रात। ठीक उसी तरह जैसे समंदर रहता है शांत एकदम, हो छिटपुट बारिश या तेज आंधी तूफान। फिर भी कहना चाहूंगी-समंदर शांत है तो ये मत समझना कि वह असमर्थ है। सतर्क हो जाओ आज के मानव, मत करो मैला नारी के व्यक्तित्व को। ज्यादा नहीं थोड़ा सा तो सम्मान दो उसके अस्तित्व को।**



मृदुला शर्मा
गागल, तहसील बल्ह, जिला मंडी

# कितनी जानें लेगा रैगिंग का राक्षस , आखिर यातना की घटनाएं क्यों नहीं रुकती?

रैगिंग का राक्षस और कितनी जाने लेगा, रैगिंग के कारण असमय चिराग बुझ रहे हैं। रैगिंग नासूर बनता जा रहा है सख्त कानून बनाना होगा तभी रैगिंग पर पूर्णरूप से रोक लग सकती है। देश में बढ़ती रैगिंग की घटनाएं क्यों नहीं रुकती यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है। हिमाचल का बहुचर्चित अमन काचरु रैगिंग कांड के बाद भी विश्वविद्यालयों व कालेजों में रैगिंग का संक्रमण बढ़ता जा रहा हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने रैगिंग पर पूर्ण प्रतिबंध का कानून लागू किया है, मगर देश में रैगिंग के बढ़ते मामलों से यह कानून मजाक बनता जा रहा है। ताजा घटनाक्रम में गुजरात के पाटन जिले में धारपुर जीएमईआरएस मेडिकल कालेज में रैगिंग ने एक छात्र की जान ले ली सीनियर छात्रों ने परिचय देने के नाम पर एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र अनिल मेथनिया को तीन घंटे खड़े रहने की सजा दी। इस दौरान अनिल बेहोश हो गया और उसकी जान चली गई। रैगिंगरोधी समिति घटना की जांच कर रही है। गत माह हिमाचल के वाकनाघाट में एक निजी विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के एक छात्र से रैगिंग का मामला प्रकाश में आया था रैगिंग के आरोपी तीन छात्रों को गिरफ्तार कर लिया था व हॉस्टल व यूनिवर्सिटी से निकाल दिया था। इससे पहले आईआईटी मंडी में रैगिंग की घटना सामने आई थी।

आईआईटी प्रबंधन ने आरोपी 10 छात्रों को छह महीने विश्वविद्यालय से निष्कासित कर दिया था तथा 72 छात्रों पर 15 से 25 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया गया था। यह मामला बीते 11 अगस्त 2023 को घटित हुआ था। आईआईटी मंडी में घटित यह बहुत ही संगीन मामला है इस मामले पर प्रशासन को कड़ा संज्ञान लेना चाहिए। देश में रैगिंग के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। रैगिंग के कारण प्रताड़ित छात्र आत्महत्या तक कर रहे हैं। पिछले दिनों एम्स बिलासपुर में भी एक मामला हो चुका है वहां भी एक छात्रा ने आत्महत्या की कोशिश की थी, मगर बच गई थी। यूजीसी के आंकड़ों के मुताबिक 2020 में देश में रैगिंग के 219 मामले सामने आए थे। 2021 में रैगिंग के 511 मामले हुए थे। 2019 में उत्तर प्रदेश के इटावा में सैफई मेडिकल विश्वविद्यालय में रैगिंग का मामला घटित हुआ था। जहां सीनियर छात्रों ने 150 छात्रों के सिर मुंडवा दिए थे।

यह एमबीबीएस के प्रथम वर्ष के छात्र थे, ताकि अपराधियों को सजा मिल सके। रैगिंग के मामलों में वृद्धि खतरनाक साबित हो रही है। वर्ष 2018 में ऐसा ही एक मामला मध्य प्रदेश के भोपाल में घटित हुआ था जहां रैगिंग से तंग आकर बी फार्मा की एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी, छात्रा के सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने चार लड़कियों व एक अध्यापिका को गिरफ्तार कर लिया था। रैगिंग का यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले कई जघन्य वारदातें हो चुकी है। इतनी वारदातें होने के बाद भी इन घटनाओं पर रोक नहीं लग रही है। रैगिंग छात्रों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। रैगिंग की इन वारदातों से छात्र खौफजदा होते जा रहे हैं। अगर यही हाल रहा तों छात्रों के भविष्य पर संकट के बादल मंडरा सकते हैं क्योंकि इन वारदातों से अभिभावक भी अपने बच्चों को असुरक्षित समझ रहे हैं। रैगिंग का साधरण सा अर्थ एक दूसरे का परिचय जानना होता था, मगर अब इसका स्वरूप बदलता जा रहा है। रैगिंग अब यातना बन गई है छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है, मारपीट की जाती है।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

आज तक पता नहीं कितने छात्र-छात्राएं रैगिंग के कारण असमय मौत के मुंह में जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश के इटावा में घटित इस घटना ने एक नई बहस को जन्म दिया था। देश के शिक्षण संस्थानों में प्रतिबंध के बाद भी यह मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। देश में समय-समय पर ऐसे दुखद हादसे होते रहते हैं, मगर यह रुकने के बजाए निर्बाध रूप से बढ़ते ही जा रहे हैं। समाचार पत्रों की खबरों के अनुसार मई में मुंबई के ठाणें में रैगिंग से तंग आकर एक छात्र ने ट्रेन के आगे कटकर आत्महत्या कर ली। दिल्ली के स्कूल आफ प्लानिगं एंड आर्किटेक्चर का एक होनहार छात्र रैगिंग के चलते अपाहिज हो गया, आरोप है कि प्रथम वर्ष के छात्र नवीन कुजुर को उसके सीनियर ने ऐसी यातनाएं दीं कि वह चलने फिरने के काबिल नहीं रहा। आंध्र प्रदेश में एक कालेज में सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्रा की रैगिंग ली उनकी यातना से उस छात्रा ने अपनी आवाज खो दी थी। एक अन्य घटना में छात्र को क्लास में लड़की कहा जाता था।

छात्रों की इस हरकत से तंग आकर उस छात्र ने खुद को आग लगा दी थी। मुंबई में एक कालेज में सीनियर छात्राओं ने एक जूनियर छात्रा को मिर्ची खिलाई और उठक बैठक करवाई। कोलकाता में एक कालेज में सीनियर जूनियर को ड्रग्स लेने के लिए मजबूर करते हैं और पिटाई करते हैं उत्तर प्रदेश में सरकार ने रैगिंग के खिलाफ अभियान छेड़ा है तथा रैगिंग करने वाले छात्रों को पांच साल तक दाखिला न देने को कड़ा फैसला लिया है। साल 2010 में साल में 164 केसों में 19 की मौत हो गई थी। देश में 2024 में भी यह मामले थमते नहीं आ रहे हैं। एक समय था कि कालेजों में रैगिंग का नाम तक नहीं था, मगर पिछले कुछ सालों से रैगिंग के आकड़ों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी होती जा रही है। कालेज के कुछ बिगड़ैल किस्म के छात्र-छात्राएं कालेज का माहौल बिगाड़ने में मशगुल रहते हैं, ऐसे मुठी भर लोग छात्रों को अनावश्यक रूप से तंग कर रहे हैं ऐसे उदंड लोगों को कानून के मुताबिक सजा देनी चाहिए। आज यह रैगिंग भयानक होती जा रही है। बीते सालों में हिमाचल के सुंदरनगर के पोलीटेक्निक कालेज में भी रैगिंग की वारदात प्रकाश में आई थी, जिसमें सिरमौर का एक छात्र रैगिंग का शिकार हुआ था, हालांकि कालेज प्रशासन ने उन सीनियर लड़कों को कालेज से निकाल दिया है पर कालेज से निकालना इसका समाधान नहीं है। केंद सरकार व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को इन मामलों पर संज्ञान लेना चाहिए, क्योंकि यदि समय रहते कारगर कदम नहीं उठाए, तो हालात बेकाबू हो जाएगें छात्र-छात्राएं रैगिंग के डर से प्रवेश नहीं लेगें। कालेजों में अराजकता पैदा करने वाले तत्वों पर कार्रवाई करनी चाहिए। इनके कारण कई प्रतिभाएं खत्म हो रही है। ऐसे लोगों को सजा दी जाए तथा जुर्माना लगाया जाए। ऐसी भी रैगिंग की छात्र पढ़ाई तक छोड़ देते हैं। आज तक हजारों छात्र इस बीमारी का शिकार हो चुके हैं। फिर भी यह प्रवृति रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। जनमानस को एकजुट होकर इसका खात्मा करना होगा ताकि छात्र-छात्राएं निर्भिक होकर अपनी पढ़ाई कर सके। रैगिंग के बढ़ते जाल को काटना होगा ताकि भविष्य में इन घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और शिक्षण संस्थानों में माहौल खराब न हो सके। इस बुराई के विरुद्ध एक आंदोलन करना होगा और प्रतिभावान छात्रों को बचाना होगा। रैगिंग का समूल नाश करना चाहिए, ताकि यह नासूर न बन पाए। सरकारों को इन मामलों पर संज्ञान लेना होगा तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए। यह देश हित में है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## पाठकों के पत्र...

**मैं** जिला ऊना के डोहगी ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में नशा माफिया, वाहनों की ओवर स्पीड, अवैध खनन और वन माफिया की समस्या प्रमुख है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी अधिक हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए बंगाणा एजेंसी भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो कोटला, जखोला, सराय आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। यहां जंगली जानवरों की वजह से किसानों की फसलों का भी नुकसान होता है। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।



**राजन कुमार**
**( कोटला ऊना )**
**मोबाइल : 8894548984**

**दैनिक** अखबार अनंत ज्ञान अपने आप में वाकई एक बड़ा कई तरह की खबरों का खजाना है। यह अखबार भले ही हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के नगरोटा बगवां नामक स्थान से छपता है मगर पत्रकारिता का यह मॉडल प्रदेश भर में निहारा जाता है पढ़ा जाता है। जबसे यह अखबार पढ़ने को मिल रहा है तब से हम इसी के होकर रह गए हैं, क्योंकि खबरों के अलावा पढ़ने को मिलता है तय उच्च सूर्योदय एवं सूर्यास्त का समय, आज का तापमान, बाजार, सोने - चांदी के भाव आज का राशिफल आज के दिन की प्रमुख हस्ती सहित खासकर सोमवार 11 नवंबर को पढ़ने को मिला। हेल्थ इज वेल्थ, ओपिनियन की भांति-भांति की लेखन सामग्री बेहतर लगी विशेषकर संपादकीय 'रोमांच भी पैसा भी' यही नहीं हर गांव कुछ कहता है का तो कहना ही क्या ? बन्नी माता की इजाजत लेकर लाहौल जाते हैं गडरिए भरमौर के गांव बन्नी बारे पढ़कर बहुत अच्छा लगा। बाकी मेरा सुझाव है कि एक पेज और लगाकर रोजगार-स्वरोजगार समाचार, साहित्य आदि भी बड़े स्तर पर छापें।



**संदेश राजपूत**
**महादेव, सुंदरनगर**
**मोबाइल : 9857457419**

**मैं** जिला ऊना के नारी ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। हमारा क्षेत्र मैदानी और समतल है। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि कार्य पर आधारित हैं। यहां लावारिस जानवरों के साथ जंगली जानवरों की समस्या भी प्रमुख है। हमारे गांव के साथ लगते कोटला कलां, कुरियाला पहाड़ी क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों और नील गाय की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। बेरोजगारी भी समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ती हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो बसाल, टक्का, राइसरी से झलेड़ा आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में शिमला मुख्यालय से अधिकांश समाचार और रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।



**लक्की ( नारी ऊना )**
**मोबाइल : 98053 32305**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. :* 88945-21702**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बस कंडक्टर ने लौटाया पैसों से भरा पर्स



**कविता, पधर।** बस कंडक्टर ने बस में गिरे हुए पैसों से भरे पर्स को उसके मालिक तक सही सलामत पहुंचाया है। जानकारी के अनुसार नगरोटा डिपो की सरकारी बस जम्मू से मनाली जा रही थी। सरकारी बस में उपमंडल पधर के बल्ह के रहने वाले रणवीर सिंह बस में सफर कर रहे थे और उनका पैसों से भरा हुआ पर्स बस में गिर गया। रणवीर सिंह यात्रा पूर्ण करने के बाद बस से उतर गए और देखा कि उनका पर्स उनके पास नहीं है और वे सोमवार सुबह एचआरटीसी खेपन कार्यालय पधर पहुंचा और प्रभारी हेम राज ठाकुर को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बस कंडक्टर से संपर्क किया तो पता चला कि पर्स बस कंडक्टर के पास है। वहीं सोमवार को जब बस मनाली से वापस लौटी तो बस कंडक्टर ने एचआरटीसी खेपन कार्यालय पधर के प्रभारी हेमराज के माध्यम से पर्स को उसके मालिक तक ईमानदारी के साथ पहुंचाया। (अनंत ज्ञान)

### चमन राही ने जताया दिनेश गुलेरिया के निधन पर शोक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के राज्य प्रवक्ता एवं महासचिव चमन राही ने वंदना गुलेरिया के पति दिनेश गुलेरिया निवासी चोलथरा के ब्रेन स्ट्रोक से हुई मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। चमन राही ने कहा कि उनकी वृद्ध माता, पत्नी, बेटे और अन्य परिवारजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है। इस परिवार ने पहले एक जवान बेटा कारगिल युद्ध में खोया था और अब दूसरे बेटे का इस तरह से जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है।

### विद्यार्थियों ने लोकनृत्य में हासिल किया दूसरा स्थान



**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रोफेसर सुरीना शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय के कलाकारों ने अपनी क्षेत्र की कला और संस्कृति को जीवंत रखने का सराहनीय कार्य किया है। महाविद्यालय प्रशासन लोक नृत्य व शास्त्रीय नृत्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरण समारोह में सम्मानित करेगा। नृत्य विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष सांवरिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय युवा उत्सव समूह तीन (नृत्य) प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने गौतम गर्ल्स कॉलेज हमीरपुर में शानदार कला का प्रदर्शन किया। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने लोक और शास्त्रीय नृत्य दोनों विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। लोक नृत्य में द्वितीय और शास्त्रीय कत्थक नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया।

### सरकाघाट कॉलेज में बास्केटबॉल प्रतियोगिता आज से

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के तत्वाधान से अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल पुरुष वर्ग चैंपियनशिप का आयोजन मंगलवार से 22 नवंबर तक किया जाएगा। इस खेल स्पर्धा में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों की बास्केटबॉल टीमों के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस बास्केटबॉल चैंपियनशिप के आज शुभारंभ समारोह में मुख्यातिथि के रूप में धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर और समापन समारोह में 22 नवंबर को मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश सरकार के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, आवास प्रबंध, व्यावसायिक- औद्योगिक प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी शिरकत करेंगे। इस आयोजन के संयोजक वरिष्ठ प्रवक्ता तेज सिंह वर्मा और आयोजन सचिव प्रो. दिनेश ठाकुर रहेंगे।

### स्वयंसेवी सीखेंगे आपदा जोखिम से निपटने के टिप्स



**अनंत ज्ञान, करसोग।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण व आपदा जोखिम से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला कार्यवाहक एसडीएम व तहसीलदार करसोग वरुण गुलाटी की अध्यक्षता में शुरू हुई। कार्यशाला का आयोजन 18 नवंबर से 20 नवंबर तक किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यशाला में ग्राम पंचायत केलो धार, शैंदल, मेहरन व कनेरी माहोग से आपदा प्रबंधन टास्क फोर्स के 60 स्वयंसेवी भाग ले रहे है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन एसडीएम ने कहा कि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा से निपटने में स्वयंसेवी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन स्वयंसेवियों के लिए किया जा रहा है।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तनवी और तनुजा प्रथम



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर के भूगोल विभाग द्वारा भूगोल जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हर साल नवंबर माह के तीसरे सप्ताह से शुरू किया जाता है। उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निशा वेदी ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया और भूगोल विभाग को इस आयोजन के लिए बधाई दी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम सी की तनवी और तनुजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम बी की देवांश और अक्षय ने दूसरा स्थान, जबकि टीम ए की शान और संजय तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर भूगोल विभाग की प्रभारी प्रोफेसर ममता वशिष्ठ ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर नवीन त्रिपाठी, प्रोफेसर पराशर और अन्य शिक्षकों ने भी भाग लिया।

# भराड़ी स्कूल के अध्यापक ने स्कूली छात्राओं से की छेड़छाड़

## डिप्टी डायरेक्टर ने किया निलंबित, आरोपी अध्यापक फरार

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराड़ी सजाओ पीपलू के शास्त्री अध्यापक द्वारा स्कूली छात्राओं से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार संजीव कुमार शास्त्री के विरुद्ध स्कूल में पढ़ने वाली करीब चार छात्राओं ने प्रधानाचार्य से अध्यापक द्वारा उनके साथ पिछले कुछ दिनों से छेड़छाड़ करने की शिकायत की। पीड़ित छात्राओं ने बताया कि आरोपित अध्यापक उनके साथ उनकी कॉपियां जांचते समय

**छात्राओं ने शिक्षक की अश्लील बातों को रिकॉर्ड कर प्रधानाचार्य के समक्ष किया पेश**

पिछले कुछ समय से छेड़छाड़ कर रहा है और उनके मोबाइल फोन पर अश्लील भाषा का प्रयोग कर रहा है। छात्राओं ने शिक्षक की सभी अश्लील बातों को रिकॉर्ड कर प्रधानाचार्य भोला दत्त कश्यप समक्ष पेश किया।



प्रधानाचार्य ने स्कूल की यौन उत्पीड़न कमेटी की अध्यक्ष प्रवक्ता कमलेश को सारा मामला सौंपा। पीड़ित छात्राओं ने यौन उत्पीड़न कमेटी के सामने अपने वही आरोप दोहराए जो उन्होंने प्रधानाचार्य भोला दत्त कश्यप को बताई थी और अपने अपने फोन पर अश्लील रिकॉर्डिंग को भी सुनाया। यौन उत्पीड़न कमेटी ने अपनी रिपोर्ट प्रधानाचार्य को सौंपी और प्रधानाचार्य ने उप शिक्षा निदेशक प्राथमिक शिक्षा मंडी को तथा पुलिस को भेज दी।

पुलिस तत्काल स्कूल पहुंची और पीड़ित छात्राओं के बयान दर्ज किए। लेकिन उसी समय आरोपित अध्यापक स्कूल से फरार हो गया और पुलिस के हाथ नहीं लगा। प्रधानाचार्य भोला दत्त कश्यप की शिकायत पर उप शिक्षा निदेशक प्राथमिक शिक्षा मंडी विजय गुप्ता ने आरोपित अध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और उसका मुख्यालय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिहनी मंडी रखा गया है उसे बिना उच्चाधिकारियों की आज्ञा के बिना अपनी पाठशाला को न छोड़ने के आदेश दिए हैं। हैरानी की बात है कि आरोपित अध्यापक की बेटी इसी स्कूल की जमा दो कक्षा की छात्रा है और बेटा आठवीं में पढ़ रहा है। वहीं उप शिक्षा निदेशक ने कहा कि अध्यापक छात्रों के लिए आदर्श होता है और इस प्रकार की घटना बेहद शर्मनाक है।

आरोपित अध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उसके विरुद्ध जांच कराई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**पीड़ित छात्राओं के बयान पर मामला दर्ज : डीएसपी धर्मपुर**

डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने पुष्टि करते हुए बताया बताया कि पीड़ित छात्राओं के बयान के आधार पर आरोपित अध्यापक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को हिरासत में लेने के लिए पुलिस बल रवाना कर दिया गया है।

## दो दिवसीय उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेला शुरू

# नारा लेखन प्रतियोगिता में मंगलम स्कूल की मानसी रही विजय



मुख्यातिथि को प्लांट देकर सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

जवाहर पार्क में दो दिवसीय उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेला 2024 का शुभारंभ आज पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहनलाल ठाकुर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेले के अध्यक्ष एवं उपमंडलाधिकारी सुंदरनगर अमर नेगी ने की।

सोहनलाल ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद सुंदरनगर में उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेला आयोजित हो रहा है। रेडक्रॉस एक ऐसी संस्था है जो मानवता के ऊपर संकट आने पर हमेशा आगे बढ़ कर कार्य करती है। उन्होंने रेडक्रॉस मेले के माध्यम से लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी इच्छा से 'यादा से' यादा रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य बनें। रेडक्रॉस सोसाइटी का उद्देश्य ही मानव सेवा व आपदा में काम करने के लिए है। इसलिए उसमें अपना योगदान दें। इससे पहले उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

मेले के दौरान नारा लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मंगलम पब्लिक स्कूल महादेव की मानसी ने प्रथम, सेंट मैरीज स्कूल की अर्शिया शर्मा ने द्वितीय और एंजेल पब्लिक स्कूल की जाह्नवी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

मेले के दौरान पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में एंजेल पब्लिक स्कूल की समृद्धि ने प्रथम, डीएवी स्कूल की रूपल सैनी ने द्वितीय और महावीर पब्लिक स्कूल की मेघा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## निशुल्क शल्य चिकित्सा शिविर में 33 लोगों ने करवाए ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



निशुल्क शिविर के मौजूद डॉक्टर व अन्य।

नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर में 14 से 17 नवंबर तक आयोजित चार दिवसीय निशुल्क शल्य चिकित्सा शिविर ने क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत प्रदान की। सेवा भारती जोगिंद्रनगर इकाई और ओकेटीआई फाउंडेशन, दिल्ली के सहयोग से इस शिविर में कुल 33 ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए। शिविर में 15 ऑप्रेशन पित्ते की पथरी के, 2 हर्निया के और 16 ऑपरेशन बच्चेदानी की रसोली के हुए। डॉ. सोनल बाटला (शल्य चिकित्सक, दिल्ली),डॉ. वर्गीश (मनाली),डॉ. हरीश (कुल्लू),डॉ. नवनीत कौर (लुधियाना)। शिविर में लाभान्वित मरीजों और उनके परिवारों ने सेवा भारती और ओकेटीआई फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## चौंतड़ा में बिजली चोरी करने पर लगा जुर्माना

**जोगिंद्रनगर।** चौंतड़ा चौगान में बिजली चोरी का मामला सामने आया है। 12 नवंबर की रात सहायक अभियंता ई. कुलदीप भाटिया और उनकी टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में एक उपभोक्ता को सीधा पोल से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। उपभोक्ता पर 8867 का जुर्माना लगाया गया, जिसे अगले दिन उपभोक्ता ने विद्युत उपमंडल कार्यालय में जमा कर दिया। विभाग ने इस कार्रवाई को बिजली चोरी रोकने की दिशा में सख्त कदम बताया है।

ई. कुलदीप ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली चोरी जैसी अवैध गतिविधियों की तुरंत सूचना दें और किसी भी अनियमितता में शामिल न हों।

## पवन प्रेमी 'जन सेवा पार्टी' से सोशल मीडिया पर खोलेंगे पोल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



उपमंडल स्तर के अनुभवी पत्रकार और शॉर्ट फिल्म कलाकार पवन प्रेमी जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक नए अंदाज में नजर आएंगे। वह 'जन सेवा पार्टी' के नाम से एक सोशल मीडिया अभियान शुरू करने जा रहे हैं, जिसके माध्यम से न केवल जनता की सेवा करेंगे, बल्कि नेताओं की असलियत को भी उजागर करेंगे।

पवन प्रेमी का कहना है कि अगर नेता अपनी जिम्मेदारियां पूरी ईमानदारी से निभाते तो आज देश में भुखमरी, अशिक्षा और जातिवाद जैसी समस्याएं खत्म हो चुकी होतीं। उन्होंने कहा, 'देश को आजादी मिले 75 साल हो गए हैं, लेकिन आज भी समाज में असमानता और भ्रष्टाचार अपनी जड़ें जमाए हुए हैं। इस सच को जनता के सामने लाने का मेरा प्रयास रहेगा।

पवन प्रेमी ने पत्रकारिता के साथ-साथ अभिनय के क्षेत्र में भी कदम रखा। उन्होंने 'मुकाम' नामक शॉर्ट फिल्म में पिता का किरदार निभाया, जबकि हिंदी शॉर्ट फिल्म 'चाहत' में पत्रकार की भूमिका अदा की। अपने अभिनय के शौक को पूरा करने के बाद अब वह सोशल मीडिया पर एक नई पारी शुरू करने के लिए तैयार हैं।

## पुलिस चौकी की दीवारों से गिर रहा प्लास्टर

**मंडी।** मंडी शहरी पुलिस चौकी मरम्मत को तरस गई है। पुलिस चौकी की दीवारों से सीमेंट और बजरी निकलने लगा है, जो किसी बड़ी घटना को न्यौता दे रहा है। रविवार दोपहर भी दीवार से बजरी और सीमेंट का एक बड़ा हिस्सा नीचे आ गिरा।

गनीमत यह रही कि इस दौरान कोई भी पुलिस कर्मी या अन्य लोग चौकी के बाहर नहीं खड़े थे, नहीं तो कोई भी चोटिल हो सकता था। वहीं चौकी के बाहर खड़ी गाड़ियों को भी क्षति पहुंच सकती थी। लेकिन पत्थर खाली जगह पर आकर गिरा। हालांकि पत्थर गिरने की आवाज सुनकर पुलिसकर्मी चौकी से बाहर आ गए।

## वन मित्रों की मेरिट सूची 18 को होगी प्रदर्शित

**जोगिंद्रनगर।** वन विभाग उपमंडल लडभड़ोल में वन मित्रों की नियुक्ति के लिए शारीरिक उपलब्धि परीक्षण और दस्तावेज मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद मेरिट सूची तैयार कर ली गई है। यह सूची 18 नवंबर से संबंधित कार्यालयों में प्रदर्शित की जाएगी।

रेंज वन अधिकारी लडभड़ोल, मोनिका ने बताया कि योग्य उम्मीदवार मेरिट सूची को कार्यालय में जाकर देख सकते हैं। यदि किसी उम्मीदवार को सूची में शामिल विवरण या रैंकिंग को लेकर कोई आपत्ति हो, तो वह 18 से 25 नवंबर के बीच रेंज फॉरेस्ट ऑफिस, जोगिंद्रनगर में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

## जोगिंद्रनगर बाजार में लंबा जाम, राहगीर हो रहे परेशान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर बाजार क्षेत्र में सोमवार को भारी ट्रैफिक जाम ने स्थानीय लोगों और राहगीरों की दिनचर्या को बाधित कर दिया।

जाम की मुख्य वजह बाजार में अव्यवस्थित पार्किंग और यातायात के लिए पर्याप्त प्रबंधन का अभाव बताया जा रहा है। विशेषकर मुख्य बाजार और आसपास की गलियों में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित रही।

स्थानीय निवासी रमेश कुमार ने कहा, हर सोमवार को बाजार में भीड़भाड़ बढ़ जाती है, लेकिन प्रशासन ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने में नाकाम है। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक नियंत्रण के लिए अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही, अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## करोड़ों का बजट होने पर भी किसान गरीब : करमू राम

**अनंत ज्ञान, मंडी**



जानकारी देते किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष करमू राम व अन्य।

हिमाचल किसान यूनियन संगठन पुर्ण रूप में गैर राजनीतिक है, इसका राजनीति से अंश भर भी लेना देना नहीं है और यह संगठन पिछले कई सालों से किसानों के हित में कार्य कर रहा है। यह बात नवनियुक्त किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष करमू राम ने कही। नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है वर्ष 2027 तक कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि किसान अन्न को मोल लेकर परिवार पालने की बेबसी पर आ खड़ा है जो किसान बीज बोता है वह भी भूमि से नहीं

**हिमाचल किसान यूनियन की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन**

मिल पाता। उन्होंने कहा कि किसानों की गिरती दशा का कारण जंगली जानवर, पक्षी व आवारा पशुओं द्वारा मचाई जा रही तबाही है। हिमाचल किसान यूनियन मंडी जिला में किसानों पर इस संकट को सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाएगी।

करमू राम ने कहा कि लाखों करोड़ की धन राशियों सरकार की ओर से किसानों की सुविधा के नाम पर आ रही है फिर किसान की दशा दुखद स्थिति की ओर क्यों जा रही है। घटिया बीज खाद की समस्या, कृषि औजारों पर धांधली, कमीशन खोरी की शिकायतें, आ रही है। उन्होंने बताया कि हिमाचल किसान यूनियन की नवगठित कार्यकारिणी में 22 लोगों को शामिल किया गया है जोकि जिला और ब्लॉक स्तर पर किसानों के हितों के प्रति कार्य करेंगे।

## सिटीजन काउंसिल ने गृह कर बढ़ोतरी का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, मंडी**

सिटीजन कौंसिल मंडी ने ई-मेल के माध्यम से नगर निगम द्वारा गृह कर बढ़ोतरी बारे अपना रुख स्पष्ट कर इन बाई-लॉज को निरस्त करने की मांग की है।

सिटीजन कौंसिल के ओपी कपूर प्रधान, हरीश वैद्य महासचिव और नीरज हांडा प्रवक्ता ने कहा कि पहले ही नव गठित निगम ने प्रथम कार्यकाल में ही गृहकर में 5 प्रतिशत वृद्धि कर चुका है। अब इसी कार्यकाल में प्रथम यह दूसरी वृद्धि किसी भी दृष्टि से उचित व तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि जितनी बढ़ोतरी का प्रस्ताव है वह भी बहुत अधिक व हर श्रेणी-गरीब, अमीर सबको प्रभावित करने वाला है। प्रोपर्टी टैक्स को निर्धारित करने वाले सारे गुणक पिछले बाई-लॉज की अपेक्षा इस बार बदल दिए गए हैं, जिससे प्रत्येक श्रेणी अमीर या गरीब प्रत्येक क्षेत्र चाहे पुराना या नया, मकान या जमीन के ऊपर गृह टैक्स की विपरीत मार पड़ेगी। गृहकर में प्रयोग होने वाले सबके सब गुणकों को ऊपर की ओर संशोधित किया गया है। नगर निगम से अपील की है कि पहले ही कार्यकाल की इस दूसरी बढ़ोतरी को वापस लें।

## अग्निवीर भर्ती शुरू, डीसी ने किया दौड़ को फ्लैग ऑफ

**अनंत ज्ञान, मंडी**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने पड्डल मैदान में सुबह अग्निवीर भर्ती रैली को फ्लैग ऑफ किया। पहले दिन मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के 437 युवाओं ने 1.6 किमी दौड़ के लिए भर्ती रैली में भाग लिया। फ्लैग ऑफ के दौरान सभी युवा जो शारीरिक परीक्षण के लिए हाजिर हुए हैं, उनमें बहुत ही जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है।

भर्ती निदेशक एआरओ मंडी कर्नल डीएस सामंत ने बताया कि भर्ती रैली 18 नवंबर से मंडी के पड्डल मैदान में शुरू हो चुकी है। पहले दिन आज कुल्लू, मंडी और



डीसी दौड़ को फ्लैग ऑफ करते हुए।

**पहले दिन कुल्लू, मंडी और लाहौल-स्पीति के 437 युवाओं ने लिया भाग**

लाहौल-स्पीति जिले के 437 युवाओं ने भाग लिया। पधर तहसील की भर्ती रैली 21 नवंबर को है। उम्मीदवारों सभी दस्तावेज साथ लेकर पहुंचें।

### एडीजी ने लिया तैयारियों का जायजा

मेजर जनरल केपी सिंह विशिष्ट सेवा मेडल, एडीजी, रिक्रूटिंग स्टेट हरियाणा चंडीगढ़ एवं हिमाचल प्रदेश ने 17 नवंबर को रैली की सारी तैयारियों का जायजा लिया और भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी अधिकारियों और जवानों को संबोधित किया। भर्ती एक निष्पक्ष और ईमानदारी से होने वाली प्रक्रिया है।

## दिनेश गुलेरिया के निधन पर जताया शोक

**सरकाघाट।** मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी धर्मपुर लोकल कमेटी ने कारगिल शहीद दीपक गुलेरिया के छोटे भाई 49 वर्षीय दिनेश गुलेरिया निवासी चोलथरा के ब्रेन स्ट्रोक से हुई मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है और उनकी वृद्ध माता, पत्नी, बेटे और अन्य परिवार जनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

वहीं पार्टी के सचिव व पूर्व पार्षद भूपेंद्र सिंह, सुरेश शर्मा, करतार सिंह चौहान, रामचंद ठाकुर, ओमचंद, अरूण अत्री, लुद्दर सिंह, प्रकाश सकलानी, भाग सिंह लखरवाल, हरफूल सिंह, बाला राम, प्रकाश वर्मा आदि ने शोक व्यक्त किया है।

**चिंता** भूपेंद्र सिंह की मांग-मजदूरों को मनरेगा की तर्ज पर रोजगार देने का हो प्रावधान

# धर्मपुर और संधोल नगर पंचायत बनने पर मनरेगा में नहीं मिलेगा रोजगार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल सरकार मंत्रिमंडल की 16 नवंबर को हुई बैठक में स्थानीय विधायक की मांग के आधार पर धर्मपुर और संधोल को नगर पंचयात का दर्जा देने का निर्णय लिया गया है और सरकार के दो साल पूरा होने का जश्न बिलासपुर में मनाने का निर्णय लिया है। सरकार के इस फैसले के अनुसार ग्राम पंचायत धर्मपुर ग्राम पंचायत तथा संधोल, दतवाड़ और सोहर ग्राम पंचायतों के कुछ वार्डों के मजदूर मनरेगा कानून से बाहर हो जाएंगे और उन्हें मनरेगा में रोजगार नहीं मिलेगा। पूर्व जिला परिषद



धर्मपुर क्षेत्र का फाइल चित्र।

सदस्य भूपेंद्र सिंह ने सरकार से मांग की है कि नगर पंचायत बनने पर इन क्षेत्रों के मजदूरों को मनरेगा की तर्ज पर रोजगार देने का प्रावधान किया जाए ताकि जरूरतमंद रजिस्टर्ड मजदूरों को काम मिलता रहे अन्यथा सैंकड़ों मजदूरों को इससे नुकसान होगा।

उन्होंने टिहरा में तहसील और संधोल में एसडीएम कार्यालय कांग्रेस की सरकार बनने के तीन महीने में खोलने का वादा किया था लेकिन अब वे इस वादे को भूल गए हैं और इन पर बात भी नहीं करते हैं। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के धर्मपुर और संधोल अस्पतालों में तथा अन्य स्वास्थय संस्थानों में डॉक्टरों, नर्सों और बुनियादों टेस्ट सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं लेकिन इन्हें सुधारने के लिए भी पिछले दो साल में कोई पहल नहीं हुई है।

पिछली बरसात में टूटी सड़के अस्थायी रूप में बहाल तो हुई है लेकिन स्थायी रूप में इन्हें बहाल करने के लिए बजट उपलब्ध नहीं है। बसों की कमी के कारण खंड मुख्यालय व अन्य रूटों पर कोई नई बस इन दो सालों में उपलब्ध नहीं कि गई है।

### धाड़ता क्षेत्र में शिक्षण संस्थान खोलने की मांग

**धाड़ता** क्षेत्र में शिक्षण संस्थान खोलने बारे में भी पिछली सरकार के समय निर्णय हुआ था जिसे व अन्य एक दर्जन कार्यलयों को इस सरकार ने आते ही रद्द कर दिया था जिन्हें बहाल करने की मांग उन्होंने की है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि दो नगर पंचायतों के गठन के बारे में ऐसा प्रचार किया जा रहा है जैसे कोई बहुत बड़ा विकास कार्य यहां करवा दिया गया है। इसलिए उन्होंने स्थानीय विधायक से अपने चुनावी वायदों को पूरा करने की मांग उठाई है।

## 31 साल बाद अविस्मरणीय मधुर मिलन समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सत्र 1991-1993 के बेसिक टीचर्स ट्रेनिंग स्कूल मंडी, जो अब जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बन गया है, के भूतपूर्व प्रशिक्षु अध्यापकों ने लगभग 31 वर्षों के बाद अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए मधुर-मिलन समारोह का आयोजन किया।

समारोह में उस समय के लगभग 60-70 प्रशिक्षुओं ने भाग लेकर अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत प्रशिक्षुओं की आत्मिक शांति प्रार्थना की गई। संस्थान की भूतपूर्व उप-प्रधानाचार्य सन्नो शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं पूर्व में संस्थान के अन्य




मधुर मिलन समारोह के बाद समूह चित्र में पूर्व व वर्तमान शिक्षकगण।

**5 जिलों के युवाओं ने एक साथ ली थी टीचर ट्रेनिंग**

प्रवक्ताओं में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हेमलता तथा मैडम विदुला शर्मा ने भी विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य संयोजक सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि ग्रुप के माध्यम से एक मंच पर इकट्ठा किया गया। दो वर्षों की लगातार मेहनत से सभी पुराने साथियों को लगभग 31 वर्षों बाद मधुर मिलन समारोह किया गया। पुराने प्रशिक्षु अध्यापकों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम कर तथा अपने विचार रखकर अपनी पुरानी यादों को ताजा किया।

इस बैच में पांच जिलों लाहौल, कुल्लू, मंडी, बिलासपुर और हमीरपुर के लगभग 385 प्रशिक्षु अध्यापकों ने प्रशिक्षण लिया था। अगला समारोह लाहौल में मई-जून 2025 में आयोजित किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### भद्रकाली स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय बरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रकाली में सात दिवसीय एनएसएस आवासीय शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में स्थानीय पंचायत प्रधान दलविंद्र सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जिन्हें स्कूल स्टाफ ने सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को एनएसएस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आप बहुत भाग्यशाली हैं जो एनएसएस के सदस्य हैं। उन्होंने स्वयंसेवियों को कहा कि आपको समाज के प्रति समर्पित होकर अच्छे नागरिक कि भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्चे व्यक्ति को जिंदगी में मुश्किलें जरुर आती हैं, मगर उस व्यक्ति को कभी आंच नही आती। उन्होंने कहा जिस विद्यार्थी को शिक्षक का डर नहीं होता, वह जिंदगी में कभी कामयाब नहीं होता। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। एनएसएस प्रभारी अजीत कुमार व महिला प्रभारी अनीता रानी ने बताया कि इस शिविर में कुल 32 स्वयंसेवी भाग लेंगे तथा गोद लिए गांव भद्रकाली के बार्ड नंबर चार में रास्तों के साथ-साथ खेल मैदान की साफ-सफाई की जाएगी। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य सतपाल बशिष्ट, उपप्रधानाचार्य बिहारी लाल, एसएमसी प्रधान डॉ. पवन कुमार, गुरबक्श, अनूप कुमार, राकेश कुमार, शक्ति देवी, बजिंद्र सिंह, इंद्र सिंह, अरुण कुमार, सोना, रेनू, किरण आदि उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवियों को बैंकिंग और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौकीमन्यार स्कूल में चल रहे एनएसएस शिविर के पांचवें दिन सुबह के सत्र में स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर से उषा माता मंदिर परिसर तक प्रभातफेरी निकाली। वहीं, पर चौकीमन्यार के श्मशानघाट तथा साथ लगते तालाब परिसर तथा उसके आसपास साफ-सफाई की। इसके बाद स्वयंसेवियों ने पीटीआई संजीव कुमार की अध्यक्षता में योगाभ्यास सीखा। पहले सत्र में पंजाब नेशनल बैंक उना के को-आर्डीनेटर आकाश रत्न भारद्वाज ने स्वयंसेवियों को बैंकिंग संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके बाद बौद्धिक सत्र में आयुर्वेदिक स्वस्थ्य केंद्र चौकीमन्यार के स्वास्थ्य प्रभारी डॉ. अतुल ने स्वयंसेवियों को स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा आने वाली सर्दियों में अपने आप को किस प्रकार से सुरक्षित रखना चाहिए, के बारे जागरूक किया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य मनोहर लाल शर्मा, स्कूल एनएसएस प्रभारी जितेंद्र शर्मा, सह प्रभारी अंजू देवी, मीडिया प्रभारी विजय शर्मा, प्रवक्ता अश्वनी चौधरी संजीव रांगड़ा, संजीव कुमार, अशोक कुमार, कुसुम लता, सीमा शर्मा, निशा शर्मा, विजय अग्निहोत्री, भगवान सिंह सिकंदर सैणी, दिनेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, विरेंद्र ठाकुर सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

### बच्चों को अनुशासन और नैतिक मूल्य बताए

**ऊना।** हरोली के तहत पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगड़ में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन ग्राम पंचायत कांगड़ के उपप्रधान गणेश कौशल और कुरियाला स्कूल के प्रिंसिपल सुदर्शन कौशल ने बच्चों को अनुशासन, नैतिक मूल्यों और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को बताया कि नशा व्यक्ति के शरीर को खोखला कर देता है। हमें बुरे नशों से दूर रहना चाहिए। शिविर में 28 एनएसएस वालंटीयर्स भाग ले रहे हैं। एनएसएस प्रभारी संदीप कुमार, सह प्रभारी गुरप्रीत कौर और अरुण कुमार ने उपप्रधान गणेश कौशल और प्रिंसिपल सुदर्शन कौशल को समृति चिन्ह और एनएसएस टोपी से सम्मानित किया। बच्चों में दीक्षा देवी, तनवीर कौर, लक्ष्मी देवी, सुनाक्षी, अक्षिता शर्मा, रिद्धि ठाकुर, दीपिका कौशल, रितिका, सिमरन जसवाल, वंशिका, पलक चौधरी, पायल, विशाखा, स्नेह, अनुज गुलेरिया, काजल, अनु, किरण कुमारी, मनोज कुमार, साहिल, वंश आदि मौजूद रहे।

### दियाड़ा विद्यालय में बच्चों को जागरूक किया



**अनंत ज्ञान, ऊना।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल दियाड़ा में सात दिवसीय आवासीय शिविर का सोमवार को समापन हो गया। सेवानिवृत्त प्रवक्ता और समाजसेवी सतीश शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बच्चों को बताया कि नशा क्या होता है और कैसे बच्चे इसकी चपेट में आ जाते हैं। इसकी रोकथाम के उपाय के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य क्या है? और बच्चों को इसका क्या लाभ है। उन्होंने बताया कि ऐसे शिवरों में जाने से बच्चों में नेतृत्व की भावना जागृत होती है। लोकतांत्रिक प्रणाली का ज्ञान मिलता है। आपसी सहयोग और भाईचारा बढ़ता है। राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है। बच्चों को ऐसे शिविर आत्मनिर्भर बनाते हैं तथा उनमें अनुशासन की भावना भी आती है। बच्चों पर माता-पिता को पैनी नजर रखनी होगी।

### निपुण टेस्टिंग कैंप में भाग लेकर लौटे रोवर्स



**ऊना।** उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना के 9 रोवर्स निपुण टेस्टिंग कैंप में भाग लेकर लौटे हैं। यह कैंप राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर जिला मंडी में 10 से 14 नवंबर तक करवाया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश के लगभग सभी महाविद्यालयों के रोवर्स ने भाग लिया। इसमें भिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर मीता शर्मा ने इन रोवर्स को प्रशस्ति पत्र देकर बधाई दी। इस कार्यक्रम में डॉक्टर शाम सिंह बैंस ने पाठ्यक्रम के नेता (एलओसी) के रूप में सेवा दी। यह जानकारी रेंजर्स लीडर डॉक्टर रंजू बनोटा ने दी।

### कुनेरन स्कूल का वार्षिक समारोह कल

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुनेरन में बीस नवंबर को वार्षिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें गगरेट विस क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया मुख्यतिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

### त्यूड़ी विद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का धूमधाम से आयोजन

# विधायक विवेक ने नवाजे मेधावी

**राजेश शर्मा, ऊना**

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि स्कूलों का बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराने के लिए सरकार वचनबद्ध है। सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार हुआ है और अब वह दौर लौटने लगा है, जो दो से तीन दशक पहले था। शिक्षा की गुणवत्ता कायम रखने के लिए अध्यापकों की भूमिका अहम है। ऐसे अध्यापक अपनी जिम्मेदारी को समझें और स्कूलों की प्रतिष्ठा को बनाए रखने में योगदान दें।

विवेक शर्मा सोमवार को त्यूड़ी विद्यालय के वार्षिक समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमर सिंह ने बताया कि कुटलैहड़ विधानसभा के विधायक विवेक शर्मा (विक्कू) ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने शिक्षा, कला उत्सव, बाल विज्ञान मेले तथा खेल के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए।



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व अन्य गणमान्य।

इसके उपरांत बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। दीक्षा, निहारिका, खुशी ने स्वागत गीत से आए हुए मेहमानों का तहे दिल से शुक्रिया किया। इशिता, श्रृष्टि, रिहाना एवं साथियों ने 'माँ सरस्वती' की बंदना तथा हिमांशी, मानसी, मोनिका, नितिका एवं साथियों की 'दुर्गा स्तुति' ने सबको भक्ति रस में डूबो दिया।

मंच संचालक के रूप में अपनी भूमिका निभाते हुए विज्ञान अध्यापक हरदीप सिंह ने यहां प्रांगण में उपस्थित जनसमूह को शब्दों से बांधे रखा, वहीं अग्रिम बैंस, सिया शर्मा, आरुषि एवम साथियों ने 'मोबाइल सफल जीवन का अंत' विषय पर नाटिका प्रस्तुत करके मां बाप तक बच्चों को मोबाइल न देने का संदेश पहुंचाया।

वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए प्रधानाचार्य अमर सिंह ने बताया कि विद्यालय का बारहवीं कक्षा का परिणाम बेहतरीन रहा। दसवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम तो अति सराहनीय रहा जिसमे 51 में से 24 बच्चे मेरिट में आए हैं। 39 बच्चे प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। इस वर्ष स्वामी विवेकानंद छात्रवृत्ति के लिए दो विद्यार्थी सूर्यांश ठाकुर तथा अभिनव ठाकुर एवं डॉ अंबेडकर छात्रवृत्ति के लिए तीन छात्रों श्रेया, ईशा, अंजली का चयन एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

इस दौरान मुख्यातिथि ने वर्ष भर रहे विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं और पढ़ाई में अव्वल रहने वाले छात्रों को सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

### लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाने को लेकर हरोली कॉलेज में लगेगा निशुल्क प्रशिक्षण कैंप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिला प्रशासन के महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण को समर्पित विशेष कार्यक्रम 'सामर्थ्य' के तहत राजकीय डिग्री कॉलेज हरोली में लड़कियों और महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने को लेकर सात दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण कैंप आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि यह प्रशिविर शिविर 20 नवंबर से आरंभ होगा, जिसमें लड़कियों को आत्मरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, फिटनेस, मनोबल विकास और व्यावहारिक अनुभव का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षित और अनुभवी विशेषज्ञ महिलाओं को आत्मरक्षा की तकनीकों में निपुण बनाएंगे, जिससे वे न केवल सशक्त होंगी, बल्कि आत्मनिर्भर और सुरक्षित भी महसूस करेंगी। उपायुक्त ने बताया कि इस प्रशिक्षण कैंप में स्कूल-कॉलेज की छात्राओं के साथ-साथ घरेलू और कामकाजी महिलाएं भी भाग ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि इच्छुक लड़कियां और महिलाएं अपने नजदीकी सरकारी कॉलेज के प्रधानाचार्य से संपर्क करके 19 नवंबर तक अपना पंजीकरण करवा सकती हैं।



डीसी, जतिन लाल

### अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों को लेकर बंगाणा कॉलेज में दिया विशेष वक्तव्य



बंगाणा कॉलज में स्पेशल लेक्चर का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा स्पेशल लेक्चर का आयोजन किया गया। स्पेशल लेक्चर का विषय हाल ही के दिनों में संपन्न हुए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपतित्व के परिप्रेक्ष्य मे भारत-अमेरिका संबंध था। स्पेशल लेक्चर के मुख्य राजनीति विज्ञान के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सिकंदर नेगी थे।

इस अवसर पर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में विभिन्न क्षेत्रों में प्रभाव पड़ सकता है। सामाजिक परिपेक्ष में भारतीय समुदाय ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में भारतीय समुदाय के साथ अच्छे संबंध बनाए थे और इस बार भी वे इसे जारी रख सकते हैं। हालांकि, उनकी अप्रवासन नीतियों में सख्ती आ सकती है, जिससे एच-1बी वीजा धारकों पर असर पड़ सकता है। ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत भारत पर आयात शुल्क बढ़ सकते हैं, जिससे भारतीय आईटी फार्मास्यूटिकल और टेक्सटाइल क्षेत्रों पर असर पड़ सकता है।

हालांकि, चीन से दूरी बनाने की नीति भारत के लिए अवसर भी ला सकती है। ट्रंप प्रशासन अमेरिकी कंपनियों को चीन से हटाकर भारत में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। राजनीतिक रक्षा और सुरक्षा, ट्रंप प्रशासन चीन की विस्तारवादी नीतियों पर अंकुश लगाने का प्रयास करेगा, जिससे भारत को फायदा हो सकता है। क्वॉड गठबंधन और मजबूत हो सकता है।

दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत कर सकते हैं। हालांकि, ट्रंप की अप्रत्याशित नीतियों के कारण भारत को सतर्क रहना होगा। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान के उपाध्यक्ष अनीता राणा, महासचिव अंकिता मनकोटिया , सहसचिव तनु ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### ईसपुर में एनएसएस शिविर का समापन

**हीना पठानिया, बड़ूही।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ईसपुर में एनएसएस विशेष शिविर के समापन सामारोह में चित विलास पाठक बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। ईसपुर में यह विशेष शिविर 12 से 18 नवंबर तक चला। इस शिविर के समापन सामारोह में मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को सामाजिक दायित्व, चेतना, स्वप्रेरित अनुशासन और श्रम के प्रति सम्मान की भावना बनाए रखने के बारे में बताया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य अजय कुमार ने बच्चों को समाज के साथ सद्भावना और एकता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी उषा कुमारी व अनिल कुमार ने स्वयंसेवकों को सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इस विशेष शिविर में तरसेम लाल सैनी, रवि डडवाल, किरण, प्रीति चौधरी, अमरदीप तथा स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### शिविर में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ने छोटे बच्चों को किया जागरूक

## फास्ट फूड और मोबाइल के दुष्प्रभाव बताए

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

बच्चों में फास्ट फूड के सेवन को निश्चित रूप से सख्ती से नियंत्रित करने की आवश्यकता है, क्योंकि यह कोई लाभ नहीं पहुंचाता है। यह बात सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा में समर्पित स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रदीप ने बच्चों को जागरूक करते हुए बताई। उन्होंने कहा इस आदत से सेहत को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। इसका उपाय क्या है? आश्चर्यजनक रूप से, फलों के सेवन में एक साधारण वृद्धि मूड को बेहतर बना सकती है और एटोपिक रोगों की गंभीरता को कम कर सकती है। बच्चों को आकर्षक चरित्र और उपहारों के साथ जंक फूड के विपणन को रोकना बच्चों को बेहतर खाने में मदद करने का एक तरीका हो सकता है। दूसरा तरीका है कि पौष्टिक भोजन को सस्ती कीमतों पर और अधिक आकर्षक प्रारूप में आसानी से उपलब्ध कराया जाए। नंगल बट्ट में बच्चों के लिए आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ. प्रदीप ने यह जानकारी साझा की।



स्वास्थ्य शिविर के दौरान बच्चों की निशुल्क जांच की गई।

डॉ. प्रदीप ने बच्चों के अत्यधिक मोबाइल फोन के इस्तेमाल को भी रोकने की इस दौरान बात की। उन्होंने इसके दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए कहा कि इससे बच्चों की आंखों, सोचने समझने की शक्ति व शारिरिक सरंचना पर बुरा प्रभाव पड़ता है। बात दें कि सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम (प्रीति, मनीष, निहाल) ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में राजकीय प्राथमिक पाठशाला नंगल बट्ट में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 120 बच्चों के स्वास्थ की जांच की गई व 120 बच्चों के ब्लड ग्रुप की भी जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्त जांच निशुल्क की गई। बच्चों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया।

### जीएनएम की सीटें बढ़ने पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार जताया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमकैप्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग बढेड़ा में जीएनएम पाठ्यक्रम की 20 सीटें बढ़ाकर 40 से 60 के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने का निर्णय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल द्वारा कैबिनेट बैठक में लिया गया। इसके लिए हिमकैप्स के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह, वाइस चेयरमैन सुमित शर्मा, समस्त बोर्ड ऑफ डायरेक्टर, हिमकैप्स स्टाफ एवं विद्यार्थियों के द्वारा राज्य सरकार का तहेदिल से धन्यवाद किया। इस खुशी के मौके पर कैंपस में मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। अब ऊना जिला की छात्राओं को जीएनएम कोर्स के लिए अन्य राज्य में नहीं जाना होगा। इस ऐतिहासिक निर्णय से ऊना जिले के सभी क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है। कैबिनेट का यह निर्णय हिमकैप्स के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा।

### भाजपा की हर साजिश को मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया नाकाम : देवी लाल

**अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट कांग्रेस के नेता देवी लाल शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हिमाचल में हर साजिश का भाजपा को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का दिल की गहराइयों से तारीफ करते हैं, जिनके राजनीतिक तजुर्बे के कारण आज भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को मुंह की खानी पड़ रही है। आज हिमाचल के मुख्यमंत्री पूरे देश में उन राज्यों की लीडरशिप के लिए के लिए एक ऐसी मजबूत नेता बनकर उभरे हैं, जिन्होंने भाजपा के नेताओं के घुटने जमीन पर लगा दिए हैं। जो भी दांव भाजपा के नेता चलाते हैं, हिमाचल सरकार को अस्थिर करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू उस चल के खिलाफ पहले ही तैयारी करके बैठे हुए होते हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के हाईकमान का दिल की गहराइयों से धन्यवाद किया है और कहा है कि आला नेतृत्व ने ऐसे मजबूत व्यक्तित्व के पास हिमाचल प्रदेश की बागडोर सौंपी है। लोगों को पूरा विश्वास है कि यह सरकार अपने पूरे 5 वर्ष कार्य करेगी और पुनः 2027 के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत जीतकर वापस सरकार बनाएगी।

### एनजीजी पॉवर टेक पोलियां बीत में भरे जाएंगे पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज एनजीजी पावर टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड झोलन माजरा, पोलियां बीत में विभिन्न श्रेणियों में 28 पद भरे जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 21 नवंबर को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित किया जा रहा है। इन पदों में आईटीआई इलेक्ट्रिकल और सहायक कोयल असेम्बलर में 5-5 पद, सहायक एचटी बाइंडर और सहायक एलटी बाइंडर के 6, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के 2 पद तथा हेल्पर के 10 पद शामिल हैं। सहायक कोयल असेम्बलर, सहायक एचटी बाइंडर और सहायक एलटी बाइंडर के पदों हेतु ट्रांसफार्मर निर्माण लाइन में पांच साल का अनुभव और इलेक्ट्रिकल इंजीनियर पद के लिए बीटेक के साथ ऑटोकैड और ट्रांसफॉर्मर निर्माण लाइन में सात साल का अनुभव चाहिए। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक इलेक्ट्रिशियन और मैकेनिकल में होना अनिवार्य है। इन पदों के लिए प्रतिमाह 15 से 50 हजार रुपए वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक व योग्य अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 98169-59764 मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# सुक्खू सरकार की कोई उपलब्धि नहीं, फिर जश्न कैसा : सिद्धार्थन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राज्य की सुक्खू सरकार दो वर्ष के कार्यकाल में केवल झूठ की गारंटियों को आगे बढ़ाकर जनता को गुमराह करने में बिताए हैं। जब किसी सरकार की अपने दो वर्षों की कोई उपलब्धि नहीं, फिर दो वर्षों का जश्न कैसा। यह बात जनता में चर्चा बनी है।

सोमवार को हिमाचल प्रदेश भाजपा संगठन मंत्री सिद्धार्थन कुटलैहड़ भाजपा कार्यालय होटल कर्ण राज में मीडिया को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश की जनता में समस्याओं की त्राहि-त्राहि हो रही है। पूर्व भाजपा सरकार के समय बिजली पानी की सब्सिडी बंद कर दी है। हर जगह केवल टैक्स बढ़ाकर जनता की जेबों पर डाका डाला जा रहा है और फिर भी राज्य की सुक्खू सरकार सुख की बात कर रही है।



बंगाणा में भाजपा नेता सिद्धार्थन का स्वागत करते नेता और कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही हर मदद योजना पर सुक्खू सरकार अपना फट्टा लगाकर जनता के बीच जा रही है और जनता को गुमराह करने में लगी है। उन्होंने कहा कि जिस झूठ से कांग्रेस पार्टी हिमाचल में सत्ता पर काबिज हुई है। आज वही झूठ सुक्खू सरकार के गले की फांस बना हुआ है। उन्होंने कहा कि आज देश ओर प्रदेश में भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रही है, लेकिन अगर कांग्रेस की बात की जाए तो हिमाचल प्रदेश के अलावा पूरे दशमी कांग्रेस पार्टी लुप्त होने की कगार पर हो चुकी है क्योंकि कांग्रेस हर जगह हर राज्य में केवल झूठ का सहारा लेकर सत्ता में आती है और सत्ता मिलने के बाद जनता को भूल जाती है।

भाजपा संगठन मंत्री सिद्धार्थन का बंगाणा पहुंचने पर कुटलैहड़ के भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने भव्य स्वागत किया और उन्हें सम्मानित भी किया।

इस मौके पर भाजपा नेता अमित, भाजपा नेता सुदर्शन शर्मा, राज्य भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव सूरम सिंह, कुटलैहड़ भाजपा महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, रमेश डूमखर, संजीव मिंटू हटली, भाजयुमो नेता अभय राणा, उपप्रधान अरुण मनकोटिया, भाजपा नेता श्याम सिंह के अलावा कई गणमान्य मौजूद रहे।

**आयोजन** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के खिलाड़ियों को मिलेगा मंच : भुट्टो

# जल्द होगी कुटलैहड़ प्रीमियर लीग

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के गोशाला डूमखर खेल मैदान में बहुत जल्दी कुटलैहड़ प्रीमियर लीग ओपन कबड्डी खेल प्रतियोगिता करवाई जा रही है। इस खेल ओपन कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर 14 एवं अंडर 19 पुरुष एवं लड़कियां केवल कुटलैहड़ विस क्षेत्र की ही भाग लेंगी। ये शब्द कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने धुंधला में शहीद बृजेश कुमार खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कहे।



शहीद बृजेश प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को सम्मानित करते देवेंद्र कुमार।

देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि आज के समय में नशे के दलदल में जाने की बजाए युवा खेलों में रुचि बढ़ाएं क्योंकि खेलों से शरीर ओर ज्यादा संचार करता है ओर अच्छी खेल के खिलाड़ी को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा निखारने का मौका भी मिलता है। पढ़ाई के साथ खेल प्रतियोगताओं का होना भी जरूरी है। वहीं, शहीद बृजेश प्रतियोगिता के समापन पर देवेंद्र कुमार भुट्टो ने 5100 रुपए की नकद राशि प्रदान की ओर विजेता ओर उपविजेता टीमों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर भाजपा नेता राजेंद्र मलांगड़, सूरम सिंह सुदर्शन शर्मा, अरुण सिंह मनकोटिया, अभय सिंह राणा के अलावा बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए बंगाणा की टीम हुई रवाना

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज टेबल टेनिस पुरुष चैंपियनशिप के लिए टीम को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। इस अवसर पर स्पोर्ट्स विभाग के इंचार्ज प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने कहा कि टीम के चयन में एक विशेष चयन प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वालों को विशेष अवसर दिया गया है। इस अवसर पर टीम मैनेजर प्रोफेसर कमलेश, प्रोफ़ेसर नंद लाल, स्पोर्ट्स मेंबर डॉ. कुलदीप सिंह मौजूद रहे।





## न्यूज ब्रीफ

### कुंजुम पास पर्यटकों के लिए रहेगा बंद

**केलांग।** लाहौल से स्पीति को जोड़ने वाला कुंजुम पास पर्यटकों के लिए बंद कर दिया है। डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि लाहौल-स्पीति जिले में घाटियों के ऊपरी इलाकों में अत्यधिक ठंड पड़ने से दर्रों में सड़कों पर बर्फ जमने के कारण आपदा की घटनाओं को रोकने और यात्रियों के फंस जाने की स्थिति को देखते हुए डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने 19 से लाहौल से स्पिति को जोड़ने वाला कोकसर से लोसर (एनएच-505 पर) सड़क, दारचा-सरचू (एनएच-03 पर) और दारचा-शिंकुला सड़क मार्ग पर यातायात की आवाजाही को अगली सूचना तक विनियमित किया है। मंगलवार से कोकसर से लोसर (एनएच-505 पर) पर अब केवल सुरक्षा और आपातकालीन वाहनों के लिए और बर्फ की जंजीरों के साथ केवल स्थानीय फोर वाई फोर वाहनों को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक दोनों तरफ से आनेजाने की अनुमति दी जाएगी। पर्यटक वाहनों को इस मार्ग पर यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। दारचा-सरचू (एनएच-03) और दारचा-शिंकुला सड़क पर केवल सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक (दोनों तरफ से) सभी के लिए आवाजाही की अनुमति होगी। पुलिस चेक पोस्ट यातायात व्यवस्था को उसी हिसाब से संभालेंगे। बारिश और बर्फबारी की स्थिति में वाहनों को गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह मार्ग कुछ दिनों में अधिकारिक तौर पर पूरी तरह बंद हो सकते हैं, इसलिए इन सड़कों पर किसी ने आवाजाही करनी है, तो वह अपनी यात्रा की पहले से योजना बना लें। उन्होंने कहा निर्धारित समय में वाहनों को इन मार्गों के बीच में अनावश्यक रूप से रुकने की अनुमति नहीं होगी। सुबह और शाम के समय इन मार्गों पर कई स्थानों पर काली बर्फ जमी हुई पाई गई है। इसलिए यात्रियों को सलाह देते हुए कहा कि वे यात्रा करते समय अपने साथ फावड़े और बर्फ हटाने वाली चेन जैसे आवश्यक उपकरण रखें। उन्होंने बर्फबारी की स्थिति में यात्रियों से सुरक्षित स्थानों पर चले जाने या रहने का भी अनुरोध किया है। उन्होंने सभी होटल और होमस्टे मालिकों से कहा कि वे अपने मेहमानों को भी इस बारे जानकारी दें।

### राष्ट्रीय चालक संघ की कार्यकारिणी कुल्लू दौरे पर



**कुल्लू।** राजकीय एवं अर्द्ध चालक-परिचालक महासंघ हिमाचल की कुल्लू इकाई के अध्यक्ष तुले राम ने बताया कि राष्ट्रीय चालक संघ की कार्यकारिणी कुल्लू दौरे पर है, जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नव नियुक्त अध्यक्ष नागेश्वर राव और महामंत्री विजय राम और उनके समस्त साथी कुल्लू के दौरे पर आए हैं। हाल ही में 16 नवंबर को हरियाणा के करनाल जिले के इंद्री में राष्ट्रीय चालक संघ का अधिवेशन हुआ, जिसमें चुनाव संपन्न हुए और नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। तुले राम ने बताया कि कुल्लू पहुंचने पर अटल सदन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का कुल्लवी संस्कृति के साथ मेहमानों का स्वागत अभिनंदन किया गया। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश्वर राव ने कुल्लू के सभी चालक, परिचालक सदस्यों का मान सम्मान के लिए धन्यवाद किया और उन्होंने कहा कि मेरा पहला दौरा अध्यक्ष बनने के बाद कुल्लू का रहा और बहुत अच्छा दौरा रहा। उन्होंने कहा कि राजकीय अर्द्ध चालक, परिचालक महासंघ हिमाचल के कुल्लू इकाई में आपसी तालमेल बहुत अच्छा है।

### कुल्लू में मक्की खरीदने की प्रक्रिया शुरू : डीसी



**कुल्लू।** जिला कुल्लू में प्राकृतिक खेती से उगाई गई मक्की की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 30 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदने की प्रक्रिया सोमवार 18 से आरंभ कर दी गई। इस प्रक्रिया का शुभारंभ डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने किया। इस मक्की की खरीद का कार्य जिला कुल्लू आत्मा परियोजना कृषि विभाग व खाद्य एवं आपूर्ति निगम के माध्यम से निगम के दो केंद्रों ढालपुर कुल्लू व धामण में किया जा रहा है। यह मक्की खरीद प्रक्रिया का शुभारंभ प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा की गई घोषण में बहुत अहम कदम है। इस अवसर पर मुख्यातिथि डीसी ने वहां उपस्थित विभाग के अधिकारियों से फसल की अच्छी गुणवत्ता बनाए रखने और ज्यादा से ज्यादा किसानों को जहरमुक्त खेती को अपनानें की दिशा में कार्य करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने मक्की खरीद प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए आत्मा परियोजना और खाद्य एंव आपूर्ति निगम के अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। आत्मा परियोजना के परियोजना निदेशक डॉ. ऋतु गुप्ता ने बताया कि कुल्लू में प्राकृतिक रूप से तैयार मक्की, विक्रय के लिए 12.50 मिट्रिक टन मक्की उपलब्ध है। इस मक्की खरीद कार्यक्रम के शुभारंभ में कृषि उपनिदेशक डॉ. सुशील शर्मा, जिला कुल्लू खाद्य आपूर्ति अधिकारी शिव राम, क्षेत्रीय प्रबंधक मंडी आत्मा परियोजना कुल्लू के परियोजना उपनिदेशक डॉ. प्रदीप ठाकुर व डॉ. सरिता मारपा, जिला लोक संपर्क विभाग के अधिकारी, आत्मा परियोजना के जिला खंडस्तर के अधिकारी व कुल्लू खंड के विभिन्न क्षेत्रों से मक्की लेकर आए किसान उपस्थित रहे।

### विजेताओं का आनी पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

**आनी।** निरमंड के पीएम श्री राजमाता शांति देवी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुई 65वीं राज्य स्तरीय 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की छात्रा सांस्कृतिक प्रतियोगिता में राजकीय कन्या आनी स्कूल की छात्राओं ने अपना वर्चस्व कायम रखा। छात्राओं ने लोकनृत्य में राज्य स्तर पर पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा एकल गान में भी पहला स्थान हासिल किया। विजेता सांस्कृतिक दल का स्कूल पहुंचने पर विद्यालय के स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति, अविभावकों और बच्चों ने जोरदार स्वागत किया। विद्यालय के प्रिंसिपल जवाहर ठाकुर ने विद्यालय पहुंचने पर सभी विजेता प्रतिभागियों का स्वागत किया और सभी को बधाई और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीत के लिए शुभकामनाएं दीं।

# लंका बेकर में घास की जीप में लगी आग, चालक झुलसा, आई हल्की चोटें

## रास्ते में जीप में रखे घास से टकराई बिजली की तारें, शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू के लंकाबेकर में घास ले जा रही जीप में लगी आग पर काबू पाते अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

जिला मुख्यालय कुल्लू के लंकाबेकर में सोमवार को घास ले जा रही एक जीप में अचानक आग भड़क गई। आग की सूचना दमकल विभाग को दी गई। इसके बाद दमकल विभाग मौके पर पहुंचा और स्थानीय लोगों और अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार लंकाबेकर में दोपहर करीब एक बजे के आसपास घास लेकर जा रही जीप में अचानक आग लग गई, जिस कारण जीप चालक पवन कुमार घायल हुआ है, जिसका क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में ईलाज चल रहा है। सोमवार दोपहर कुल्लू के खड़ीहार से एक जीप घास लेकर लंकाबेकर जा रही थी कि अचानक बिजली की तारें नीचे होने के कारण घास बिजली की तारों से टकराया, जिस कारण शॉर्ट सर्किट से चिंगारी निकली और घास में आग लग गई, जिसके बाद आग जीप के अगले हिस्से में भी भड़क गई, जिससे जीप चालक पवन कुमार भी आग में झुलस कर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू लाया गया है। इस घटना में जीप चालक को भारी नुकसान हुआ है। घायल जीप चालक पवन ने बताया कि वह लंकाबेकर के लिए जीप में घास लेकर जा रहा था कि अचानक बिजली की तारों से संपर्क होने के कारण तारों की शार्ट सर्किट से चिंगारी निकली और जीप में रखे घास में आग लग गई और घास में आग लगने के बाद जीप के अगले हिस्से में आग लगी और उससे नुकसान हुआ है। पवन ने कहा कि उसने अपने आप को जीप से बाहर निकालने के लिए मशक्कत की और बड़ी मुश्किल से वह बाहर निकला, लेकिन आग में झुलस गया। इस घटना में जीप को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि उसके नुकसान की भरपाई बिजली विभाग करे।

# हर घर में बांटे जाएंगे ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला स्तरीय सघन दस्त एवं न्यूमोनिया नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 18 से 2 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान के बारे में यहां पर लोगों को विशेष रूप से जानकारी दी गई। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग में तैनात जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों में डायरिया और निमोनिया जैसे रोग कई बार जानलेवा रूप धारण कर लेते हैं।

डायरिया से बच्चों की मौत के आंकड़े को शून्य तक लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रदेश भर में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से अब साल में तीन बार सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा मना रहा है। इससे डायरिया के प्रकोप की प्रतिशतता 6.6 से गिरकर अब 4.7 प्रतिशत हो गई है। 2 दिसंबर तक चलने वाले विशेष अभियान के दौरान आशा और आंगनबाड़ी वर्कर्स घर-घर जाकर शून्य से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को ओआरएस के 2-2 पैकेट और जिंक की 14-14 गोलियां वितरित करेंगी। वहीं, इन बच्चों की माताओं को ओआरएस का घोल तैयार करने की विधि, हाथों की सफाई एवं कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करेंगी। कुल्लू में अब हर घर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री बाल सुपोषण योजना के अंतर्गत सशक्त दस्त एवं निमोनिया नियंत्रण के दूसरे पखवाड़े के चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा ओआरएस के पैकेट और 14 जिंक की गोलियां बांटी जाएंगी, ताकि डायरिया तथा निमोनिया से बच्चों का बचाव हो सके। इस दूसरे पखवाड़े के तहत शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के कुल 30301 बच्चों को 25365 घरों में ओआरएस के पैकेट तथा जिंक की गोलियों का वितरण किया जाएगा। दस्त से निर्जलीकरण के कारण होने वाली मौतों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए तीव्र तरीके से क्रियान्वित की जाने वाली गतिविधियों में मुख्य रूप से दस्त रोकथाम प्रबंधन के लिए जागरूकता पैदा करने वाली गतिविधियों को तेज करना, दस्त के मामलों के प्रबंधन के लिए सेवा प्रावधान को मजबूत करना, ओआरएस-जिंक कोनों की स्थापना, पांच साल से कम उम्र के बच्चों वाले घरों में आशा वर्कर्स द्वारा ओआरएस की व्यवस्था करना और स्वच्छता और सफाई के लिए जागरूकता पैदा करने वाली गतिविधियां चलाई जाएंगी।

# शांशा की महिलाओं के साथ पुरुष भी धरने पर बैठे

## जाहलमा नाला और चंद्रभागा नदी के तटीकरण की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



जाहलमा में चल रहे छह महिला मंडलों के सांकेतिक धरने के सातवें दिन बैठे लोग।

लाहौल घाटी के जाहलमा में चल रहे छह महिला मंडलों के सांकेतिक धरने के सातवें दिन पंचायत शांशा की महिलाएं धरने पर बैठी।

उनको समर्थन करने के लिए सोमवार को गांव के दो दर्जन पुरुष भी धरने पर बैठे। धरने पर बैठने के कुछ घंटों बाद उनको जानकारी दी गई कि विधायक अनुराधा राणा गांव वालो से मिलने शांशा पहुंच रही हैं, तो कुछ लोग बैठक में शामिल होने अपने गांव पहुंचे। प्रधान शांशा, प्रशांत शर्मा ने बताया कि बैठक में पंचायत के लगभग सभी मुद्दों पर सहमति बनी है और तय समय पर सभी कार्यों को पूरा करने का आश्वासन भी विधायक और प्रशासन की ओर से मिले हैं। वहीं, दूसरी ओर संयोजक सुदर्शन जस्पा ने बताया कि धरने के आगे बढ़ने के साथ-साथ संबंधित पंचायतों की दिक्कतों के निवारण का समाधान भी सुनिश्चित होता जा रहा है, जिससे आंदोलन एक सकारात्मक दिशा की ओर लगातार अग्रसर हो रहा है। उन्होंने इसके लिए सभी महिलाओं के दृढ़ इच्छा शक्ति को प्रेरणादायक बताया। लाहौल-स्पीति के जाहलमा नाला और चंद्रभागा नदी के तटीकरण के लिए 6 पंचायतों के लोग खासकर महिलाएं सांकेतिक धरने पर बैठी हैं। यह धरना सातवें दिन में प्रवेश कर गया है। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा भी अनशन पर बैठे लोगों को मनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

# सुक्खू सरकार की उपलब्धि, दो वर्ष में 20 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**



कांग्रेस सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने इसे हिमाचल प्रदेश के इतिहास का सबसे असफल कार्यकाल करार दिया है।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार अपने दो वर्ष पूरे होने पर बिलासपुर में एक समारोह आयोजित कर रही है, लेकिन यह समारोह प्रदेश की वास्तविक स्थिति से एकदम विपरीत प्रतीत होता है। जहां एक ओर कांग्रेस सरकार खुद को विकास और जनता की भलाई के लिए समर्पित बताने का प्रयास कर रही है। वहीं, दूसरी ओर राज्य की जनता आज भी अपनी समस्याओं और सरकार की विफलताओं के कारण दुखी है। गोविंद ने कहा कि कांग्रेस द्वारा प्रदेश की जनता से किए गए चुनावी वादों और गारंटियों के परिणाम सबके सामने हैं।

चुनाव के दौरान कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का दावा किया था, लेकिन दो वर्षों में केवल कर्ज में वृद्धि और जनता के अधिकारों का हनन हुआ है। गोविंद ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता हथियाने के लिए प्रदेश की जनता से 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, दुर्भाग्यपूर्ण पूर्व की सरकार द्वारा दी जा रही 125 यूनिट निशुल्क बिजली को ही इस सरकार ने बंद कर दिया। वहीं, पानी के बिल आने से ग्रामीणों को भी आर्थिक दबाव में डाल दिया है। गोविंद ने कहा कि सुक्खू सरकार की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने की गारंटी कागजों में सिमट कर रह गई। प्रदेश की महिलाओं, जिन्हें इस वादे से बड़ी उम्मीदें थी, आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। 5 लाख नौकरियों का वादा महज एक जुमला साबित हुआ। न केवल रोजगार देने में यह सरकार विफल रही है, बल्कि नियमित कर्मचारियों को हटाकर प्रदेश के युवाओं को बेरोजगार करने का काम किया गया। गोविंद ने प्रदेश पर बढ़ते कर्ज को लेकर सरकार की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने दो वर्षों में 20,000 करोड़ से अधिक का कर्ज लेकर प्रदेश को आर्थिक संकट में डाल दिया है। वर्तमान में हिमाचल का कुल कर्ज 95,000 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। इस कर्ज का कोई ठोस उपयोग नहीं हो रहा है।

# हिमाचल को नशामुक्त करने में सभी का सहयोग जरूरी : अभिनंदन ठाकुर



संकल्प अभियान ब्रेक दि ड्रग के तहत स्नोर वैली स्कूल में प्रधानाचार्य के साथ एनएसयूआई के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएसयूआई की ओर से प्रदेशभर में संकल्प अभियान (ब्रेक दि ड्रग के) चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कुल्लू के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसी कड़ी में एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर (टोनी) के नेतृत्व में संकल्प अभियान (ब्रेक दि ड्रग के) के तहत कुल्लू वैली सीनियर सेकेंडरी स्कूल, स्नोर वैली स्कूल तथा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंतर में छात्रों के साथ मिलकर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शपथ ली कि वे देवभूमि हिमाचल को नशा मुक्त बनाएंगे। साथ ही सभी शिक्षण संस्थान प्रबंधन ने नशे के व्यापारियों और नशाखोरों के खिलाफ एनएसयूआई द्वारा प्रदेशभर में चलाई जा रही लड़ाई में अपना सहयोग देने का भी वादा किया।

स्कूलों के प्राचार्यों ने भी इस पहल में सक्रिय सहयोग दिया और प्रदेशाध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर के इस सराहनीय कदम की सराहना की। अभिनंदन ने बताया कि यह अभियान युवाओं को जागरूक कर एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने आम जनता से हिमाचल को नशामुक्त करने के इस अभियान में सहयोग देने की अपील की।

# आनी कॉलेज की ग्रीन पॉलिसी की औपचारिक घोषणा

**अनंत ज्ञान, आनी**



राजकीय महाविद्यालय आनी की ग्रीन पॉलिसी की औपचारिक घोषणा के दौरान गणमान्य लोग।

राजकीय महाविद्यालय, आनी के प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह तथा हिमाचल प्रदेश वन विभाग के पूर्व वन अधिकारी एवं वर्तमान में वन विभाग की परियोजना जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेंसी से जुड़े वन विशेषज्ञ मदन मोहन सूद ने कॉलेज के ग्रीन पॉलिसी डॉक्यूमेंट की औपचारिक घोषणा की।

मदन मोहन सूद ने प्राचार्य और समस्त कॉलेज परिवार को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी। प्राचार्य डॉ. कुंवर ने बताया कि कॉलेज परिसर को हरा-भरा और स्वच्छ रखने के लिए कॉलेज के शिक्षक और स्टाफ सहित समस्त छात्र समुदाय ने एक ग्रीन प्रोटोकॉल को अपनाया है, जिसके अंतर्गत सभी निर्धारित नियमों का पालन करेंगे। जिनमें शामिल हैं कैंपस को पूरी तरह स्वच्छ रखना, धूम्रपान व अन्य प्रदूषण से रहित बनाना, जल संरक्षण, ऊर्जा प्रबंधन और समुचित अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाएं अपनाना, जैसे पुनर्चक्रण और खाद बनाना, एकल-उपयोग प्लास्टिक को कम करना आदि रहा। डॉ. कुंवर ने बताया कि यह नीति छात्रों और कर्मचारियों को पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों और सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है। पर्यावरण जागरूकता बढ़ाती है और संसाधन दक्षता को बढ़ावा देती है। यह भूनिर्माण, वायु और जल संरक्षण और ई-अपशिष्ट प्रबंधन सहित पर्यावरण के अनूकूल प्रथाओं को प्रोत्साहित करती है। कॉलेज का लक्ष्य जलवायु परिवर्तन से निपटना, नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करना और एक निश्चित समय में कार्बन-तटस्थ बनना है। इस ग्रीन पालिसी को तैयार करने में प्राचार्य ने ईको-क्लब की संयोजक पुष्पा गुलेरिया (सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान) और सदस्य राधिका नेगी (सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य) और ईको-क्लब से जुड़े सभी स्टूडेंट्स का आभार व्यक्त किया।

**पहल** पंचायत पर्यटन विकास समिति सिस्सू ने प्लास्टिक-मुक्त की ओर बढ़ाया कदम

# अब टौर की पत्तल में परोसा जाएगा भोजन

**कमलेश वर्मा, केलांग**



सिस्सू में आयोजित कार्यक्रम में शुरुआत करते हुए (दाएं) टौर की पत्तल।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की पंचायत पर्यटन विकास समिति (पीटीडीसी) सिस्सू ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नई पहल की है। समिति ने सिंगल-यूज प्लास्टिक को समाप्त करने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्लास्टिक की प्लेट्स की जगह टौर की पत्तल में भोजन व अन्य खाद्य सामग्री परोसने की शुरुआत की है।

सिस्सू में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में इस सराहनीय पहल को आधिकारिक रूप से शुरुआत की गई। एसडीएम केलांग एवं डीटीडीओ रजनीश शर्मा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करते हुए इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर रजनीश शर्मा ने पंचायत व इस कार्य में जुटी विभिन्न संस्थाओं के इस दूरदर्शी दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने कहा, यह पहल इस बात का शानदार उदाहरण है कि कैसे समुदाय पर्यावरण की रक्षा और अपनी विरासत को संरक्षित करने के लिए नेतृत्व कर सकते हैं। उन्होंने अन्य क्षेत्रों से भी सिस्सू के इस कदम को अपनाने का आग्रह किया। सिस्सू के हेलिपैड क्षेत्र को अब प्लास्टिक प्लेट-मुक्त क्षेत्र बनने की दिशा में बढ़ाया जा रहा सराहनीय कदम है। यह पंचायत के आने वाले वर्षों में लगभग शून्य कचरा स्थिति प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में पहला कदम है। हालांकि आगे की यात्रा लंबी है, लेकिन यह शुरुआत हिमालय की अछूती सुंदरता को भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने के लिए समुदाय की सामूहिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है।

इस मौके पर पीटीडीसी सिस्सू के प्रतिनिधि ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह केवल स्थिरता की ओर एक कदम नहीं है, यह हमारे लिए और दुनिया के लिए एक वादा है। हम मानते हैं कि छोटे-छोटे कार्य भी, जब उद्देश्य और एकता के साथ किए जाते हैं, तो असाधारण बदलाव ला सकते हैं। इस अवसर पर पीएचडी के अविनाश व ललिता ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि हमारा सपना है कि सभी पंचायतें, विशेष रूप से पर्यटन सर्किट में, ऐसी पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाएं। परियोजना के तहत, पीपल एंड पीपल गवर्नड टूरिज्म का लक्ष्य न केवल पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना है, बल्कि स्थानीय आजीविका को सुदृढ़ करना है। इस परियोजना के अंतर्गत होमस्टे मालिकों के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें कौशल उन्नयन, आगंतुक प्रबंधन की प्रथाएं और पंचायत, स्वयं सहायता समूहों और महिला मंडलों के सहयोग से आजीविका को मजबूत करने के प्रयास शामिल हैं।

इसी परियोजना के अंतर्गत, पीटीडीसी अपनी पर्यटन विकास योजनाएं तैयार कर रही है, जिनमें से एक प्रारूप कोक्सर पंचायत में तैयार हो रहा है। यह पहल न केवल पर्यावरण की रक्षा कर रही है, बल्कि स्थानीय समुदायों के जीवन को बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अभियान को सफल बनाने में स्थानीय पंचायत और पीटीडीसी सिस्सू के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिनमें प्रधान राजीव, उपप्रधान संदीप किंगोपा और सदस्य जितेंद्र कटोच, राजन, नीरज, संजीव, विवेक, संजीव आनंद, राजेश चंद, कमलजीत, सुनीता, निर्मला, मनोज मिरूपा, प्रणव, डेकिड पाल्मो, विजय आनंद, प्रदीप कटोच, पूरन चंद, सोमदेव, कमला देवी, अंकुश, मोहिंदर, उमेश शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### धाम में इस्तेमाल की जाने वाली पारंपरिक पत्तल

**पीपल** एंड पीपल गवर्नड टूरिज्म (जनता द्वारा स्वामित्व और जनता द्वारा संचालित पर्यटन) के अंतर्गत पीपल फॉर हिमालयन डेवलपमेंट और रॉयल एनफील्ड द्वारा समर्थित पीटीडीसी ने पत्तल प्लेट्स को अपनाया है, जो हिमाचली धाम (सामुदायिक भोज) में इस्तेमाल की जाने वाली पारंपरिक पत्तल प्लेट्स हैं। यह प्लेट्स बाहुनिया वल्लरी (स्थानीय भाषा में टौर के पत्ते) से बनाई जाती हैं, जो हिमाचल के जंगलों में पाई जाती हैं। यह कदम न केवल प्लास्टिक कचरे को कम करता है, बल्कि समुदाय को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से भी जोड़ता है, जिससे परंपरा और आधुनिकता का एक स्थायी और पर्यटन-अनुकूल दृष्टिकोण सामने आता है।

### फर्जी सर्टिफिकेट से नौकरी पाने का भंडाफोड़

**कुल्लू।** कुल्लू में 12वीं कक्षा के फर्जी सर्टिफिकेट के साथ सरकारी नौकरी पाने वाले कर्मचारी का भंडा फोड़ हो गया है। कुल्लू के पशुपालन विभाग में फर्जी सर्टिफिकेट पर नौकरी पाने वाले एक कर्मचारी को बर्खास्त कर दिया है। उपनिदेशक पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन विभाग कुल्लू के डॉ. राजेंद्र पाल की शिकायत पर आरोपी कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में कहा कि अशोक कुमार की 29 सितंबर, 2022 को बतौर पशु औषधियोजक अनुबंध आधार पर नियुक्ति हुई थी तथा अशोक पशु औषधालय वशांवल में सेवाएं दे रहा था। नियुक्ति के बाद उसके जमा-2 के सर्टिफिकेट सत्यापन के लिए मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नोएडा उत्तर प्रदेश को भेजे गए थे, लेकिन इसके सत्यापन करने पर सर्टिफिकेट फर्जी पाए गए। एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस आगामी कार्रवाई कर रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बल्ह-2**
**विकास खंड कुल्लू, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बल्ह-2 द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 में शेष रही अवधि 31/03/2025 तक के लिए विकाय कार्यों हेतु सामग्री (रेत, बजरी, ईंट, ब्लॉक, पत्थर, शटरिंग, टाइल, लकड़ी की सामग्री, RCC/HDEP/GI पाइप, एंगल, सरिया, लोहे की सामग्री, कूड़ेदान, Water Purifier, साम्रगी ढुलवान इत्यादि) हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। अतः इच्छुक फर्में अपनी निविदाएं 25/11/2024 तक डाक द्वारा या स्वयं बंद लिफाफों में पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकती है। फर्म के पास अपना जीएसटी नं. होना चाहिए तथा बिल के साथ M Form उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। फर्म को प्रतिभूति राशि मुबलिग 20000/- रु. जमा करवाना अनिवार्य है। बाकी शर्तें मौके पर बताई जाएंगी। इसके उपरांत प्राप्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होंगी। प्राप्त निविदाएं दिनांक 26/11/2024 को प्रातः 11:00 बजे पंचायत कार्यालय में निकाली जाएंगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बल्ह-2
विकास खंड कुल्लू, जिला कुल्लू



# सरकार के लिए महिला सशक्तिकरण सबसे महत्वपूर्ण : डॉ. शांडिल

## शी हाट की तर्ज पर महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद विक्रय करने के लिए व्यवस्थित केंद्र स्थापित करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि शी हाट की तर्ज पर सोलन में भी महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद विक्रय करने के लिए व्यवस्थित केंद्र स्थापित करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

डॉ. शांडिल 20-सूत्री कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार के लिए महिला सशक्तिकरण सबसे महत्वपूर्ण है। महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर अपनी तथा प्रदेश की आर्थिकी में सकारात्मक योगदान दे रही हैं। सिरमौर जिले में स्थित शी हाट आज सभी महिलाओं को नई राह दिखा रहा है। सोलन देश के व्यस्ततम औद्योगिक एवं परिवहन केंद्रों में से एक है। ऐसे स्थान पर शी हाट की तर्ज पर महिलाओं के लिए उनके उत्पादों का विपणन केंद्र खुलना सभी के हित में है। उन्होंने डीसी सोलन को निर्देश दिए कि सोलन-परवाणू राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस केंद्र की स्थापना की संभावनाएं तलाशी जाएं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्थानीय लोगों की मांग पर सोलन के कंडाघाट में अग्निशमन केंद्र स्थापित किया जाएगा। उन्होंने इस दिशा में डीसी सोलन को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। डॉ. शांडिल ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ऐसी योजनाओं की समीक्षा करना है, जो समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में सहायक हैं। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध कार्यान्वयन आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाएं और समयबद्ध सीमा में लक्ष्य पूरा करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं के स्थायी समाधान करें। उन्होंने डीसी को निर्देश दिए कि बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिए कि जिले में लोगों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए नियमित औचक निरीक्षण सुनिश्चित बनाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि नालागढ़ उपमंडल की विभिन्न पंचायतों में गत वर्ष आपदा के कारण बेघर हुए प्रभावितों को जल्द भूमि उपलब्ध करवाई जाए। वनों में लगने वाली आग की घटनाओं को रोकना सामूहिक उत्तरदायित्व है। उन्होंने वन विभाग को निर्देश दिए कि इस दिशा में लोगों को जागरूक करें।

डॉ. शांडिल ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या और घटते संसाधन सभी के लिए चिंता का विषय हैं। सीमित संसाधनों का उचित प्रयोग आवश्यक है। बैठक में अवगत करवाया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत सोलन में वर्तमान में कुल 65 हजार जॉब कार्ड सक्रिय हैं। इस वित्त वर्ष में अभी तक 6 लाख 79 हजार कार्य दिवस अर्जित कर विभिन्न विकास कार्यों पर 35 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।


20-सूत्री कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल।

### 291 किलोमीटर सड़क का किया जा रहा निर्माण

**बैठक** में जानकारी दी गई कि सोलन के प्रत्येक विकास खंड में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई स्थापित की जा रही है। वर्तमान में जिले की कुल 240 पंचायतों में से 65 पंचायतें स्वच्छता कर ले रही हैं। बैठक में अवगत करवाया गया कि सोलन में इस वित्त वर्ष में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 291 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव ने बैठक की कार्रवाई का संचालन किया। बैठक में नगर निगम सोलन की महापौर उषा शर्मा, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं समिति के गैर-सरकारी सदस्य उपस्थित थे।

# शोल्टू में राज्य युवा महिला बॉक्सिंग में 50 प्रतिभागी दिखा रही दमखम


राज्य युवा महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप के आयोजन पर दमखम दिखातीं खिलाड़ी।

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

किन्नौर जिला बॉक्सिंग संघ और जेएसडब्ल्यू लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में शोल्टू में राज्य युवा महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

यह प्रतियोगिता 19 नवंबर तक हो रही है, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 50 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। चैंपियनशिप का शुभारंभ जेएसडब्ल्यू परियोजना प्रमुख कौशिक मौलिक ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, खेल न केवल एक स्वस्थ समाज का निर्माण करता है, बल्कि युवाओं को अनुशासन, समर्पण, आत्मविश्वास और नशे से दूर रहने का पाठ भी सिखाता है और साथ ही कहा कि जेएसडब्ल्यू भविष्य में भी खेलों के उत्थान और खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश बॉक्सिंग संघ के महासचिव सुरेंद्र शांडिल ने मौलिक के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि जेएसडब्ल्यू खेलों के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का काम कर रही है।

चैंपियनशिप के दौरान खिलाड़ियों ने भी जेएसडब्ल्यू का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि ऐसे आयोजनों से उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

# देहरादून का व्यक्ति 218 ग्राम चरस और 50 टेबलेट्स सिंथेटिक ड्रग्स सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

एसआईयू सोलन की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रमेश पुत्र जगत सिंह गांव सावरा तहसील चक्रोता जिला देहरादून उत्तराखंड जो गांव कठार में एक किराये के मकान में रहता है उसको 218 ग्राम चरस और 50 टेबलेट्स सिंथेटिक ड्रग्स सहित गिरफ्तार किया है।

इस आरोपी को अदालत में पेश किया गया। जुलाई, 2023 से जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ मिशन मोड में काम किया गया, जिसमें मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत 118 अभियोग पंजीकृत किए, जिसमें लगभग सभी मुकदमे नशे की बड़ी मात्रा के यानी इंटरमीडिएट और कमर्शियल क्वांटिटी के हैं, जिनमें कुल 278 बड़े नशा तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा चुका है। उपरोक्त अभियोगों में अन्वेषण करते हुए नशा के सामान की सप्लाई करने वाले बाहरी राज्यों के 111 से ज्यादा आरोपियों जिनमें चिट्टे/नशे के 98 बड़े सप्लायर हैं, जो दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, असम, महाराष्ट्र आदि राज्यों से हैं, उनको गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें 8 अफ्रीकी मूल के नाइजीरियन नागरिक भी शामिल हैं, जिनको दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। इन बाहरी राज्यों के तस्करों द्वारा हिमाचल प्रदेश में चलाए जा रहे चिट्टा तस्करी के 40 से ज्यादा बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्कों को ध्वस्त कर दिया है, जिससे हजारों युवाओं को चिट्टा की आपूर्ति रोकने में जिला पुलिस कामयाब रही है।

### 3 करोड़ 53 लाख रुपए से ज्यादा की संपत्ति जब्त

**एसपी** गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक सोलन पुलिस द्वारा नशा तस्करों की संपत्ति की जब्ती की प्रक्रिया को इस वर्ष ही पहली बार अंजाम दिया गया है। जिला पुलिस सोलन द्वारा इस बार 3 अभियोगों में संलिप्त 7 आरोपियों की करीब 3 करोड़ 53 लाख रुपए से ज्यादा की संपत्ति जब्त की जा चुकी है, जिसमें सक्षम प्राधिकारी कार्यालय दिल्ली द्वारा पुष्टि की जा चुकी है। इनमें से एक अभियोग जिसमें करीब 37 किलो हाई क्वालिटी चरस थी, जबकि 2 मामले चिट्टा तस्करी के हैं, जिनमें बाहरी राज्यों पंजाब व हरियाणा में सक्रीय सप्लायरों द्वारा सोलन जिले में चिट्टा की आपूर्ति की जा रही थी। इन मामलों में शामिल हरियाणा के सिरसा जिले के रहने वाले आरोपी गुरप्रीत सिंह और चंडीगढ़ निवासी आरोपी कपिल गर्ग व अन्य की संपत्ति जब्त की गई है।

**प्रदेश में चलाए जा रहे चिट्टा तस्करी के 40 से ज्यादा अंतरराज्यीय नेटवर्कों को किया ध्वस्त**

# राजपुरा ने जीता कबड्डी का खिताब


विधायक हरदीप सिंह बावा विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन की ओर से दभोटा में आयोजित लड़कों की अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल खेलो इंडिया सेंटर राजपुरा ने अपने नाम किया।

प्रतियोगिता का बेस्ट रेडर कुणाल व बेस्ट डिफेंडर नीरज ठाकुर को चुना गया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर की 20 टीमें भाग ले रही हैं। विजेता टीम खेलों इंडिया सेंटर राजपुरा राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेगी। नालागढ़ के दभोटा के खेल मैदान में खेली गई प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेलो इंडिया सेंटर राजपुरा व रुद्रा अकादमी के बीच हुआ। खेलो इंडिया सेंटर ने रुद्र अकादमी को एक तरफा मुकाबले में 34-11 से पराजित किया। इससे पूर्व खेले गए सेमीफाइनल मैच खेलो इंडिया सेंटर ने बीबीएन रेड को 44-42 व दूसरे सेमीफाइल में रुद्रा अकादमी ने बीबीएन ब्लू को 45-32 से पराजित किया। समापन समारोह के मुख्यातिथि विधायक हरदीप सिंह बावा ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नालागढ़ के बहुत से खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर हिमाचल का नाम रोशन किया है। आज उन्हीं से प्रेरणा लेकर क्षेत्र के युवा नशे से दूर रहकर खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

# सिरमौर में अवैध माइनिंग पर कसा शिकंजा, वसूला लाखों का जुर्माना

**अनंत ज्ञान, सिरमौर**



खनन विभाग जिला सिरमौर ने अवैध खनन पर शिकंजा कसते हुए बड़ी कामयाबी हासिल की विभाग ने अक्तूबर 2023 से अक्तूबर 2024 तक अवैध खनन के 290 मामले दर्ज किए, जिनमें से 160 मामलों को कंपाउंड करते हुए 17 लाख 50 हजार का राजस्व भी जुटाया है।

इन 290 मामलों से जहां 160 मामले कंपाउंड हुए हैं, तो वहीं इसमें से 130 मामले ऐसे हैं, जो न्यायालय में विचाराधीन हैं। अब यदि पुलिस विभाग की बात की जाए, तो विभाग के द्वारा एक वर्ष तक अवैध खनन पर अंकुश लगाते हुए 1147 मामले दर्ज किए हैं। पुलिस के द्वारा दर्ज किए गए मामलों के तहत 63 लाख 8 हजार रुपए का राजस्व भी जुटाया गया है। सिरमौर खनन विभाग के द्वारा जहां 1 अप्रैल 2023 से लेकर 31 मार्च 2024 तक स्वीकृत किए गए खनन पट्टों के तहत 34.3 करोड़ का राजस्व जुटाया गया था। वहीं, 1 अप्रैल से अक्तूबर तक स्वीकृत किए गए खनन पट्टों के तहत 25.68 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाया गया। जिला सिरमौर खनन विभाग के द्वारा सरकारी खजाने में 59.51 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाया गया है। पूर्व में विभागीय खामियों के चलते खनन पट्टों की अलॉटमेंट लंबित पड़ी हुई थी, जिसके चलते मिनरल संपदाओं का उचित दोहन नहीं हो पा रहा था। जिला सिरमौर का खनन विभाग स्टाफ के टोटे के बावजूद जहां अवैध खनन पर अंकुश लगाने में कामयाब हुआ है। वहीं, लंबित खनन पट्टों की अलॉटमेंट करने में भी कामयाब हुआ है। इस एलॉटमेंट के बाद जहां स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है। वहीं, सरकारी खजाने में भी बढ़ोतरी हुई है। डिस्ट्रिक्ट मिनिरल फाऊंडेशन ट्रस्ट के तहत मीनिंग क्षेत्र के आसपास की पंचायत के विकास कार्यों में भी बजट उपलब्ध करवाया गया है।

### 27.95 करोड़ रुपए किए जा चुके खर्च

**जिला** खनन अधिकारी कुलभूषण शर्मा के मुताबिक डीएमएफटी के तहत जो 33 करोड़ का बजट केंद्र के द्वारा दिया गया था। उसमें से 27.95 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं। इससे माइनिंग एरिया के आसपास की पंचायत में पार्क व अन्य डेवलपमेंट वर्क किए गए हैं, तो वहीं कोरोना कोविड काल में 3 करोड़ से भी अधिक की सहायता राशि डीएमएफटी के तहत दी गई थी। कुल मिलाकर कहा जाए, तो खनन मंत्री के गृह जिले में खनन विभाग के द्वारा बीते 1 वर्ष में बेहतर प्रदर्शन किया गया है, उससे न केवल इलीगल माइनिंग पर अंकुश लगा है, बल्कि सरकारी खजाने को भी अच्छा खासा लाभ मिला है।

# पूर्व मुख्यमंत्री जयराम के कार्यकाल में नहीं हुआ प्रदेश में विकास : विक्रम

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

इंटक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार में भरपूर विकास हो रहा है, जिसे भाजपा पचा नहीं पा रही है।



यह बात प्रदेश अध्यक्ष विक्रम ठाकुर ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रहे विकास को जयराम ठाकुर पचा नहीं पा रहे हैं और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह की लोकप्रियता देखकर बौखला गए हैं। विक्रम ठाकुर ने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान की गई 10 में से 5 गारंटी को पूरा कर लिया है और सरकार वादों को पूरा करने और राज्य भर में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ता से समर्पित है। मुख्यमंत्री ने राज्य कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया है। महिलाओं के लिए 1500 रुपए का मासिक भत्ता सुनिश्चित किया है। इसके अलावा कक्षा 1 से अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा शुरू की। पूरे राज्य में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 680 करोड़ रुपए का स्टार्टअप फंड लांच किया।

# ठेके के बाहर शराब की मांग करता नजर आया पुलिसकर्मी, सस्पेंड

**सोलन।** सोशल मीडिया पर वायरल, जिसमें सोलन में कार्यरत पुलिसकर्मी नशे में धुत होकर ठेके के बाहर शराब की मांग करता नजर आ रहा है। एसपी गौरव सिंह ने कार्रवाई करते हुए एएसआई को तत्काल सस्पेंड कर दिया। इस पर अब विभागीय कार्रवाई होगी।

जानकारी के मुताबिक वायरल वीडियो में पुलिसकर्मी नशे में धुत होकर ठेके के बाहर शराब को मांग रहा है। इस दौरान उसका किसी ने वीडियो बना दिया जो वायरल हो गया। इससे न केवल खाकी वर्दी पर सवाल खड़े हो गए, बल्कि यह भी दर्शाता है कि खुद कानून की रखवाली करने वाले कैसे नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। हालांकि एसपी ने अब आरोपी पुलिस कर्मी को ससपेंड कर दिया है।

# सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट के तहत टीम ने किया दौरा


राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट के तहत टीम दौरे के दौरान कॉलेज स्टाफ के साथ।

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट के तहत टीम ने दौरा किया।

सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट टीम में चेयरपर्सन के रूप में डॉ. दीप शिखा भारद्वाज, वाइस चेयरपर्सन के रूप में अंजली चौहान ने कॉलेज का निरीक्षण किया। इस टीम में मेंबर के रूप में अजय कैथ, धर्मेंद्र मेहता और संतोष शर्मा भी मौजूद रहे।

सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट मुख्यत: सात मानदंडों में विभक्त थी और सभी प्राध्यापकों ने इन मानदंडों को टीम के समक्ष प्रस्तुत किया। प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने एसएआर टीम का स्वागत किया। प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने बताया कि उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा गठित विभिन्न एसएआर टीम संपूर्ण हिमाचल प्रदेश के कॉलेजों का दौरा कर रही है। कॉलेज में गुणवत्तात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एसएआर टीम द्वारा मूल्यांकन किया जा रहा है।

# 23 और 25 को होंगे सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर के पदों के लिए साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के पदों के लिए केलांग में 23 व 25 नवंबर को साक्षात्कार होंगे।

जिला रोजगार अधिकारी लाहौल-स्पीति स्थित केलांग जितेंद्र सिंह ने कहा कि मैसर्ज एसआईएस सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, आरटीए बिलासपुर की ओर से पुरुष उम्मीदवारों के लिए सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के कुल 100 रिक्त पदों की भर्ती की मांग जिला रोजगार कार्यालय लाहौल-स्पीति को अधिसूचित की गई है। भर्ती के लिए कैंपस साक्षात्कार जिला रोजगार कार्यालय लाहौल-स्पीति स्थित केलांग और उपरोजगार कार्यालय उदयपुर में आयोजित करवाए जाएंगे। रिक्तियों के लिए आवश्यक योग्यता दसवीं पास, लंबाई 168 सेमी और उससे अधिक तथा आयु 19 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतनमान 15,000 से 19,000 मासिक होगा तथा नौकरी का कार्यस्थल हिप्र और चंडीगढ़ रहेगा। योग्य पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित दिनांक 23 को सुबह 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय लाहौल-स्पीति स्थित केलांग में और 25 को सुबह 10:30 बजे उपरोजगार कार्यालय उदयपुर में पहुंच कर कैंपस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

## हिमाचली लोकधुन पर आधारित 'सोलनम् सुंदरम्' गीत रिलीज

# संस्कृत सभी भाषाओं की जननी : मनमोहन शर्मा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने संस्कृत के विख्यात विद्वान डॉ. केशव राम शर्मा द्वारा रचित तथा हिमाचल के सुप्रसिद्ध गायक डॉ. कृष्णलाल सहगल द्वारा स्वरबद्ध गीत 'सोलनम् सुंदरम्' को विधिवत समर्पित किया।

यह प्रदेश का पहला संस्कृत गीत है। इस गीत की धुन पहाड़ी लोक गीत के आधार पर तैयार की गई है। डीसी ने इस अवसर पर कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है और संस्कृत में हिमाचली धुन पर रचित एवं स्वरबद्ध गीत का विमोचन एक अविस्मरणीय अनुभूति है। यह अवसर विशिष्ट है क्योंकि देश के प्रख्यात संस्कृत विद्वान और हिमाचल के लोकगीतों को देश-विदेश में प्रसिद्धि दिलाने वाले गायक एवं संगीतकार की ओर से स्वरबद्ध संस्कृत गीत का विधिवत समर्पण किया गया। मनमोहन शर्मा ने कहा कि डॉ. केशव राम शर्मा एवं डॉ. केएल सहगल जैसी महान विभूतियां सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।




यह विभूतियां हमें समाज, प्रदेश एवं देशहित में सदैव कार्य करने के लिए प्रेरित करती हैं। नियमित कार्यरत रहकर इन विभूतियों ने भावी पीढ़ी को अनुशासित रहकर परिश्रम करने का संदेश दिया है। इस संस्कृत गीत के रचयिता एवं संस्कृत भाषा के प्रकांड विद्वान डॉ. केशव राम शर्मा ने कहा कि 6 छंदों से सुसज्जित यह गीत सोलन की समृद्ध धरोहर पर आधारित है। उन्होंने कहा कि साहित्य सृजन की परख के लिए मर्मज्ञ का होना आवश्यक है।

# नौणी की सब्जियों की किस्मों ने राष्ट्रीय स्तर पर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान , सोलन**



दिल्ली में केंद्रीय किस्म रिलीज समिति ने शीतोष्ण गाजर की किस्म 'सोलन श्रेष्ठ' और फ्रेंच बीन किस्म 'लक्ष्मी' को आंका सर्वश्रेष्ठ।

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के सब्जी विज्ञान विभाग द्वारा विकसित दो सब्जियों की किस्मों को राष्ट्रीय स्तर पर उनके लगातार प्रदर्शन के लिए शीर्ष प्रदर्शन करने वाली किस्मों के रूप में मान्यता दी गई है।

शीतोष्ण गाजर की किस्म 'सोलन श्रेष्ठ' और फ्रेंच बीन किस्म 'लक्ष्मी' को हालही में नई दिल्ली में केंद्रीय किस्म रिलीज समिति (सीवीआरसी) द्वारा आधिकारिक तौर पर जारी किया गया। इन किस्मों का प्रदर्शन सब्जी फसलों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी वीसी) के परियोजना समन्वयक डॉ. राजेश कुमार द्वारा राष्ट्रीय विमोचन कार्यक्रम में प्रस्तुत किया। लक्ष्मी और सोलन श्रेष्ठ दोनों को कई क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा मिली। लक्ष्मी फ्रेंच बीन किस्म को जोन-एक (जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड) और जोन-4 (पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड) में खेती के लिए अनुशंसित किया गया है, जबकि सोलन श्रेष्ठ जोन-4 पंजाब और बिहार के कुछ हिस्सों के लिए उपयुक्त है।

इन किस्मों को विश्वविद्यालय द्वारा क्रमश: 1992 और 2016 में विकसित किया गया था और राष्ट्रीय रिलीज के लिए अनुमोदित होने से पहले 2017 और 2019 तक सब्जी फसलों पर एआईसीआरपी के तहत परीक्षण किया गया था। एआईसीआरपी (सब्जी फसल) के सोलन केंद्र में प्रजनक और प्रधान अन्वेषक डॉ. रमेश कुमार भारद्वाज ने बताया कि दोनों किस्मों ने परीक्षण के तीन वर्षों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। वैज्ञानिक डॉ. संदीप कंसल, डॉ. डीके मेहता, डॉ. कुलदीप ठाकुर और डॉ. राकेश ने इन किस्मों के बीजों के रखरखाव और बड़े पैमाने पर प्रजनन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अनुसंधान निदेशक, डॉ. संजीव चौहान ने सोलन श्रेष्ठ के गुणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह लंबी, आकर्षक, नारंगी रंग की स्व-कोर वाली बेलनाकार जड़ों के लिए जानी जाती है। कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने वैज्ञानिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि एआईसीआरपी के सोलन केंद्र ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन किस्मों की सफलता, विशेष रूप से उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और लागत प्रभावशीलता के मामले में, छोटे और सीमांत किसानों को बहुत लाभ पहुंचाएगी।

**आयोजन** जनजातीय गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में कार्यक्रम का आयोजन

# बिरसा मुंडा के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में प्रधानाचार्य रेखा राठौर की अध्यक्षता में जनजातीय गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत महान स्वतंत्रता सेनानी एवं लोकनायक बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया।

स्वतंत्रता सेनानी एवं लोकनायक बिरसा मुंडा को स्वतंत्रता आंदोलन व आदिवासी समुदाय के पुनरुत्थान में उनके विशेष योगदान के लिए जाना जाता है। 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती मनाई जाती है और विभागीय आदेशों के अनुसार सरकारी स्कूलों में 15 से 25 नवंबर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा आयोजित हो रहा है। इसी आयोजन के अंतर्गत बुघार विद्यालय की प्रात: कालीन सभा में बिरसा मुंडा के सम्मान में गतिविधियां आयोजित की गईं।

सर्वप्रथम भगत सिंह सदन की ओर से छात्रा प्रिया द्वारा स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के बारे में जानकारीप्रद भाषण दिया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य रेखा राठौर अन्य अध्यापकों व स्कूल के हेड बॉय निखिल ठाकुर एवं हेड गर्ल बबली द्वारा स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की तस्वीर पर मालार्पण तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। तत्पश्चात प्रवक्ता इतिहास लेख राम ने बिरसा मुंडा के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों को स्वतंत्रता आंदोलन व आदिवासी समुदाय के उत्थान में बिरसा मुंडा के महत्वपूर्ण योगदान से अवगत करवाया। बिरसा मुंडा के जन्मदिवस यानी 15 के दिन वर्ष 2000 में झारखंड भारत का 28 व राज्य बना था। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रेखा राठौर ने कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष एवं साहस की एक महान गाथा है और हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में बिरसा मुंडा को याद करते हुए।

# सांस्कृतिक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं सम्मानित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में आयोजित सम्मान समारोह में अंडर-19 राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में विद्यालय की छात्रा अंजलि सहगल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने सुगम संगीत में राज्य स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया था। प्रवक्ता इतिहास मीडिया प्रभारी अमर सिंह वर्मा ने बताया कि निरमंड स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में धुंदन विद्यालय ने सोलन जिले का प्रतिनिधित्व किया और दो प्रतियोगिताओं लोकनृत्य और सुगम संगीत में भाग लिया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने अंजलि सहगल और अन्य भाग लेने वाली छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रवक्ता अनिल बंसल और हेमंत को भी बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।


धुंदन स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### 86 लाख से ज्यादा ने किए मां वैष्णो देवी के दर्शन

**अशोक ठाकुर, जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने बताया कि इस वर्ष अब तक 86 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माता वैष्णो देवी के गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की है। श्रद्धालुओं की संख्या वर्ष के अंत तक और बढ़ने की उम्मीद है और यह आंकड़ा दिसंबर तक 95 लाख को पार कर सकता है। उन्होंने कहा कि हर साल माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। पिछले साल, 2023 में यात्रा ने 95 लाख का नया रिकॉर्ड स्थापित किया था, जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था। आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब में पराली जलाने के 1,251 मामले आए सामने

**चंडीगढ़।** पंजाब रिमोट सेंसिंग सेंटर के आंकड़ों से पता चला है कि सोमवार को पंजाब के खेतों में पराली जलाने के 1,251 नए मामले सामने आए हैं, जो इस मौसम में एक दिन में सबसे ज्यादा है। इसके साथ ही राज्य में ऐसे कुल मामलों की संख्या 9,655 हो गई है। आठ नवंबर को, पंजाब के खेतों में पराली जलाने की 730 घटनाएं सामने आईं, जो सोमवार तक इस मौसम में एक दिन में सबसे ज्यादा थीं। आंकड़ों के अनुसार सोमवार को मुक्तसर जिले में पराली जलाने की 247 घटनाएं दर्ज की गईं, जो राज्य में सबसे अधिक हैं, इसके बाद मोगा (149), फिरोजपुर (130), बठिंडा (129), फाजिल्का (94) और फरीदकोट (88) का स्थान है।

### चिदंबरम की याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आईएनएक्स मीडिया मामले में आरोप तय करने के सिलसिले में होने वाली सुनवाई स्थगित करने के पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री पी. चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति चिदंबरम के अनुरोध पर सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने याचिकाओं पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कांग्रेस नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि निचली अदालत में आरोप तय करने को लेकर सुनवाई शुरू नहीं होनी चाहिए, क्योंकि जांच अब लंबित है।

### अमेरिका में 3.3 लाख से ज्यादा भारतीय कर रहे पढ़ाई

**नई दिल्ली।** भारत पिछले 15 वर्षों में पहली बार अमेरिका में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय छात्र भेजने वाला देश बनकर उभरा है। सोमवार को जारी 'ओपन डोर्स रिपोर्ट-2024' की मानें, तो अमेरिका के शिक्षण संस्थानों में फिलहाल 3.3 लाख से ज्यादा भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्र भेजने के मामले में चीन पहले, जबकि भारत दूसरे स्थान पर था। 'ओपन डोर्स रिपोर्ट' के मुताबिक, शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में अमेरिका में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 'रिकॉर्ड' 3,31,602 पर पहुंच गई। यह संख्या शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से 23 फीसदी अधिक है, जब 2,68,923 भारतीय छात्र अमेरिका के शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई कर रहे थे।

### घने कोहरे में लिपटा चंडीगढ़, लोगों को हुई परेशानी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ शहर सोमवार की सुबह घने कोहरे में लिपटा रहा। इससे स्कूल और ऑफिस जाने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, शहर की एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) में सुधार आया है, लेकिन घने कोहरे ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। न्यूनतम तापमान भी अब 13 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

### मदन मोहन मालवीय के पुत्र गिरिधर का निधन

**प्रयागराज।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के संस्थापक महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के पुत्र और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति गिरिधर मालवीय का सोमवार को उनके आवास पर निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। न्यायमूर्ति गिरिधर मालवीय के पुत्र मनोज मालवीय ने बताया कि उनके पिता की पिछले करीब सात दिनों से तबीयत खराब थी, लेकिन उन्हें कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। न्यायमूर्ति गिरिधर मालवीय के परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक पुत्र है। गिरिधर मालवीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 1988 से 1998 तक न्यायाधीश रहे और नवंबर 2018 में उन्हें सर्वसम्मति से काशी हिंदू विश्वविद्यालय का कुलाधिपति चुना गया।

### कांग्रेस, भाजपा ने जवाब देने के लिए मांगा समय

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और भाजपा ने झारखंड और महाराष्ट्र में एक-दूसरे के खिलाफ दायर चुनाव आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों पर जवाब देने के लिए निर्वाचन आयोग से सात दिन का समय और मांगा है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। चुनाव आचार संहिता के कथित उल्लंघन को लेकर भाजपा और कांग्रेस द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराए जाने के मद्देनजर, निर्वाचन आयोग ने शनिवार को दोनों दलों के अध्यक्षों से उनके नेताओं के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर टिप्पणी करने को कहा था।

### मानहानि मामले में गीतकार जावेद अख्तर बरी



**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर के खिलाफ दर्ज मानहानि के मामले में उन्हें बरी कर दिया है, क्योंकि शिकायतकर्ता ने मामला वापस ले लिया है। मुलुंड के न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एस. डी. चक्कर ने आठ नवंबर को मामला वापस लिए जाने को मंजूरी देते हुए याचिका का निपटारा कर दिया।

### शेख हसीना के खिलाफ जांच पूरी करने के आदेश



**ढाका।** बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधिकरण ने सोमवार को जांचकर्ताओं से कहा कि उनके पास अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके करीबी सहयोगियों के खिलाफ जांच संबंधी कार्य पूरा करने के लिए एक महीने का समय है। बांग्लादेश में कुछ महीने पहले हुए प्रदर्शनों में सैकड़ों लोगों की मौत के बाद हसीना और उनके सहयोगियों पर मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप लगे।

### हूती विद्रोहियों का लाल सागर में जहाज पर हमला

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के दक्षिणी छोर से गुजर रहे एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाकर संदिग्ध हमला किया। हालांकि, इस हमले में जान-माल की कोई हानि नहीं हुई। अधिकारियों ने बताया कि इस जलमार्ग से आम तौर पर प्रति वर्ष एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर का माल गुजरता है। यह हमला गाजा में इसराइल-हमास युद्ध और लेबनान में इसराइल के जमीनी हमले के कारण हुआ है।

### महाराष्ट्र में निर्दलीय उम्मीदवार के घर पर गोलीबारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जलगांव शहर में एक निर्दलीय उम्मीदवार के आवास पर एक अज्ञात व्यक्ति ने सोमवार को कथित तौर पर गोलीबारी की। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है और आरोपी की पहचान करने तथा उसे पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

# पीजीआई चंडीगढ़ को 'सर्वश्रेष्ठ संस्थान' पुरस्कार

## डीन रिसर्च प्रो. संजय जैन ने ग्रहण किया पुरस्कार

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पीजीआई चंडीगढ़ ने अपनी श्रेष्ठता का एक और प्रमाण प्रस्तुत किया है। दिल्ली में आयोजित आईसीएमआर डीएचआर हेल्थ रिसर्च एक्सीलेंस समिट-2024 में संस्थान को 'सर्वश्रेष्ठ संस्थान' और 'भारत के सर्वश्रेष्ठ हेल्थ टेक्नोलॉजी असेसमेंट (एचटीए) सेंटर' का प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला।

स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल ने यह सम्मान प्रदान किया। संस्थान की ओर से प्रो. संजय जैन (डीन, रिसर्च) ने पुरस्कार ग्रहण किया। 'सर्वश्रेष्ठ संस्थान' का यह खिताब आईसीएमआर द्वारा दिए गए शोध अनुदान के श्रेष्ठ उपयोग के लिए दिया गया। इस श्रेणी में केवल एम्स दिल्ली और पीजीआई चंडीगढ़ को चुना गया। (अनंत ज्ञान)




### भारत के सर्वश्रेष्ठ एचटीए सेंटर का भी मिला सम्मान

**पीजीआई** को भारत के सर्वश्रेष्ठ एचटीए सेंटर का सम्मान भी प्राप्त हुआ। यह सेंटर सामुदायिक चिकित्सा और स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ विभाग के अंतर्गत कार्यरत है। 2018 में स्थापित इस सेंटर का नेतृत्व प्रो. शंकर प्रिंजा कर रहे हैं। यह सेंटर स्वास्थ्य योजनाओं की लागत-प्रभावशीलता और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नीति-निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा है।

### यह टीम की कड़ी मेहनत, समर्पण का परिणाम : प्रो. लाल

पीजीआई के निदेशक प्रो. विवेक लाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह सम्मान हमारी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा, 'हमारी शोध परियोजनाएं मरीजों की देखभाल को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।' उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पीजीआई ने 100 करोड़ रुपए से अधिक का शोध अनुदान प्राप्त किया। इस अवधि में 18 पेटेंट प्रकाशित हुए, जिनमें से 4 को मंजूरी मिली।

# धामी ने प्रधानमंत्री का रिड्यूस, रियूज और रिसाइकल सिद्धांत आगे बढ़ाया

## प्लास्टिक कचरा एकत्रित करने के साथ ही इसे फिर से इस्तेमाल किया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

प्लास्टिक कूड़ा प्रबंधन हमारे शहरी जीवन के सामने एक चुनौती बनकर उभर रहा है। ऐसे में ऋषिकेश नगर निगम ने प्लास्टिक कूड़े का प्रबंधन कर नगर निकायों के सामने उदाहरण पेश किया है। नगर निगम प्लास्टिक कूड़े को न सिर्फ सफलतापूर्वक एकत्रित कर रहा है, बल्कि इसे रीसाइकिल के जरिए फिर कई तरह से इस्तेमाल भी कर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पीएम मोदी के रिड्यूस, रियूज और रिसाइकल सिद्धांत को आगे बढ़ाने का काम किया है।



**वेस्ट टू वंडर पार्क:** ऋषिकेश नगर निगम ने परिसर में प्लास्टिक वेस्ट से 'वेस्ट टू वंडर' पार्क भी तैयार किया है, जिसमें पुराने टायर, खराब हो चुकी स्ट्रीट लाइट, साइकिल- स्कूटर जैसे सामान से बच्चों के झूले और सजावटी सामान तैयार किए गए हैं। साथ ही नगर निगम रीसायकल प्लास्टिक से बैंच, ट्री कार्ड, प्लास्टिक बैंक बॉक्स भी तैयार कर रहा है।

**महिला समूहों को जोड़ा अभियान से:** ऋषिकेश नगर निगम में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के बावजूद पहले यूजर चार्ज, महज तीन लाख महीने तक ही जमा हो पाता था, लेकिन अब नगर निगम ने यूजर चार्ज वसूलने का काम, महिला स्वयं सहायता समूहों (त्रिवेणी सेना) को दे दिया है, जिसके बाद नगर निगम का कलेक्शन 13 लाख के पार चला गया है। इसमें से नगर निगम महिला समूहों को 25 प्रतिशत लाभांश देता है। इस तरह करीब 250 महिलाओं को प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिला है।

**तीर्थनगरी के साथ ही राफ्टिंग :** कैंपिंग का प्रमुख केंद्र होने के कारण ऋषिकेश में वर्षभर श्रद्धालुओं और पयर्टकों की भीड़ लगी रहती है। इस कारण यहां प्लास्टिक कूड़ा का प्रबंधन चुनौतीपूर्ण काम है। नगर आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी की पहल पर इसके लिए ऋषिकेश नगर निगम ने सबसे पहले आईएसबीटी, त्रिवेणी घाट और वीरभद्र में प्लास्टिक बैंक की स्थापना की, प्लास्टिक बैंक के बॉक्स बनाने के लिए पुरानी प्लास्टिक बोतलों को ही इस्तेमाल किया गया, जिसमें लोग खुद खाली बोतलें या अन्य प्लास्टिक कचरा डालते हैं, इन प्लास्टिक बैंक से अब तक करीब 400 किलो तक प्लास्टिक रीसाइकिल हो चुका है। इस प्रयोग की सफलता को देखते हुए नगर निगम अब नटराज, ट्रांजिट कैंप, रेलवे स्टेशन में भी प्लास्टिक बैंक स्थापित करने जा रहा है।

# पंजाब में लागू होगी पीएम आवास योजना

## अढ़ाई लाख गरीबों को मकान देने का लक्ष्य, वित्त विभाग ने दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 जल्द पंजाब में लागू होगी। वित्त विभाग ने योजना को



मंजूरी दे दी है। स्थानीय निकाय विभाग की हरी झंडी के साथ ही राज्य सरकार इसी महीने केंद्र के साथ एमओयू साइन करेगी। इसके बाद आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया जाएगा। राज्य सरकार ने इस बार अढ़ाई लाख से ज्यादा मकान बनाने का लक्ष्य रखा है।

योजना के तहत लाभार्थी को 2 कमरे, एक बाथरूम, किचन बनाने के लिए राशि दी जाती है। इस राशि में भी राज्य सरकार ने अपने हिस्से को 25 हजार से बढ़ाकर एक लाख कर दिया है। केंद्र सरकार पहले की तरह ही डेढ़ लाख देगी। अब लाभार्थी को ढाई लाख रुपए मिलेंगे। योजना के तहत लाभार्थी की वार्षिक आय तीन लाख रुपए होनी चाहिए। साथ ही उसके पास 45 वर्ग गज जमीन भी होनी चाहिए। जिन लोगों ने पिछले पांच साल में केंद्र व राज्य की किसी योजना का लाभ नहीं लिया, उनको भी राशि दी जाती है।

### आवास योजना-1 में 89,788 मकान तैयार

पीएम आवास योजना-1 के तहत 1.32 लाख मकानों की स्वीकृति दी गई थी। 11 नवंबर तक 89,788 मकानों का काम पूरा हो चुका है। लाभार्थियों को भी इन मकानों की पजेशन दे दी गई है। केंद्र की तरफ से इसके लिए 2,342 करोड़ रुपए इसके लिए मंजूर किए गए थे, जिसमें से 1,885 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। राज्य सरकार ने अपना हिस्स अलग से दिया है।

### वर्ष 2015 में जारी गई थी योजना

केंद्र सरकार के आवास और शहरी विकास मंत्रालय ने वर्ष 2015 में पीएम आवास योजना को जारी किया था, ताकि पंजाब में उन गरीब लोगों को पक्का घर प्रदान किया जा सके जो कच्चे घरों में रह रहे हैं। पिछली योजना का पोर्टल बंद होने के बाद लोग योजना के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे थे। राज्य में काफी संख्या में लोग कतार में हैं, जो इस योजना के शुरू होने का इंतजार कर रहे थे।

# अकाल तख्त का किसी सिख गुरु से संबंध नहीं : डॉ. हरजिंदर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सिख इतिहासकार डॉ. दिलगीर ने किसी सिख गुरु द्वारा अकाल तख्त बनाया जाना साबित करने वाले को 10 लाख रुपए इनाम देने की घोषणा की। अकाल तख्त शब्द 1840 से पहले अस्तित्व में नहीं था और 1920 से पहले प्रकाशित किसी भी पुस्तक में यह शब्द नहीं मिलता। 1920 से 1979 तक अकाल तख्त के नाम पर कोई गतिविधि भी दर्ज नहीं है। सिख इतिहासकार डॉ. हरजिंदर सिंह दिलगीर, जो शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सिख हिस्ट्री रिसर्च बोर्ड के डायरेक्टर रह चुके हैं, ने दावा किया है कि अकाल तख्त को किसी सिख गुरु ने नहीं बनाया था। उन्होंने कहा कि अकाल तखूत शब्द 1840 से पहले अस्तित्व में नहीं था और 1920 से पहले प्रकाशित किसी भी पुस्तक में यह शब्द नहीं मिलता। वे आज यहां यहां चंडीगढ़ प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।



## देश-विदेश

# हम आरक्षण पर लगी 50 फीसदी की सीमा हटाएंगे: राहुल गांधी

**एजेंसी, मुंबई**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा हटाने और देश में जाति जनगणना कराने का सोमवार को वादा किया। गांधी ने मुंबई में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जाति जनगणना हमारे सामने सबसे बड़ा मुद्दा है और हम इसे पूरा करेंगे। यह हमारा केंद्रीय स्तंभ है।

उन्होंने महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को कुछ अरबपतियों और गरीबों के बीच विचारधाराओं की लड़ाई करार दिया। वहीं, राहुल गांधी ने 'सेफ' से दो पोस्टर निकाले। उनमें से एक में उद्योगपति गौतम अडाणी और प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर थी और उन पर लिखा था 'एक हैं तो सेफ हैं।' दूसरे पोस्टर में परियोजना का नक्शा दिखाया गया था।




उन्होंने कहा कि महा विकास आघाडी सरकार किसानों, वंचितों एवं बेरोजगारों को प्राथमिकता देगी। उन्होंने दावा किया कि 'एक हैं तो सेफ हैं' नारा मुख्य रूप से अदाणी को धारावी पुनर्विकास परियोजना के माध्यम से एक लाख करोड़ रुपये की भूमि हासिल करने में मदद करता है। गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी का नारा है, अगर हम एकजुट हैं, तो हम सुरक्षित हैं। सवाल यह है कि कौन सुरक्षित है।

### खैबर पख्तूनख्वा में मुठभेड़, 6 आतंकी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी में पाकिस्तानी सेना का एक कमांडो और छह आतंकवादी मारे गए।

यह मुठभेड़ अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर जिले की तिराह घाटी के लूर मौदान इलाके में हुई। इस घटना में पाकिस्तानी सेना का एक कमांडो मारा गया और एक अन्य घायल हो गया। अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने कम से कम छह आतंकवादियों को मार गिराया। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) इस इलाके में सक्रिय है और सुरक्षबलों को निशाना बनाकर कई हमले कर चुका है।

# ऑस्ट्रेलिया में तूफान से कई उड़ानें रद्द सिडनी हार्बर ब्रिज का एक हिस्सा उड़ा

**एजेंसी, सिडनी**

**ऑस्ट्रेलिया** के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में रविवार रात आए तूफान की वजह से बड़े पैमाने पर संपत्तियों को नुकसान पहुंचा। सिडनी हार्बर ब्रिज का एक हिस्सा उड़ गया। वहीं 20 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, सिडनी और न्यू साउथ वेल्स के अधिकांश हिस्सों में 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से हवाएं चलीं। भारी बारिश हुई और पूरे राज्य में व्यापक ब्लैकआउट से लोग प्रभावित हुए। मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने पूर्वोत्तर एनएसडब्लू में अधिक भयंकर तूफान का पूर्वानुमान लगाया है। एनएसडब्ल्यू राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) ने सोमवार को बताया कि उसे



राज्य भर में 278 घटनाओं की सूचना मिली, जिनमें से 81 सिडनी में हुई। सिडनी से लगभग 500 किमी उत्तर-पश्चिम में स्थित 93 लोगों की आबादी वाले एक छोटे से शहर कारिंडा में 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से हवाएं चलीं। इसके कारण तीन व्यावसायिक संपत्तियां नष्ट हो गई और उनकी छतें उड़ गई।

### श्रीलंका में 21 सदस्यीय मंत्रिमंडल ने शपथ ली, नए चेहरे भी शामिल

**एजेंसी, कोलंबो**

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायका ने सोमवार को अपनी नई सरकार में 21 सदस्यीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति की। उन्होंने शासन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने और करदाताओं पर बोझ कम करने के उनके चुनाव पूर्व किए गए वादे को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल में कम सदस्यों को ही जगह दी है। श्रीलंका की सत्ता में आई दिसानायके की नेशनल पीपुल्स पॉवर (एनपीपी) जनता के लिए लागत कम करने के वास्ते एक लघु सरकार की वकालत करती रही है। सितंबर में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से, सरकार राष्ट्रपति सहित सिर्फ 3 मंत्रियों के साथ काम कर रही थी।

### सुभाष चंद्र बोस मौत की जांच करने वाली अनुरोध याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत के मामले की जांच के अनुरोध वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने जनहित याचिका खारिज करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत हर चीज का समाधान नहीं है।

# रूस ने यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन से किया हमला, आठ लोगों की मौत

**एजेंसी, कीव**

**रूस** ने यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों में नौ मंजिला एक इमारत ध्वस्त हो गई जिससे आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। यूक्रेन के गृह मंत्री इगोर क्लिमेंको ने बताया कि रूस की



सीमा से 40 किलोमीटर दूर सुमी में मारे गए आठ लोगों में दो बच्चे भी शामिल हैं। इमारत में से 400 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। क्लिमेंको ने कहा कि रूस की ओर से नष्ट किया गया हर जीवन हमारे लिए एक बड़ी त्रासदी के समान है। रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर ऐसे समय में यह ड्रोन और मिसाइल हमला किया है।

# यूक्रेन अब अमेरिकी मिसाइलों से रूस पर कर सकेगा हमला

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**राष्ट्रपति बाइडेन ने दी अनुमति**



**राष्ट्रपति** जो बाइडेन ने यूक्रेन को रूस पर हमला करने के लिए लंबी दूरी की अमेरिकी मिसाइलों का इस्तेमाल करने की हरी झंडी दे दी है। उत्तर कोरिया की ओर से युद्ध में मास्को की मदद के लिए हजारों सैनिकों की 'कथित' तैनाती के जवाब में यूएस प्रेसिडेंट ने यह फैसला लिया है। सोल और वाशिंगटन दोनों ने इस बात का दावा कर रहे हैं कि रूस के पश्चिमी सीमावर्ती कुर्स्क क्षेत्र में तैनात उत्तर कोरियाई सैनिकों ने यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ाई शुरू कर दी है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की लंबे समय से यह मांग करते आए हैं कि अपील करते आए हैं कि रूस के अंदर लक्ष्यों को भेदने के लिए कीव को आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाए। एटीएसीएमएस 300 किमी तक जा सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई एक्सपर्ट मानते हैं कि अमेरिका का यह फैसला कीव के लिए बड़ी मदद साबित हो सकता है क्योंकि रूसी सेनाएं लगातार बढ़त हासिल कर रही हैं। अमेरिकी लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल से कीव को फायदा हो सकता है और युद्धविराम समझौते में वह बेहतर स्थिति में रह सकता है।

### कांग्रेस के पूर्व विधायक सुमेश शौकीन ने थामा 'आप' का दामन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व विधायक सुमेश शौकीन सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। शौकीन ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में इसकी सदस्यता ली। शौकीन मटियाला से पूर्व विधायक हैं, जिसे दिल्ली-देहात क्षेत्र का हिस्सा माना जाता है। शौकीन के 'आप' में शामिल होने से एक दिन पहले ही जाट नेता कैलाश गहलोत ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

# सेंसेक्स 241 व निफ्टी में 78 अंक की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में सोमवार को लगातार 7वें कारोबारी दिन गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 241 अंक की गिरावट के साथ 77,339 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 78 अंक की गिरावट रही, ये 23,453 के स्तर पर बंद हुआ।




सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में गिरावट और 14 शेयरों में तेजी देखने को मिली है। आईटी और बैंकिंग शेयर्स में आज गिरावट रही। टीसीएस का शेयर आज 3.11 फीसदी टूटा है। वहीं ऑटो और एफएमसीजी शेयर्स में बढ़त देखने को मिली है। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.09 फीसदी की गिरावट रही। वहीं, कोरिया के कोस्पी में 2.16 फीसदी की तेजी और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.21 फीसदी की गिरावट रही।

### परमाणु शक्ति बढ़ाने के लिए कोई सीमा तय नहीं : किम जोंग



**सोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने कहा कि देश की परमाणु ताकत बढ़ाने के लिए कोई सीमा तय नहीं है, इसके साथ ही हमें युद्ध की तैयारियां पूरी करने की जरुरत है। उनका कहना है कि देश के दुश्मनों ने उत्तर कोरिया के साथ 'उन्मादी' सैन्य टकराव बढ़ा दिया है। किम ने यह टिप्पणी कोरियाई पीपुल्स आर्मी (केपीए) के बटालियन कमांडरों और राजनीतिक प्रशिक्षकों के चौथे सम्मेलन के दौरान की। केसीएनए ने रिपोर्ट दी कि उत्तर कोरिया के नेता ने 'एक उग्र नारा दिया है'।

# स्टडी: 'वर्क फ्रॉम होम' भारतीय कंपनियों के लिए 'फायदेमंद'

**एजेंसी, नई दिल्ली**



शीर्ष व्यापार चैंबर सीआईआई और फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एफएमएस) दिल्ली की एक स्टडी के अनुसार, कर्मचारियों के लिए 'वर्क फ्रॉम होम' की सुविधा अधिक संतुलित भौगोलिक विकास को बढ़ावा देने में मददगार हो सकती है।

स्टडी के अनुसार, अलग-अलग स्थानों से कर्मचारियों को काम पर रखने की क्षमता भारत के प्रमुख महानगरीय क्षेत्रों पर अलग-अलग तरह के दबावों को कम कर सकती है। घर से काम, लाभ और लागत, भारतीय संदर्भ में एक खोजपूर्ण अध्ययन शीर्षक वाली स्टडी में कहा गया कि कोविड ने कई ऑल्टरनेटिव सिस्टम को क्रिएट कर दिया है। घर से काम करना एम्प्लॉयमेंट इकोसिस्टम को बदलने वाला एक प्रमुख परिणाम है। उस समय से कई संगठनों ने रिमोट और हाइब्रिड वर्क कल्चर को अपनाया है। स्टडी में पाया गया कि नए मॉडल ने ऑफिस रेंटल की लागत में मध्यम बचत की है। इसी के साथ कंपनियों ने क्लाइंट के साथ मिलने और काम करने से जुड़ी लागत को लेकर भी कटौती दर्ज की है।

# अभ्यास मैच नहीं खेलने के भारत के फैसले पर हैरान वॉन




बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

**एजेंसी, सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने के भारत के फैसले से हैरान इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने आशंका जताई है कि मैच अभ्यास के बिना भारतीय टीम 'प्रतिस्पर्धी मानसिकता' के साथ कैसे खेलेगी। भारत ने पर्थ में 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले आस्ट्रेलिया की घरेलू टीम के खिलाफ कोई मैच नहीं खेलने का फैसला किया है, जबकि पिछले दो दौरों पर ऐसा नहीं हुआ था ।

वॉन ने कहा ,''मुझे समझ में नहीं आ रहा कि भारत जैसी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेलने से पहले 'इंट्रा स्क्वाड' (आपस में मुकाबला) मैच ही क्यो खेलना चाहती है। ऐसे में प्रतिस्पर्धी मानसिकता के साथ कैसे उतरेंगे। यह समय ही बताएगा।''

भारत ने अपनी 'ए ' टीम के साथ तीन दिवसीय 'इंट्रा स्क्वाड' मैच भी नहीं खेलने का फैसला किया है। वे पर्थ में वाका की मुख्य पिच पर अभ्यास पर फोकस कर रहे हैं।

भारतीय टीम प्रबंधन का मानना है कि वाका की मुख्य पिच पर उछाल पर्थ स्टेडियम की पिच जैसा है और इस पर अभ्यास करने से शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को फायदा होगा।

वॉन ने कहा ,''मैं हैरान हूं कि यह भारतीय टीम एक भी अभ्यास मैच नहीं खेलना चाहती। वाका की विच मुख्य पिच के जैसी है जिस पर समान उछाल है।' आस्ट्रेलिया ने भी पिछले साल भारत और इंग्लैंड के टेस्ट दौरों पर अभ्यास मैच नहीं खेले थे।

## सुनील गावस्कर को ऑस्ट्रेलिया में विराट कोहली के अच्छे प्रदर्शन का यकीन

**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर को यकीन है कि ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरों पर पर्थ और एडीलेड में बेहतरीन पारियां खेलने वाले चैंपियन बल्लेबाज विराट कोहली पांच टेस्ट मैचों की आगामी सीरीज में भी अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटेंगे। गावस्कर ने 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले कहा ,''न्यूजीलैंड के खिलाफ विराट रन नहीं बना सका था, लिहाजा वह रनों का भूखा होगा। पिछली बार एडीलेड टेस्ट में जब दूसरी पारी में पूरी भारतीय टीम 36 रन पर आउट हो गई थी, जहां तक मुझे याद है कोहली ने रन आउट होने से पहले पहली पारी में 70 से ज्यादा रन बनाए थे।''



उन्होंने कहा ,''इसके अलावा एडीलेड में तो उसने हमेशा रन बनाए हैं। पर्थ में 2018-19 में उसने बेहतरीन टेस्ट शतक जड़ा था। उसके सबसे शानदार टेस्ट शतकों में से एक। इन पारियों से उसमें अतिरिक्त आत्मविश्वास होगा। शुरुआत में किस्मत का साथ चाहिए और अगर उसे अच्छी शुरूआत मिल गई तो वह बड़ी पारियां खेलेगा।''

वहीं पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज विराट को आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदें डालने की कोशिश करेंगे।

## जूनियर एशिया कप हॉकी के लिए 20 सदस्यीय टीम घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

डिफेंडर आमिर अली मस्कट में 26 नवंबर से होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम के कप्तान होंगे। यह टूर्नामेंट अगले साल होने वाले जूनियर विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। भारत ने रिकॉर्ड चार बार टूर्नामेंट जीता (2004, 2008, 2015, 2023) है। उसने पाकिस्तान को पिछले साल 2-1 से हराकर खिताब जीता था।

इस साल टूर्नामेंट में दस टीमों को 5-5 के 2 पूल में बांटा गया है। भारत के साथ चीनी ताइपे, जापान, कोरिया और थाईलैंड पूल-ए में हैं जबकि बांग्लादेश, मलेशिया, चीन, ओमान और पाकिस्तान पूल-बी में हैं। भारत ने मेजबान होने के नाते एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए स्वत: क्वालीफाई कर लिया है।



आमिर अली

**गोलकीपर :** प्रिंसदीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह।
**डिफेंडर :** आमिर अली (कप्तान), टी प्रियब्रत, शारदानंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल इक्का, रोहित।
**मिडफील्डर :** अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोशन कुजूर, मुकेश टोप्पो, थोकचोम किंगसन सिंह।
**फॉरवर्ड :** गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल।

## स्पोर्ट्स विंडो

### आईपीएल नीलामी में हिस्सा लेने के लिए विटोरी पर्थ टेस्ट बीच में छोड़ देंगे

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच डेनियल विटोरी इस सप्ताह के आखिर में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की बड़ी नीलामी में भाग लेने के लिए यहां भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के बीच में ही अपना कार्यभार छोड़ देंगे। आईपीएल नीलामी 24-25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में होगी। पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर सीरीज का शुरुआती टेस्ट मैच 22 नवंबर से यहां के ऑप्टस मैदान पर शुरू होगा। विटोरी ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच होने के अलावा आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के मुख्य कोच भी हैं



### डग ब्रेसवेल पर कोकीन के सेवन के लिए एक महीने का प्रतिबंध लगा

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डग ब्रेसवेल को इस साल की शुरुआत में जांच में कोकीन के इस्तेमाल के लिए पॉजिटिव पाएजाने के बाद एक महीने का प्रतिबंध झेलना पड़ा है। प्रतिबंध का विवरण न्यूजीलैंड 'स्पोर्ट इंटीग्रिटी कमीशन' द्वारा सोमवार को पहली बार सार्वजनिक किया गया। न्यूजीलैंड के लिए 28 टेस्ट खेलने वाले इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को जनवरी में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट और वेलिंगटन के बीच घरेलू टी-20 मैच के बाद जांच में पॉजिटिव पाया गया था। उन्हें इस मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। ब्रेसवेल के उपचार कार्यतख्म पूरा करने की शर्त पर आयोग द्वारा लगाए गए शुरुआती तीन महीने के प्रतिबंध को घटाकर एक महीने कर दिया गया था। एक महीने का प्रतिबंध इस साल अप्रैल में लागू किया गया, जिसका मतलब यह है कि ब्रेसवेल अब क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं।



### खूबसूरती के मामले में कम नहीं अमेलिया केर

**नई दिल्ली ।** 23 साल की कम उम्र में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर ने धमाल मचाया है। अपने खेल से सुर्खियों में रहने वाली यह महिला क्रिकेटर खूबसूरती के मामले में भी कम नहीं है। सोशल मीडिया पर केर के लाखों फैंस है।




### डेविस कप के जरिए विदाई की तैयारी में जुटे राफेल नडाल

**मालागा (स्पेन)।** स्पेन के महान खिलाड़ी राफेल नदाल मंगलवार से यहां घरेलू दर्शकों के सामने होने वाले डेविस कप फाइनल्स के जरिये टेनिस से विदा लेने की तैयारी में हैं। 38 वर्ष के नडाल 20 साल से अधिक समय से खेल रहे हैं और टेनिस के 'बिग थ्री' में से रिटायर होने जा रहे दूसरे खिलाड़ी हैं। रोजर फैडरर ने 2022 में खेल से विदा ली थी, जबकि नोवाक जोकोविच अभी खेल रहे हैं। नदाल ने कहा ,'' यह कठिन फैसला है जिसे लेने में मुझे समय लगा, लेकिन जीवन में जो शुरू हुआ है, वह खत्म होना ही है। मुझे लगता है कि यह विदा लेने का सही समय है। मेरा कैरियर इतना लंबा और सफल रहा, जितना मैंने सोचा भी नहीं था।''



### पिकलबॉल संघ ने एनएसएफ दर्जे के लिए खेल मंत्रालय से की अपील

**मुंबई।** भारतीय पिकलबॉल संघ ने इस महीने की शुरूआत में पहली विश्व चैंपियनशिप की सफल मेजबानी के बाद खेल मंत्रालय से राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) का दर्जा दिये जाने की गुजारिश की है । अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ के प्रमुख अरविंद प्रभू ने कहा कि मंत्रालय को एनएसएफ के दर्जे के लिये सारे दस्तावेज जमा कर दिये गए हैं और उन्हें सकारात्मक जवाब की उम्मीद है । विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप यहां 12 से 17 नवंबर तक खेली गई थी जिसमें आस्ट्रेलिया, वियतनाम, ताइवान, पोलैंड और सिंगापुर जैसे देशों के करीब 650 खिलाड़ियों ने भाग लिया ।

# जापान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी

**एजेंसी, राजगीर**

आत्मविश्वास से ओतप्रोत अपराजेय भारतीय टीम मंगलवार को महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जापान के खिलाफ सही समय पर आक्रामकता और चाक चौबंद रक्षण की रणनीति के साथ उतरेगी। मौजूदा प्रदर्शन को देखें तो गत चैंपियन भारतीय टीम का पलड़ा भारी लग रहा है, जिसने आखिरी लीग मैच में जापान को 3-0 से हराया था।

दुनिया की 9वें नंबर की टीम भारत ने पांचों मैच जीते हैं जिसमें ओलंपिक रजत पदक विजेता और दुनिया की छठे नंबर की टीम चीन के खिलाफ 3-0 से मिली जीत शामिल है। छह टीमों के इस टूर्नामेंट में शीर्ष-4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंची है। दूसरे सेमीफाइनल में चीन का सामना मलेशिया से होगा।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

भारत की बैकलाइन उदिता, सुशीला चानू और वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने शानदार प्रदर्शन किया है। गोलकीपर सविता पूनिया और बिछू देवी खारीबम को अभी तक चुनौती नहीं मिल सकी है। भारतीय टीम ने पिछले कुछ मैचों में आक्रामकता की मिसाल पेश की है और सर्कल के भीतर फैसले लेने में भी माहिर साबित हुई है, जिससे कुछ दर्शनीय गोल किए गए। भारत को दीपिका के रूप में बेहतरीन स्ट्राइकर और ड्रैग फ्लिकर मिल गया है जो अब तक दस गोल कर चुकी है। इसमें पांच पेनल्टी कॉर्नर पर, एक पेनल्टी स्ट्रोक पर और चार फील्ड गोल हुए। कप्तान सलीमा टेटे ने मिडफील्ड में नेहा गोयल, नवनीत कौर और ब्यूटी डुंगडुंग के साथ कमान संभाल रखी है।



फाइल फोटो

कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि फोकस 'वन टू ' हॉकी पर है और इस पर काफी मेहनत हो रही है। उन्होंने कहा,'' हम वन टू हॉकी पर फोकस कर रहे है जो पहले नहीं था यानी पीछे से गेंद कोई भी लेकर आए लेकिन उसे एक खिलाड़ी को सर्कल के भीतर लेकर जाना है और वह कोई भी लेकर जा सकता है।''



### ग्रुप दौर में भारत

गत चैंपियन भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में मलेशिया को 4-0, कोरिया को 3-2, थाईलैंड को 13-0, पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 3-0 और जापान को 3-0 से हराया। दक्षिण कोरिया के अलावा किसी टीम से भारतीय डिफेंस और गोलकीपरों को चुनौती नहीं मिली।



"हमें पता है कि टीम की क्या कमजोरियां और ताकत है। हमारे लिए यह टूर्नामेंट अपनी ताकत पर काम करने और आक्रमण तथा रक्षण का संतुलन बनाकर खेलने को लेकर है। अभी तक रणनीति पर बखूबी अमल हुआ है लेकिन सेमीफाइनल की बात अलग होगी ।भारतीय टीम को आत्ममुग्धता से बचना होगा क्योंकि एक गलती भारी पड़ सकती है। हमें जापान से कड़ी चुनौती मिल सकती है क्योंकि अभ्यास मैच और पूल मैच अलग होते हैं।''

-हरेंद्र सिंह, भारत के मुख्य कोच

## आकिब जावेद चैंपियंस ट्रॉफी तक पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच बने

**लाहौर।** पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद चैंपियंस ट्रॉफी तक सीमित ओवर क्रिकेट में पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच बनने के साथ राष्ट्रीय चयन पैनल में भी अपनी भूमिका जारी रखेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसकी पुष्टि की।



बोर्ड ने कहा कि जावेद टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे, लेकिन पीसीबी इस दौरान दूसरे उम्मीदवार की तलाश जारी रखेंगा।

एक अधिकारी ने कहा, ''पीसीबी का लक्ष्य 19 फरवरी से नौ मार्च तक होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के अंत तक नये कोच की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा करने का होगा।'' जावेद के पास पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में लाहौर कलंदर्स के कोच का अनुभव है। वह हाल ही में श्रीलंका के तेज गेंदबाजी कोच भी थे। पाकिस्तान के सीमित ओवर प्रारूप के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन के इस्तीफा देने के बाद जावेद को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कर्स्टन के हटने के बाद टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पाकिस्तान के अंतरिम कोच की भूमिका निभाई।

## दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड को 3 विकेट से हराकर श्रीलंका ने जीती सीरीज

**एजेंसी, पाल्लेकल**

कुसल मेंडिस के नाबाद 74 रन की मदद से श्रीलंका ने वर्षाबाधित दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर छह गेंद बाकी रहते तीन विकेट से हराकर सीरीज में विजयी बढ़त बना ली। श्रीलंका के पास तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हो गई है।

तीसरा और आखिरी मैच मंगलवार को खेला जाएगा। श्रीलंका ने पहला वनडे दाम्बुला में डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 45 रन से जीता था।

श्रीलंका की इस साल अपनी धरती पर वनडे सीरीज में यह पांचवीं जीत है। उसने अफगानिस्तान, भारत और वेस्टइंडीज को हराया था। पिछले साल भारत में वनडे विश्व कप में 9वें स्थान पर रहने के बाद श्रीलंका अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका, लेकिन उसके बाद से सिर्फ एक वनडे सीरीज बांग्लादेश में गंवाई है।



मेंडिस ने पहले मैच में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 143 रन की पारी खेली थी। उनके 102 गेंद में 74 रन की मदद से श्रीलंका ने 46 ओवर में सात विकेट पर 210 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। बारिश के कारण मैच प्रति टीम 47 ओवर का कर दिया गया था । न्यूजीलैंड की टीम 45.1 ओवर में 209 रन पर आउट हो गई थी।

## सात्विक-चिराग बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर में करेंगे वापसी

**एजेंसी, शेनजेन ( चीन )**

पेरिस ओलंपिक की नाकामी को भुलाते हुए भारत की शीर्ष युगल टीम सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के जरिए वापसी करेगी। दुनिया की पूर्व नंबर-1 टीम सात्विक के कंधे की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक के बाद से प्रतिस्पर्धा से दूर है।




चाइना मास्टर्स

दोनों आर्कटिक ओपन, डेनमार्क ओपन और चाइना ओपन नहीं खेल सके थे। अगस्त में मथियास बो के जाने के बाद से दोनों के पास कोच भी नहीं है। पिछली बार उपविजेता रहे सात्विक और चिराग पहले दौर में चीनी ताइपे के यांग पो सुआन और ली झे हुइ से खेलेंगे।

वहीं पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन खराब फॉर्म से उबरकर जीत की राह पर लौटना चाहेंगे। अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद दोनों ने लंबा ब्रेक लिया था, लेकिन खोया फॉर्म हासिल नहीं कर सके। पेरिस ओलंपिक में सेमीफाइनल में हारने के बाद लक्ष्य आर्कटिक सुपर 500 और डेनमार्क ओपन में जल्दी हार गए। इसके बाद कुमामोतो मास्टर्स जापान में पहले ही दौर में बाहर हो गए। वह पहले दौर में मलेशिया के 7वीं वरीयता प्राप्त ली जि जिया से खेलेंगे।

**क्रिकेट** कंगारूओं ने मेहमान टीम को तीसरे ट्वेंटी-20 मुकाबले में 7 विकेट से दी एकतरफा मात

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान का किया सूपड़ा साफ

**एजेंसी, होबार्ट ( ऑस्ट्रेलिया )**

मार्कस स्टोइनिस की नाबाद 61 रन की तूफानी पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को यहां तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर 3-0 से उसका सूपड़ा साफ किया।

स्टोइनिस ने 27 गेंद की अपनी पारी में पांच छक्के और पांच चौके मारे जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 118 रन के लक्ष्य को 11.2 ओवर में तीन विकेट पर 118 रन बनाकर हासिल कर लिया।

पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों शाहीन शाह अफरीदी (43 रन पर एक विकेट) और हारिस राऊफ (बिना विकेट के 34 रन) ने एकतरफा मुकाबले में छह ओवर में 77 रन लुटाए। पाकिस्तान ने इससे पहले 56 रन पर अंतिम नौ विकेट गंवाए, जिससे टीम 18.1 ओवर में 117 रन पर सिमट गई। बाबर आजम (41) और हसीबुल्लाह खान (24) ही पाकिस्तान की ओर से 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा से प्रभावित सात ओवर का पहला मैच 29 रन से जीता था जबकि दूसरे मैच में स्पेंसर जॉनसन (26 रन पर पांच विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की बदौलत 13 रन से जीत दर्ज की थी।




पाकिस्तान की टीम एक समय 7वें ओवर में एक विकेट पर 61 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी। लेग स्पिनर एडम जंपा (11 रन पर दो विकेट) ने हसीबुल्लाह को शॉर्ट फाइन लेग पर कैच कराके पाकिस्तान के पतन की शुरुआत की। उन्होंने इसके बाद बाबर को बोल्ड किया।

बाबर इस दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय में विराट कोहली (4188 रन) को पीछे छोड़कर 126 मैच में 4192 रन के साथ दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज बन गए। उनसे अधिक रन सिर्फ भारत के रोहित शर्मा (159 मैच में 4231 रन) ने बनाए हैं। तेज गेंदबाज आरोन हार्डी (21 रन पर तीन विकेट) ने इसके बाद उस्मान खान (03) को नाथन एलिस के हाथों कैच कराया जबकि सलमान आगा (01) को पगबाधा किया।

पाकिस्तान ने अफरीदी की दो चौके और एक छक्के से 16 रन की पारी की बदौलत 100 रन के आंकड़े को पार किया। सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जॉनसन (24 रन पर दो विकेट) ने सूफियान मुकीम (01) को बोल्ड करके पाकिस्तान की पारी का अंत किया। ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पावर प्ले के भीतर ही सलामी बल्लेबाजों जैक फ्रेजर मैकगर्क (18) और मैथ्यू शॉर्ट (02) के विकेट गंवा दिए जिसके बाद कप्तान जोश इंग्लिस (27) और स्टोइनिस ने तीसरे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला।

अब्बास अफरीदी ने 10वें ओवर में इंग्लिस को पवेलियन भेजा जिसके बाद स्टोइनिस ने अफरीदी पर तीन छक्के और एक चौके से ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की।

पाकिस्तान ने एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीती थी लेकिन टी-20 में टीम लगातार जूझती रही।

## खो-खो विश्व कप को मिला आईओए का समर्थन

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अगले साल 13 से 19 जनवरी तक यहां आयोजित होने वाले पहले खो-खो विश्व कप के लिए सोमवार को भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) के साथ अपनी साझेदारी की पुष्टि की।

आईओए ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए अपना 'पूरा समर्थन' देने का वादा किया है।

केकेएफआई प्रमुख सुधांशु मित्तल को भेजे गए बयान में आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने खो खो जैसे स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने के लिए महासंघ की मजबूत प्रतिबद्धता व्यक्त की।

उषा ने कहा, ''हम अपनी सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने में इस आयोजन के महत्व को पहचानते हैं। हम टूर्नामेंट की सफलता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय खो खो महासंघ के साथ सहयोग करने के लिए तत्पर हैं।''

उन्होंने कहा, ''एक साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य इस आयोजन को यादगार और प्रभावशाली बनाना है, प्रतिभागियों के बीच खेल भावना को प्रोत्साहित करना और दुनिया भर में खो खो की लोकप्रियता को बढ़ावा देना है।''